राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 302
लखनऊ, मंगलवार 24 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





श्यामा प्रसाद के सपने साकार होने में लगे 65 साल : सीएम योगी 03

इण्टरलॉकिंग व सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता 04


## संक्षिप्त समाचार

### लालू ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वर्तमान अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सोमवार को परिवार के साथ राजद ऑफिस पहुंचे, और राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन किया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अध्यक्ष पद के लिए औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया। राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव समेत पूरा लालू परिवार मौजूद रहा। पटना स्थित राजद कार्यालय में नामांकन के लिए भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता भी जुटे हुए थे। कार्यालय के बाहर और भीतर लालू जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा। लालू के खिलाफ अब तक किसी और ने नामांकन नहीं दाखिल किया है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि वे एक बार फिर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि लालू यादव ही अगले अध्यक्ष होंगे।

### यमुनोत्री मार्ग पर चट्टान खिसकने से बच्ची की मौत, श्रद्धालु लापता

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के निकट सोमवार को अचानक चट्टान खिसकने से एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक अन्य श्रद्धालु के लापता होने की सूचना है। घटना में घायल एक व्यक्ति को जानकी चट्टी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं, हालांकि लगातार बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन को फिलहाल रोकना पड़ा है। मौके पर तैनात एसडीआरएफ ने महाराष्ट्र निवासी रशिक श्रद्धालु को सुरक्षित निकाल कर अस्पताल भेजा, जबकि एक बच्ची का शव बरामद किया गया है।बड़कोट के पालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल ने कहा कि यह पूरा क्षेत्र संवेदनशील है, यहां पूरी यमुना घाटी में आपदा से यात्रियों को सुरक्षित करने की जरुरत है।

### उपचुनाव : आप को दो, भाजपा कांग्रेस, तृणमूल को एक-एक सीट

**नयी दिल्ली।** विभिन्न राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के उप चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) दो सीटें बरकरार रखने में सफल रही जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने एक-एक सीट जीती है। चार राज्यों में 19 जून को हुए मतदान की सोमवार को हुई मतगणना में आप ने अपने शासन वाले पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट पर अपना कब्जा बनाए रखा। इसके साथ ही पार्टी ने गुजरात की विसावदर सीट पर सत्तारूढ भाजपा के विरुद्ध जीत दर्ज कर इस सीट को भी बरकरार रखा है।

### वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर भूस्खलन, बैटरी कार सेवा स्थगित

**जम्मू।** जम्मू संभाग के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भारी भूस्खलन हुआ, जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई घायल नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा को पुराने मार्ग पर मोड़ दिया गया है और बिना किसी व्यवधान के यात्रा जारी है। अफसरों ने बताया कि हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के पास भूस्खलन उस समय हुआ जब तीर्थयात्रियों की आवाजाही नहीं हो रही थी। उन्होंने बताया कि मंदिर बोर्ड ने तुरंत अपने कर्मियों और मशीनों को 30 फीट से अधिक क्षेत्र में फैले मलबे को साफ करने के लिए लगाया है।

# अगले पांच दिनों तक होगी भारी बारिश

## देशभर में मानसून ने पकड़ा जोर, कई जगहों पर भारी तो कहीं अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी

**उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार**

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून ने जोर पकड़ लिया है। कई हिस्सों में हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। मौसम विभाग ने 23 से 27 जून तक के लिए सम्पूर्ण भारत के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें कई जगहों पर भारी तो कहीं अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 25 जून के बाद से उत्तर-पश्चिम भारत में वर्षा की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं।

वहीं, 23 और 24 जून को पश्चिम मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश यानी 20 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है। मध्य और पूर्वी भारत की बात करें तो 23 से 27 जून के बीच मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के अधिकांश हिस्सों में तेज़ बारिश की संभावना जताई गई है। बिहार में 23 और 24 जून को, ओडिशा में 25 और 26 को, जबकि झारखंड में 26 जून को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही विदर्भ में 25 और 26 जून को बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस पूरे क्षेत्र में गरज, बिजली और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका भी जताई गई है।

पश्चिम भारत में भी मानसून ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। 23 से 29 जून के बीच कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात और मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

कोंकण और गोवा में 23 और 24 जून को बहुत भारी बारिश हो सकती है, जबकि गुजरात राज्य में भी 23 जून को तीव्र वर्षा की चेतावनी दी गई है। पूर्वोत्तर भारत में मानसून की सक्रियता बनी हुई है। 23 जून को असम, मेघालय और नगालैंड में भारी बारिश हो सकती है। अरुणाचल प्रदेश में 23 और 24 जून को तेज़ वर्षा की चेतावनी है।



### बारिश का कहर, कई जिलों में रेड अलर्ट

**जयपुर।** दक्षिण पश्चिम मानूसन की सक्रियता के चलते राजस्थान के अधिकतर इलाकों में बारिश हो रही है और मौसम विभाग ने सोमवार को कई जगह भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। राजधानी जयपुर सहित अनेक इलाकों में सोमवार की सुबह से रुक रुक कर बारिश हो रही है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, 23-24 जून को पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी या अतिभारी बारिश होने की चेतावनी है। आज यानी सोमवार को कोटा, भरतपुर व जयपुर संभाग में एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश हो सकती है।

### दिल्ली-एनसीआर में येलो अलर्ट जारी

**अगले सात दिन तक राहत भरा रहेगा, तापमान में रहेगी गिरावट**

**नोएडा।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में आने वाले एक हफ्ते तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, लेकिन मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। एक तरफमौसम सुहाना रहेगा तो दूसरी तरफ तेज हवा और बारिश से लोगों का सामना हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक 23 जून से लेकर 29 जून तक पूरे हफ्ते मौसम सुहाना बना रहेगा। तापमान में गिरावट के साथ-साथ लगातार बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई गई है। खास बात यह है कि मौसम विभाग ने 23, 24 और 25 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार 23 जून को आसमान आमतौर पर बादलों से घिरा रहेगा। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। शाम और रात के समय हल्की से मध्यम बारिश, गरज और बिजली के साथ तेज हवाएं (30-40 किमीध्घंटा) चलने की चेतावनी दी गई है।

# यूपी में प्रशासनिक फेरबदल, 127 पीसीएस अफसरों का तबादला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। योगी सरकार ने रविवार की देर रात 127 कनिष्ठ पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए है। उप जिलाधिकारी स्तर के अधिकारियों के तबादले की मशक्कत एक माह से चल रही थी। उप जिलाधिकारियों को एक स्थान पर तैनाती के 3 साल पूरे हो गए थे। सीतापुर के एसडीएम कुमार चंद्रबाबू का बदायूं ट्रांसफर कर दिया गया है। सहारनपुर की एसडीएम संगीता राघव को विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण बनाया गया है।

मथुरा की उपजिलाधिकारी श्वेता को सहायक निदेशक उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी बनाया गया है। लखनऊ मेट्रो के विशेष कार्याधिकारी अजय आनंद वर्मा को औरैया का एसडीएम बनाया गया है। एलडीए के विशेष कार्याधिकारी शशि भूषण पाठक को अमरोहा का एसडीएम बनाया गया है। जितेन्द्र कुमार को एसडीएम, महराजगंज, आशुतोष कुमार को एसडीएम रामपुर, राहुल को एसडीएम मुजफ्फरनगर, अजय कुमार उपाध्याय को एसडीएम जौनपुर बनाया गया है।

कडेदीन को एसडीएम हमीरपुर, सौरभ कुमार पांडेय को एसडीएम संभल, सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी को एसडीएम कासगंज, राजेश कुमार को एसडीएम बदायूं, संजय को एसडीएम आजमगढ़, त्र्नोंद जोशी को एसडीएम गाजीपुर, राजेश कुमार को कन्नौज, कुमार चन्द्र बाबू को एसडीएम बदायूं, देवंद्र कुमार पाण्डेय को एसडीएम बलिया संजय कुमार यादव को एसडीएम ललितपुर, रमेश बाबू को एसडीएम मऊ, राजेन्द्र बहादुर को एसडीएम इटावा, मलखान सिंह को एसडीएम गोरखपुर, अजय आनन्द को एसडीएम औरैया, राजेश चन्द्र को एसडीएम गाजीपुर, देश दीपक को एसडीएम कानपुर देहात, कौशल कुमार को एसडीएम अयोध्या बनाया गया है।

## त्रिपुरा बना देश में तीसरा पूर्ण साक्षर प्रदेश

**अगरतला ।** त्रिपुरा गोवा और मिजोरम के बाद देश का तीसरा पूर्ण साक्षर प्रदेश बन गया है। राज्य की साक्षरता दर एक दशक से अधिक समय से 90 प्रतिशत से अधिक थी, लेकिन कुछ मापदंडों में पिछड़ रही थी, जिसे अब हासिल कर लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने सोमवार को एक समारोह में यह घोषणा की। श्री साह के पास शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार भी है। उन्होंने केंद्र सरकार के अधिकारियों की उपस्थिति में, देश में सार्वभौमिक शिक्षा के क्षेत्र में एक नए मानक की उपलब्धि की घोषणा की। डॉ. साहा ने कहा कि आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार त्रिपुरा की साक्षरता दर 93.7 प्रतिशत थी। हालांकि उल्लास अभियान की हालिया सफलताओं के साथ यह आंकड़ा अब बढ़कर 95.6 प्रतिशत हो गया है।

## फिर ट्रेन पलटाने की साजिश, लोहे की होर्डिंग से टकराई हमसफर एक्सप्रेस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के मल्हौर रेलवे स्टेशन के पास एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन लोहे की एक होर्डिंग टकरा गई। जो एक बड़े हादसे का रूप ले सकता था, लेकिन लोको पायलट की सूझबूझ से हादसा टल गया। इसके बाद उसने इसकी सूचना रेलवे पुलिस की दी। फिर उसे ट्रैक से हटाया गया और आगे के लिए गाड़ी ने प्रस्थान किया।

बता दें कि आनंद विहार टर्मिनल-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस (12572) लखनऊ में दिलकुशा और मल्हौर के बीच रेलवे ट्रैक पर जानबूझकर लगाई गई लोहे की ग्रिल से टकरा गई। यह दिल्ली के आनंद विहार से गोरखपुर जा रही थी। घटना



रविवार सुबह करीबन 3 बजे की है। हालांकि ट्रेन के ड्राइवर ने पटरी पर लोहे की ग्रिल को देख लिया और ट्रेन की स्पीड कम कर दी। जिससे ट्रेन पटरी से उतरने से बच गया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। रेलवे पुलिस ने इस मामले में गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कर दी है और इस साजिश की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस घटना के बारे में पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

### पहलगाम आतंकियों के दो मददगार पांच दिन की रिमांड पर एनआईए के हवाले

**जम्मू।** पहलगाम आतंकवादी हमले के दो मददगारों को पांच दिन के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हवाले कर दिया गया है। इन्हें सोमवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार दुबे की अदालत में पेश करके एनआईए पांच दिन की रिमांड मांगी थी, जिस पर कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर ली। इन्हें पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने पहलगाम के बटकोट से परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क से बशीर अहमद जोथर को रविवार को गिरफ्तार किया था।पहलगाम के बैसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और 16 अन्य घायल हो गए थे।

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी, ग्रुप-ए में झांसी के शुभ, ग्रुप-बी में अनुज प्रताप रहे टॉपर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यूपी-जेई)- 2025 का परीक्षा परिणाम आज जारी हो गया। रिजल्ट परिषद की वेबसाइट पर जारी किया गया है।

परिषद के सचिव संजीव सिंह ने बताया कि परीक्षा परिणाम में ग्रुप ए में झांसी के शुभ दीक्षित और ग्रुप बी में संत रविदास नगर के अनुज प्रताप पहले स्थान पर रहे हैं। ग्रुप सी में जौनपुर के दशरथ यादव, ग्रुप डी में अयोध्या के आशीष तिवारी, ग्रुप ई में आगरा के तेजवीर सिंह, ग्रुप एफ में गोरखपुर की अंजली शर्मा, ग्रुप जी में बस्ती के हर्ष श्रीवास्तव, ग्रुप एच में आजमगढ़ के सत्यपाल पाण्डेय,



ग्रुप आई में गाजीपुर के अभिनव चौहान और ग्रुप के-1 में बलिया के शैलेश कुमार चौहान प्रथम रहे हैं। ग्रुप के-2 में बिहार के जय प्रताप, ग्रुप के-3 में कन्नौज के अक्षय कुमार, ग्रुप के-4 में बलिया के सोनू कुमार वर्मा, ग्रुप के-5 में देवरिया के अतीक मंसूरी, ग्रुप के-6 में वाराणसी की अवंतिका, ग्रुप के-8 में गाजीपुर के हिमांशु कुमार और ग्रुप एल में अलीगढ़ के आशीष जाधव ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

### 27 जून से 14 अगस्त तक पांच चरणों में होगी काउंसिलिंग

परिषद द्वारा ये परीक्षा 5 जून से 13 जून, 2025 के बीच कराई गई थी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा कुल 19 ग्रुपों में कराई गई थी। कुल 4 लाख 25 लाख 993 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसके सापेक्ष प्रवेश परीक्षा में 3 लाख 31 हजार 193 अभ्यर्थी शामिल हुए। जिनमें 3 लाख 31 हजार 174 अभ्यर्थी काउंसिलिंग के लिए पहुंचे। काउंसिलिंग 27 जून से 14 अगस्त, तक कुल पांच चरणों में होगी। मुख्य व विशेष दोनों चरण सम्मिलित हैं। राजकीय, अनुदानित, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप एवं निजी क्षेत्र की पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित एक, दो और तीन वर्षीय इंजीनियरिंग, फार्मेसी और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग होगी।

## एमपी-एमएलए कोर्ट में पांचवीं बार हाजिर नहीं हुए राहुल गांधी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सेना पर कथित टिप्पणी को लेकर दायर कंप्लेंट केस में सोमवार को भी लखनऊ स्थित एसीजेएम-3 एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश नहीं हुए। यह उनकी लगातार पांचवीं गैरहाजिरी है। इस मामले में वादी उदय शंकर श्रीवास्तव द्वारा वर्ष 2023 में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें सेना के अपमान का आरोप लगाया गया है।

कोर्ट ने 11 फरवरी 2025 को राहुल गांधी के खिलाफसमन जारी किया था, जिसे चुनौती देने के लिए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में आवेदन किया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट की



लखनऊ खंडपीठ ने 29 जून 2025 को दिए अपने विस्तृत आदेश में राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को कानून सम्मत ठहराया। इसके बाद भी 4 जून 2025 और अब 23 जून 2025 को भी राहुल गांधी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता प्रांशू अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने का हवाला देते हुए आज ट्रायल कोर्ट में बहस की।

### शाहजहांपुर में चार लाख 61 हजार के नकली नोट बरामद, तीन गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले तीन सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 लाख 61 हजार के नकली नोट, एक कार, एक मोटरसाइकिल, लेमिनेशन मशीन, लैपटॉप, प्रिंटर, कागज आदि सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना चौक कोतवाली पुलिस ने सोमवार को मुरादाबाद निवासी नफीस, उत्तराखण्ड के जनपद उधम सिंह नगर निवासी पंकज गंगवार व जनपद शाहजहांपुर निवासी निखिल मिश्रा को नेशनल हाइवे से उमरगंज जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गैंग का सरगना डॉ. नफीस है जिसने रामपुर निवासी जाकिर से नकली नोट छापना सीखा था।

## सेना ने दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए खरीदे 450 नागास्त्र आत्मघाती ड्रोन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ?450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर देकर अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ा रही है।

जीपीएस से लैस इन स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता, उच्च ऊंचाई पर संचालन और दिन-रात निगरानी की सुविधा है। दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया यह हथियार देश के सैन्य ढांचे को और मजबूत करेगा। इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया है। आने वाले



लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का हुआ इस्तेमाल

समय में ऐसे और भी अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार सेना को मिल सकते हैं। नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित अत्याधुनिक लोइटरिंग म्यूनिशन नागास्त्र-1आर की पहली खेप हासिल करने के बाद भारतीय सेना ने उपयोग किया है। इस हथियार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अब सेना ने अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाने, अपनी पैदल सेना को आधुनिक बनाने के लिए 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर दिया है।

यह एक किफायती सिस्टम है, जिसमें लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली खूबियां हैं। इस सिस्टम में 360 डिग्री का जिम्बल कैमरा लगा है और रात में ऑपरेशन करने के लिए थर्मल कैमरा लगाने का विकल्प भी है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है।

### सुप्रीम कोर्ट ने हनी बाबू की याचिका पर तत्काल सुनवाई से किया इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भीमा कोरेगांव मामले में आरोपी दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर हनी बाबू की याचिका पर सोमवार को तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया, लेकिन ग्रीष्मावकाश (12 जुलाई ) के बाद मामले को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्ति की। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन के सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के विशेष उल्लेख के दौरान मामले में शीघ्र सुनवाई के अनुरोध के बाद छुट्टियों के सीमित कार्य दिवसों का जिक्र और उनके आवेदन पर विचार करने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही पीठ ने निर्देश दिया कि गर्मी की छुट्टियों के बाद अदालत खुलने पर मामले को सूचीबद्ध किया जाए।

**आगाज**

**अखिलेश यादव ने डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित**

# देश की राजनीति बदलने वाला होगा 2027 का चुनाव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 का विधानसभा चुनाव देश की राजनीति को बदलने वाला साबित होगा। चुनावों में भाजपा की धांधली रोकना होगा। भाजपा की साजिशों से सावधान रहना होगा। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाकर भाजपा का सफाया करना होगा।

अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी



संख्या में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उनके सम्बोधन के पूर्व स्टैण्डअप कॉमेडियन राजीव निगम की बहुत हुआ सम्मान कमेडी को सराहा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की रणनीति से भाजपा को हराने का काम करेगी। भाजपा सरकार पीडीए के साथ अन्याय, अत्याचार कर रही है। भाजपा पीडीए विरोधी है। पीडीए का आरक्षण और हक छीन रही है। पीडीए एक भावनात्मक गठबंधन है। उन्होंने कहा कि भाजपा षडयंत्रकारी पार्टी है। समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सावधानी के साथ बूथ को मजबूत करने और वोटर लिस्ट को ठीक कराने का काम करें।

### प्रदेश में ऐसा भ्रष्टाचार व लूट कभी किसी सरकार में नहीं हुआ

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, लूट, अराजकता चरम पर है। इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार है। प्रदेश में ऐसा भ्रष्टाचार और लूट कभी किसी सरकार में नहीं हुई। ट्रांसफर पोस्टिंग में जमकर उगाही चल रही है। भ्रष्टाचार के पैसे के बंटवारे के लिए मंत्री, अधिकारी से लेकर हर स्तर पर लड़ाई चल रही है। जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया है। अयोध्या में जनता ने भाजपा को हराकर उसकी साम्प्रदायिक राजनीति का अंत कर दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा का सफाया करने जा रही है।

वोटर लिस्ट में नये वोटरों और छूटे वोटरों का नाम जुड़वाना है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव, शिव पाल सिंह यादव, सांसद धर्मेन्द्र यादव, सांसद जावेद अली, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, विधायक नबाव इकबाल महमूद, रविदास मेहरोत्रा, संग्राम सिंह, आशु मलिक, पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी, योगेश प्रताप सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप, रीबू श्रीवास्तव, फाखिर सिद्दीकी समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति को नहीं मिली जमानत

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की कोर्ट ने हिरासत अवधि 14 दिन और बढ़ा दी है। सोमवार को पूर्व की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद ज्योति मल्होत्रा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने ज्योति की हिरासत अवधि 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब इस मामले की सुनवाई 7 जुलाई को होगी है। दरअसल, पुलिस ने जासूसी के आरोप में 16 मई को ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया था। ज्योति 9 दिन तक पुलिस रिमांड पर रही और उसके बाद वह लगातार न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट उसकी जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है।

## भाजपा विधायक पारीछा व पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने झांसी के बबीना से विधायक राजीव पारीछा और मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा को अलग-अलग कारणों से अनुशासनहीनता के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों नेताओं को सात दिवस के अन्दर भाजपा प्रदेश कार्यालय को अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से भाजपा विधायक राजीव पारीछा द्वारा ट्रेन में किये गये आचरण की जानकारी प्रदेश कार्यालय पहुंची। पार्टी ने पत्र ?जारी कर कहा कि आपके इस आचरण से पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है जो कि अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इसके अलावा मथुरा की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मधु शर्मा के बारे में जिला संगठन की ओर से प्राप्त शिकायत एवं मीडिया में इनके द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लिए दिए गये वक्तव्य की जानकारी पार्टी को प्राप्त हुई। इससे पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि सात दिन के अंदर पार्टी कार्यालय को संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी की ओर से कठोरतम कार्रवाई की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### कूलर खरीद कर भुगतान न करने का आरोप, व्यापारी ने की शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर के मोहम्मदी रोड स्थित लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर पवन वर्मा ने नायब तहसीलदार भानु प्रताप पर बिना भुगतान कूलर लेने का आरोप लगाया है। व्यापारी का कहना है कि गर्मी की शुरुआत में अधिकारी ने रौब दिखाकर कूलर ले लिया, लेकिन महीनों बीतने के बावजूद न तो भुगतान किया गया और न ही फोन उठाया जा रहा है। पीड़ित ने थक-हारकर सीएम पोर्टल पर शिकायत की है और कूलर के पूर्ण भुगतान की मांग की है। एसडीएम विनोद कुमार ने कहा है कि अगर पीड़ित उनके पास शिकायत लेकर आता है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश, फेसबुक पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के बांकेगंज चौकी अंतर्गत सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में तनाव फैल गया है। वीडियो में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से भगवान श्रीराम की प्रतिमा गिराते हुए दिखाया गया है। आरोपी युवक की पहचान बांकेगंज निवासी अरविंद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज बांकेगंज ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है और कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### चारपहिया वाहन ने स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर, महिला की दर्दनाक मौत



**उचौलिया (खीरी)।** सोमवार को उचौलिया कस्बे में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और डेढ़ वर्षीय पुत्र घायल हो गए। यह हादसा भारत पेट्रोल पंप के सामने हुआ जब पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, रतनपुर गांव निवासी वासुदेव गुप्ता अपनी पत्नी प्रियंका गुप्ता और डेढ़ वर्षीय बेटे प्रियांशु के साथ स्कूटी पर सवार होकर शाहजहांपुर दवा लेने जा रहे थे। जैसे ही वे उचौलिया कस्बे में भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, पीछे से तेज गति में आ रही हुंडई कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों लोग उछलकर सड़क पर गिर पड़े, जिसमें प्रियंका गुप्ता के सिर में गंभीर चोट आ गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत उचौलिया के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन महिला की हालत गंभीर देखते हुए परिजन उसे शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। प्रियंका गुप्ता अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। एक बेटा प्रियांशु (डेढ़ वर्ष) और एक बेटी (3.5 वर्ष)। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, चालक की तलाश की जा रही है।

### गोगावा में आम के पेड़ से लटका मिला शव, गांव में सनसनी, पुलिस कर रही जांच



**बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोगावा में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के बाहर एक आम के पेड़ पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव लटका मिला। मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामू पुत्र मैकू लाल निवासी मूड़ा खुर्द के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 20 वर्षों से गोगावा ग्राम पंचायत में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर थाना प्रभारी भीरा व बिजुआ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया। मृतक के बेटे अमरजीत ने बताया कि उनके पिता गोगावा में ही लंबे समय से रह रहे थे और किसी प्रकार की पारिवारिक कलह या मानसिक तनाव की कोई जानकारी उन्हें नहीं है। चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। गांव में अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत और शोक का माहौल है।

### आईटीआई कॉलेज में छात्राओं से अवैध वसूली का आरोप, एसडीएम ने की जांच



**निघासन खीरी।** निघासन क्षेत्र के नौरंगाबाद गांव स्थित राजकीय आईटीआई कॉलेज में छात्राओं से अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। फैशन डिजाइनर ट्रेड की छात्राओं ने आरोप लगाया है कि प्रैक्टिकल फीस के नाम पर उनसे 2500-2500 रुपये की वसूली की गई। विरोध करने पर उन्हें फेल करने और नाम काटने की धमकी दी गई। मामले की शिकायत एसडीएम से की गई, जिन्होंने कॉलेज पहुंचकर जांच की और छात्राओं व स्टाफ के बयान दर्ज किए। सिंगाही थाना क्षेत्र के इच्छानगर गांव की रहने वाली छात्राएं संजना राज और वर्षा राज ने बताया कि कॉलेज के अनुदेशक हरिशंकर सिंह और अंशिका ने करीब 500 छात्र-छात्राओं से अवैध रूप से पैसे लिए हैं। जब उन्होंने विरोध किया तो उन्हें फेल करने और स्कूल से नाम काटने की धमकी दी गई। संजना ने बताया कि उन्होंने लोन की किश्त के लिए जोड़े गए 2700 रुपये कॉलेज में जमा कर दिए थे, क्योंकि उन्हें डराया गया था। छात्रा संजना राज ने बताया कि उन्होंने एक ऑडियो भी रिकॉर्ड किया है, जिसमें 2500 रुपये जमा करने की बात कही जा रही है। ऑडियो में नंबर कम करने और नाम काटने की धमकी भी सुनाई दे रही है। छात्रा का कहना है कि टीचर ने कहा कि कॉलेज न आने पर भी फर्जी हाजिरी लगाई जाती है और एग्जामिनर को पैसे देने पड़ते हैं। छात्रा सरोजनी ने भी इसी तरह की वसूली के आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, कॉलेज में कुल 12 ट्रेड संचालित हैं और 500 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं कॉलेज में लंबे समय से बिजली कनेक्शन कटा हुआ है, जिससे पंखों व लाइट की सुविधा नहीं है। कॉलेज में कार्यरत ट्रेनरों की भी भारी कमी है। एसडीएम राजीव निगम ने कॉलेज पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने छात्राओं और संबंधित स्टाफ से लिखित बयान दर्ज किए। प्रिंसिपल शोभित गंगवार मौके पर मौजूद नहीं मिले। कॉलेज के गार्ड ने बताया कि वे अक्सर कॉलेज नहीं आते हैं। जब प्रिंसिपल से बात की गई तो उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए। हम जांच करेंगे। कुछ छात्र-छात्राएं जो कॉलेज नहीं आते हैं, वे दबाव बनाने के लिए इस तरह के आरोप लगाते हैं। कॉलेज में ट्रेनिंग स्टाफ की भारी कमी है और बिजली कनेक्शन भी महीनों से कटा है। वहीं, अनुदेशक हरिशंकर सिंह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि कोई वसूली नहीं की गई, छात्राएं नियमित कॉलेज नहीं आ रही थीं, इसलिए डांटा गया था।

### चकमार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद, एसडीएम से शिकायत



**प्रधान प्रतिनिधि बोले- संगठन विशेष से जुड़े होने के कारण कार्रवाई से कतरा रहा प्रशासन**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील के ब्लॉक बिजुआ अंतर्गत ग्राम पंचायत रहीमनगर ग्रांट के ग्राम बक्शीपुर में चकमार्ग पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जहां एक ओर ग्रामीण कब्जा हटाने की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम बक्शीपुर के चकमार्ग (गाटा संख्या 156) पर दिलबाग सिंह पुत्र बलविंदर सिंह द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कब्जे के चलते गांववासियों का खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। गांव के प्रधान प्रतिनिधि पंकज ने कहा कि चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर ग्रामीणों के आवागमन में बाधा पहुंचाई जा रही है। प्रशासन पर राजनीतिक और संगठन विशेष के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इसी वजह से कार्रवाई नहीं हो रही। ग्रामीण मुरलीधर, बंधलाल, जीवन, बंसीलाल, सिवकुमार व अजय समेत दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे धरना-प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इसके अलावा ग्रामीणों ने गाटा संख्या 104 ख पर बलविंदर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह और दिलशाद सिंह पुत्र बलविंदर सिंह द्वारा किए गए अवैध कब्जे का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**दूसरे पक्ष का पक्ष:** इस मामले में स्वयं पर लगे आरोप को लेकर दिलबाग सिंह ने बताया कि जिस गाटा संख्या 156 की बात की जा रही है, उस पर न्यायालय से स्थगन आदेश मिल चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रधान से मेरे पूर्व में कुछ व्यक्तिगत विवाद रहे हैं, जिसके चलते मुझ पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं।

**प्रशासन का पक्ष:** एसडीएम गोला विनोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शिव मंदिर परिसर में करंट लगने से श्रद्धालु की मौत

- पूजन सामग्री धोते समय पानी की टंकी के पास हुआ हादसा, जांच में जुटे प्रशासनिक अधिकारी





**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के प्रसिद्ध पौराणिक शिव मंदिर में सोमवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसे ने श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया। मंदिर परिसर में पूजन के पात्र साफ करते समय करंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय श्रद्धालु हरपाल गौतम की मौत हो गई। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई।

लाल्हापुर गांव के निवासी हरपाल गौतम रोजाना की भांति सुबह मंदिर पहुंचकर पूजा की तैयारियों में जुटे हुए थे। इसी दौरान जब वे पानी की टंकी के पास बर्तन साफ कर रहे थे, तभी उन्हें बिजली का करंट लग गया। बताया जा रहा है कि हरपाल करीब 15 मिनट तक करंट की चपेट में रहे। एक महिला श्रद्धालु की नजर जब उन पर पड़ी तो उन्होंने बचाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें भी झटका महसूस हुआ। अन्य श्रद्धालुओं की मदद से हरपाल को किसी तरह करंट से अलग किया गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर समिति के पदाधिकारी, स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि सहित सभी सदस्यों ने हरपाल की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

**बिजली विभाग और पुलिस ने शुरू की जांच:** बिजली विभाग के एसडीओ मनोस निलांछ ने बताया कि घटनास्थल की जांच की गई है और पानी की टंकियों में करंट होने की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**श्रद्धा, सेवा और अब शोक, हरपाल की कहानी- तीन दशक तक मंदिर सेवा में बिताए, बच्चों का भविष्य अधर में:** हरपाल गौतम का जीवन भले ही सामान्य था, लेकिन श्रद्धा और सेवा की भावना से ओतप्रोत था। छोटी काशी के इस पौराणिक शिव मंदिर से उनका रिश्ता कोई आज का नहीं था। करीब 30 वर्षों से हर सुबह मंदिर में सबसे पहले पहुंचना, सफाई करना, पूजन की व्यवस्था करना और श्रद्धालुओं की सहायता करना उनकी दिनचर्या थी। गांव में उन्हें मंदिर वाला हरपाल नाम से जाना जाता था। अपने व्यवहार और सेवा से उन्होंने समाज में एक विशेष स्थान बना लिया था।

**तीन दशक से कर रहे थे मंदिर में सेवा:** हरपाल मंदिर में लगभग 30 वर्षों से सेवा कार्य कर रहे थे। वे ग्राम पंचायत लाल्हापुर में कोतवाली के अंतर्गत चौकीदार के पद पर तैनात थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, कुछ वर्ष पहले उन्होंने दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी की मृत्यु के बाद उनके दो छोटे बच्चे हैं- जिनमें एक पुत्र तीन वर्ष का और दूसरा चार वर्ष का है। सोमवार की सुबह उनका यह सेवामय जीवन एक दर्दनाक हादसे में समाप्त हो गया। मंदिर परिसर में ही उनकी मौत ने न केवल परिवार को, बल्कि पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। अब सवाल उठता है कि क्या मंदिर परिसर की विद्युत व्यवस्था में लापरवाही हुई? क्या वाटर कूलर से करंट रिसाव हुआ? यह सब जांच का विषय है, लेकिन हरपाल के दो मासूम बच्चों और पत्नी के भविष्य को लेकर समाज और प्रशासन पर जिम्मेदारी बढ़ गई है।

## बाघ के हमले में घायल हुआ 12 साल का मासूम, खेत में घास लेने गया था, चीख-सुनकर भागा बाघ



**बांकेगंज खीरी।** खीरी जनपद में मानव-वन्यजीव संघर्ष का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला थाना मैलानी क्षेत्र के कुकरा गांव का है, जहां खेत में घास लेने गए एक 12 वर्षीय मासूम पर बाघ ने हमला कर दिया। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों ने शोर मचाकर बच्चे की जान बचा ली, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। कुकरा गांव निवासी प्रदीप कुमार (12) पुत्र मोहनलाल सोमवार सुबह गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर खेत में घास काटने गया था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से प्रदीप बुरी तरह जख्मी हो गया और बचने के लिए जोर-जोर से चीखने लगा। खेत के पास से गुजर रहे राहगीरों ने जब बच्चे की चीख-पुकार सुनी तो उन्होंने तुरंत शोर मचाया। इंसानी आवाज सुनकर बाघ झाड़ियों की ओर भाग निकला। ग्रामीणों की मदद से बच्चे को तत्काल बांकेगंज सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल प्रदीप का इलाज जिला मुख्यालय पर चल रहा है।

वन दरोगा अफजल खान ने बताया कि मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची बाघ होने की पुष्टि की गई है साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

**ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग पर उठे सवाल:** घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा है कि क्षेत्र में लगातार बाघों की आवाजाही हो रही है, लेकिन वन विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा। इससे पहले भी क्षेत्र में कई बार वन्यजीवों की चहलकदमी देखी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि बाघ को पकड़कर रिहायशी इलाके से दूर किया जाए ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो।

## बिजली स्टे तार की चपेट में आकर भैंस की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

- राजेश कुमार की भैंस हुई हादसे का शिकार, लापरवाही पर उठे सवाल

**बिजुआ खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रूद्रपुर गुलरिया के अंतर्गत गांव पहाड़ापुर में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक भैंस की मौत हो गई। घटना तब हुई जब क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश कुमार अपनी भैंस को चराने ले जा रहे थे। रास्ते में लगे बिजली के खंभे से जुड़ी स्टे तार में करंट दौड़ रहा था, जिसकी चपेट में आकर भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि भैंस जैसे ही पास से गुज़री, वह अचानक तार से चिपक गई और करंट लगते ही गिर पड़ी। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। राजेश कुमार ने तत्काल पशु चिकित्साधिकारी बिजुआ, डॉ. हेमंत कुमार सिंह को सूचित किया और भीरा थाने में लिखित शिकायत दी। पशु चिकित्सक ने मौके पर पहुंचकर भैंस के शव का पोस्टमार्टम किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से गांव में खुले तारों और खतरनाक स्टे वायर का जाल फैला हुआ है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने मांग की कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## झोलाछाप डॉक्टरों की अवैध दुकानदारी पर मेहरबान स्वास्थ्य विभाग

**उचौलिया (खीरी)।** 'नीम हकीम खतरा-ए-जान' कहने को तो यह सिर्फ एक कहावत है, लेकिन उचौलिया और आसपास के गांवों में यह कहावत जीती-जागती हकीकत बन चुकी है। झोलाछाप डॉक्टरों की फौज गरीबों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ कर रही है, और जिम्मेदार विभाग केवल खानापूर्ति में मशगूल है। सोमवार को जब स्वास्थ्य विभाग की टीम उचौलिया पहुंची तो लोगों को उम्मीद जगी कि शायद अब इन मौत के सौदागरों पर लगाम कसेगी। लेकिन कार्रवाई के नाम पर हुआ क्या? महज फोटो खींचे गए, कुछ कागज झाड़े गए और टीम वापस लौट गई। न कोई सीलिंग, न कोई गिरफ्तारी, न कोई सख्ती। आखिर किसके इशारे पर विभाग इतना नरम बना हुआ है? उचौलिया कस्बा और आसपास के गांव गुरुद्वारा, मोहदियापुर, मोहद्दीनपुर, भिलावा, 74 नंबर मार्केट, पनाहपुर, बनका गांव, बचिगावा, बढ़ैया, छोलावारी- में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से अपनी क्लीनिकें चला रहे हैं। इनके पास न कोई डिग्री, न कोई अनुभव- बस अधूरी पढ़ाई और इलाज के नाम पर गरीबों की जान से खिलवाड़। हर रोज मरीज गलत दवाइयों का शिकार हो रहे हैं, कई बार स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि मरीजों को जान तक गंवानी पड़ती है। फिर भी स्वास्थ्य विभाग हाथ पर हाथ रखकर बैठा है। आखिर क्यों? पसगवां सीएचसी प्रभारी अश्विनी वर्मा से जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने रटे-रटाए अंदाज में जवाब दिया नोटिस दिए गए हैं, समय दिया गया है, वैध कागज न होने पर कार्रवाई होगी।

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फोटो खींचकर निभाई जिम्मेदारी
- उचौलिया में मौत के सौदागर खुलेआम खेल रहे मरीजों की जान से, जिम्मेदारों ने आंखें मूंद लीं

## आयुर्वेदिक पंजीकरण, एलोपैथिक इलाज, स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज कस्बे में संचालित एक आयुर्वेदिक क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। आयुर्वेदिक पंजीकरण वाले इस क्लीनिक में खुलेआम एलोपैथिक इलाज किया जा रहा था। यही नहीं, क्लीनिक से ब्लेड से भरे सैंपल भी बरामद किए गए, जो सीधे-सीधे स्वास्थ्य मानकों का उल्लंघन है। जानकारी के अनुसार, यह क्लीनिक डॉ. सियाराम विश्वकर्मा द्वारा संचालित किया जा रहा था। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो उन्होंने वहां भारी मात्रा में एलोपैथिक दवाएं बरामद कीं, जबकि क्लीनिक का पंजीकरण आयुर्वेदिक चिकित्सा के लिए था। इसके अलावा मौके से ब्लेड से भरे सैंपल भी मिले, जिससे स्वास्थ्य विभाग का शक और गहरा गया। नोडल अधिकारी ने तत्काल क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा था। लेकिन निर्धारित समय सीमा तक क्लीनिक प्रबंधन द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस पर सीएचसी अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि विभाग जल्द ही इस क्लीनिक पर सख्त कार्रवाई करेगा। इधर, स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कुछ छोटे राजनीतिक नेताओं द्वारा इस मामले को दबाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वास्थ्य विभाग नियमों के अनुसार कार्रवाई करता है या राजनीतिक दबाव में आकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है।

## नाली के विवाद में फायरिंग: युवक को मारी गोली, खेत से भागते हुए गिरा, हालत गंभीर

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना गोला क्षेत्र के गांव रायपुर में सोमवार सुबह खेत की नाली को लेकर दो पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बात फायरिंग तक पहुंच गई। अवैध असलहे से चली गोली में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे ओयल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना अलीगंज चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवपुरी के मजरा रायपुर की है। यहां रहने वाला शिवांशू (18) सुबह खेत में धान लगाने की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान गांव के ही शशांक से खेत की पानी की नाली को लेकर विवाद हो गया। बहस इतनी बढ़ी कि शशांक ने घर जाकर अवैध देसी तमंचा निकाला और खेत में पहुंचकर शिवांशू पर पीछे से गोली चला दी। गोली लगते ही शिवांशू लहूलुहान हो गया और खेत से जान बचाने के लिए घर की ओर दौड़ा। लेकिन घर से कुछ ही दूरी पर वह गिर पड़ा। आसपास काम कर रहे ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते, तब तक शिवांशू गंभीर रूप से घायल हो चुका था। परिजनों ने तत्काल उसे ओयल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। मौके पर पहुंची अलीगंज चौकी पुलिस ने आरोपी शशांक को हिरासत में ले लिया है। चौकी इंचार्ज दिनेश पाठक ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि आए दिन छोटे-छोटे विवादों को लेकर इस तरह की हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं, जिन पर सख्ती से रोक लगाई जानी चाहिए। फिलहाल घायल शिवांशू की हालत गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

## डीएम की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- सभी सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार: जिलाधिकारी
- त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई: एसपी



**बलरामपुर।** आगामी त्योहार श्रावण मास एवं मोहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने सर्किलवार एवं थानावार तैयारियों की समीक्षा की, सभी एसडीएम , सीओ एवं एसएचओ ने बताया कि थानावार पीस कमेटी की बैठक कर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। डीएम ने विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिकों से वार्ता की एवं उनके महत्वपूर्ण सुझाव सुने एवं उनके द्वारा बताए गए विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में सभी त्योहार सकुशल एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होते आए है, सभी यही मिसाल कायम रखें। उन्होंने कहा कि मोहर्रम में तजिए की लंबाई, ऊंचाई निर्धारित मानक के रूप हो, जिससे कोई दुर्घटना न हो , डीजे आदि निर्धारित डेसिबल में ही बजाए। जिला प्रशासन द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीएम ने कहा कि त्यौहार के दौरान विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था आदि चुस्त दुरुस्त हो , इस हेतु संबंधित अधिकारी सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। कावंड यात्रा मार्ग एवं ताजिया मार्ग का एसडीएम एवं सीओ भ्रमण कर ले एवं कोई कमी हो तो दूर कर लें। उन्होंने कहा कि सभी सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, समस्त सीओ , सीएमओ व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### ठेकेदार की लापरवाही, मोहल्ले वालों पर पड़ रही भारी

**उतरौला( बलरामपुर)।** उतरौला में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई इस दौरान ठेकेदार ने आशीष कसौधन एडवोकेट के घर के पास इंटरलॉकिंग उखाड़ कर पाइप डाली और इंटरलॉकिंग भी उखाड़ ले गए लेकिन कई महीनों से इंटरलॉकिंग दोबारा नहीं लगाई गई इंटरलॉकिंग के उखड़े होने से वार्ड वासियों को आने जाने में परेशानी और दिक्कत हो रही है स्थानीय निवासी अरविंद कुमार, राजू, सोनू कल्पनाथ और राहुल ने बताया कि हल्की बारिश में सड़क पर पानी भर जाता है उन्होंने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता और ठेकेदार से कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई रास्ते में गड्ढे और पानी भरने से बच्चे और बाइक सवार चोटिल हो रहे हैं इस मामले अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा ने आश्वासन दिया कि वार्ड में जल्द इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू होगा।

## सहकारी समिति को और बनाए सशक्त: केंद्रीय राज्यमंत्री सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन



- केंद्रीय राज्यमंत्री सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया एवं ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स का किया निरीक्षण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

केंद्रीय राज्यमंत्री सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मुरलीधर मोहोल द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान नीति आयोग के सूचकांकों पर प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। इस दौरान विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, डीएम पवन अग्रवाल, चेयरमैन नगर पालिका बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू उपस्थित रहें। केंद्रीय मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जलसंसाधन, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं वित्तीय समावेशन व स्किल डेवलपमेंट पर नीति आयोग के सूचकांकों पर विस्तृत समीक्षा की । उन्होंने प्राइमरी से उच्च प्राथमिक में जाने वाले बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन, फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक कृषकों को आच्छादित किए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जनपद में नीति आयोग के सूचकांकों में बेहतर कार्य हुआ है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की प्रेरणा से नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जनपद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य है कि कोई भी जनपद विकास की विकास में पीछे न रहे, सभी जनपदों में समान विकास हो । उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में और बेहतर करते हुए जनपद को विकास में नंबर एक बनाए। इसके उपरांत उन्होंने ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स का निरीक्षण किया एवं समिति के सचिव से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को और सशक्त किया जाए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बेहतर होगी, उन्होंने समिति द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र को जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित किए जाने की कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का सभी रिकॉर्ड रखे जाने के निर्देश दिया, जिससे कि दोबारा मरीज के आने पर मरीज की पूर्व में किए गए इलाज की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडी ग्राम्य विकास विभाग, एआर कोऑपरेटिव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बलिदान दिवस के रूप में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनाई। इस मौके पर उनके किए गए राष्ट्रीय व सामाजिक कार्य का स्मरण किया गया तथा दो मिनट का मौन रख नमन किया। इस उपलक्ष्य में उतरौला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। विधायक रामप्रताप वर्मा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया जो कभी भुलाया नहीं जा सकता वह एक प्रखर राष्ट्रवादी थे। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनका संपूर्ण जीवन उपलब्धियों के साथ साथ त्याग से भरा हुआ है। चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ही प्रेरणा, त्याग और समर्पण की देन है कि केंद्र सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाने का निर्णय लिया।भाजपा विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन के अल्पकाल में राष्ट्र को नई दिशा देने का काम किया है। इनके बताए सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद को नई धारा देने का काम किया। जिसे केंद्र व प्रदेश सरकार मूर्त रूप दे रही है। जिलासंयोजक महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, शिक्षाविद्, देशभक्त व भारत की अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पथ प्रदर्शक थे। इनके बताए आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है इस मौके पर नगर अध्यक्ष फणीन्द्र गुप्ता, रोहित राज गुप्ता, रमेश जयसवाल, सुधीर पटेल, दीपक गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विकास कुमार, कपिल कुमार, संजय गुप्ता, बलराम गुप्ता, दुर्गा प्रसाद, राजकुमार कौशल सभासद आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपी में तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली, शहरों को मिलेगी ग्रीन रैंकिंग

**नगर विकास विभाग की हरित पहल, जीसीएम प्रणाली के तहत होगी तीन स्तरीय मॉनिटरिंग**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग, जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय मॉनिटरिंग करेगा।

मॉनिटरिंग की यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। जो कि 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में लागू कि जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार नगर विकास विभाग की यह पहल यूपी में सतत और संपोषणीय शहरी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप प्रदेश के शहरों में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर विकास विभाग ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की है।

जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर, हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम मॉनिटरिंग का कार्य करेगी। तो वहीं तृतीय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से शहरों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। यह निगरानी भू-संदर्भित उपकरणों, मोबाइल एप्लिकेशन, उपग्रहीय आंकड़ों और वनस्पति सूचकांक के उपयोग से होगी, जिससे पौधों के स्वास्थ्य और हरित आवरण की वृद्धि का सटीक आकलन किया जाएगा।

### प्रदेश के सभी शहरों में तीन चरणों में होगी ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नगर विकास विभाग शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू करेगा। पहले चरण में ये नीति 2025 से 2027 तक प्रदेश के स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। जबकि दूसरे चरण में 2027 से 2030 तक इस प्रक्रिया में उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। वहीं तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लागू की जाएगी। जिसके आधार पर प्रदेश के शहरों को प्राप्त जीसीएम अंकों के आधार पर ग्रीन, ग्रीन+, ग्रीन++ और ग्रीन+++ की कैटेगरी में रखा जाएगा। जो शहर न्यूनतम मापदंडों को भी पूरा नहीं करेंगे वो अपात्र शहरों की कैटगरी में रखे जाएंगे। जीसीएम कैटेगरी के आधार पर इन शहरों में नगरीय निकाय ग्रीन कवर को बढ़ाने के सभी संभव प्रयास करेंगे। जिसमें प्रशासकीय प्रयत्नों के साथ जनभागीदारी को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इस आधार पर प्रदेश के सभी शहरों को अल्टीमेट ग्रीन सिटी के तौर पर विकसित करने का प्रयास है। सीएम योगी आदित्यनाथ की यह पहल उत्तर प्रदेश को हरित और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ शहरों की दिशा में अग्रणी राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कृषि मंत्री शाही ने पकड़ी खाद की कालाबाजारी, की कार्रवाई

**ज्यादा दाम पर बेच रहे थे खाद, दो उर्वरक केंद्रों का लाइसेंस निरस्त**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** खरीफ फसल की बुवाई के समय में कृषकों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लखनऊ में औचक निरीक्षण कर उर्वरक वितरण व्यवस्था की हकीकत परखी और अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिला कृषि अधिकारी लखनऊ के साथ संयुक्त रूप से किए गए निरीक्षण में मैसर्स पाल खाद भण्डार, कल्याणपुर, इटौजा, बक्शी का तालाब के प्रतिष्ठान में विक्रय रजिस्टर में कृषकों का पूर्ण विवरण दर्ज न किया जाना पाया गया, जिससे वितरण की पारदर्शिता संदिग्ध पाई गई। स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आवश्यक अभिलेख न रखने पर फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी करने और कार्य दिवस में साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## खबरें एक नजर में

### सीएम आवास के पास महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास, पांच कालीदास मार्ग पर पुलिसिया कार्रवाई ही न होने से परेशान होकर एक महिला ने आत्मदाह की कोशिश की। पीड़िता ने पुलिस की निष्क्रियता से आहत होकर यह कदम उठाया। मौके पर तैनात आत्मदाह निरोधी दस्ते ने तुरंत कार्रवाई कर उसे बचा लिया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबित महिला पीलीभीत के हजारा क्षेत्र की रहने वाली है। जिसका नाम सुमित्रा कौर बताया जा रहा है। महिला अपने भाई के साथ लखनऊ के गौतमपल्ली स्थित सीएम आवास के पास पहुंचीं और अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें रोक लिया, जिससे आग नहीं भड़की। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि सुमित्रा ने हजारा थाने में घर में घुसकर छेड़छाड़ और अभद्रता की शिकायत दर्ज की थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान थीं और उन्होंने आत्मदाह का प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा कि पीलीभीत पुलिस को इस घटना की जानकारी दे दी गई है और वहां से विवरण जुटाया जा रहा है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, जिसके बाद उनसे पूछताछ की जाएगी।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम–गंगागंज रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। आदमपुर नौबस्ता के बहरौली गांव के रहने वाले 55 वर्षीय कमरुद्दीन की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, कमरुद्दीन किसी काम से गंगागंज गए थे। वापसी के दौरान पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल कमरुद्दीन को परिवार वाले तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने कमरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इंदिरा नगर में मिला युवक का शव, नहाते समय डूबा था

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में इंदिरा नहर में नहाते समय डूबे युवक का शव दो दिन बाद बरामद हुआ है। मृतक की पहचान चरस मंडी हाथी खाना थाना नाका निवासी शिवम शर्मा (27) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शिवम 21 जून की शाम को इंदिरा डैम थाना सुशांत गोल्फसिटी के पास नहर में नहाते समय डूब गया था। सुशांत गोल्फसिटी पुलिस शिवम की तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि एक शव इंदिरा नहर में बह रहा है। उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव और आरक्षी दीपक शाह मौके पर पहुंचे। नई जेल के पास थाना गोसाईंगंज क्षेत्र में शव को नहर से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। चौकी प्रभारी एचसीएल उप निरीक्षक संदीप शर्मा को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चलती नाव में पुरुषों के अधिकारों पर विचार-विमर्श

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में डिजिटल आशीष और सशक्त फाउंडेशन ने गोमती नदी पर चलती नाव में नामोन्मेष सीजन 22 के तहत विशेष परिचर्चा का आयोजन किया। सादी का शहीद विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विवाहित पुरुषों के अधिकारों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में अधिकतर कानून और संस्थाएं महिलाओं के पक्ष में काम करती हैं। पुरुषों को न्याय दिलाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने न्याय प्रणाली में पुरुषों को समान अधिकार और सुरक्षा की मांग की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पुरुषों के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी सुधार की मांग की। उन्होंने पुरुष आयोग के गठन की भी मांग रखी। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो संगठित होकर आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य आयोजक आशीष शुक्ला और एडवोकेट शुभम द्विवेदी मौजूद रहे। सौरभ मिश्रा, निहाल अवस्थी, अनुप्रिया सिंह, ऋचा प्रजापति, शबनम निशा, राशिद अत्तारी, पुष्पेंद्र तन्मय समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों से न्याय प्रणाली में संतुलन स्थापित होगा।

### रजनी केयर फाउंडेशन ने आयोजित किया योग साधना शिविर




**लखनऊ।** एक अच्छे जीवन के लिए योग जीवन का आधार है। निरोगी काया के लिए योग का अधिक महत्व है। प्रतिदिन योग करने से न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी यह उतना ही महत्वपूर्ण है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन भैयाजी के इसी संदेश के साथ योग दिवस पर रजनी केयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित योग शिविर में लोगों ने योगाभ्यास किया। लखनऊ के विक्रम नगर स्थित स्वामी दिव्यानंद धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित योग साधना कार्यक्रम में योगाचार्य अनिता मिश्रा और योगाचार्य सरला दुबे ने बड़ी संख्या में आए लोगों को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर फिटनेस ट्रेनर गौरव राय ने लोगों को फिटनेस के मंत्र दिए। विशेष रुप से आमंत्रित डॉ. देवेंद्र सिंह ने लोगों के बीच योग के महत्व को विस्तार से बताया। आज के दौर में रोग और दवाइयों से बचने का सबसे सुलभ रास्ता दैनिक योगाभ्यास है। योग से ना सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक अवसाद भी नहीं पनपते। शुगर, गठिया, ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों को नियमित योग से नियंत्रित कर दूर भी किया जा सकता है। रजनी केयर फाउंडेशन ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी देवेंद्र मोहन भैया जी के सरंक्षण में संचालित है। फाउंडेशन मुख्य रुप से स्वास्थ्य, पर्यावरण, वंचितों और मानव सेवा के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय है।

**सीएम योगी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कहा**

# श्यामा प्रसाद के सपने साकार होने में लगे 65 साल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीजेपी भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस मना रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में पहुंचकर उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश का जो सपना देखा था उसे साकार होने में 65 साल लग गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 खत्म कर वह कर दिखाया जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था। प्रधानमंत्री का यही कदम डॉ. साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि स्वतंत्र भारत की पहली कैबिनेट में डॉ. मुखर्जी ने मंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय एकता से कोई समझौता नहीं हो सकता इस भावना के तहत उन्होंने पंडित नेहरू की सरकार से इस्तीफा दे दिया। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देकर संविधान का अनुच्छेद 370 लागू किया गया। यह भारत की अखंडता के लिए चुनौती था, जिसका डॉ. मुखर्जी ने डटकर विरोध किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे इस उद्घोष के साथ वे कश्मीर गए और वहीं की एक जेल में उनका बलिदान हुआ। उनका बलिदान आज भी हमें प्रेरणा देता है। डॉ. मुखर्जी ने जिस सपने को देखा था, उसे साकार करने में दशकों लग गए। कहा कि मैं डॉ. मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराता हूं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता औरअखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद् और महान विचारक थे। राष्ट्र की एकता और विकास में योगदान के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे उपासक थे। प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विधान– एक निशान– एक प्रधान के नायक थे। उनका जीवन दर्शन आज भी अनुकरणीय है। हम सबको उनके जीवन दर्शन और सुकृत्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना चाहिए।

### विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स छात्रों का प्रदर्शन, इंटर्नशिप की मांग, यूपीएमसी घेरा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट्स छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। मॉल माल एवेन्यू स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी एवं काउंसलिंग के मुख्यालय पर छात्रों ने नारेबाजी और हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) पास किया। मगर इसके बाद भी हम लोग अपने देश में भटक रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे हैं मेडिकल छात्रा आकिल खान ने कहा कि हम मेडिकल छात्रों की सुनवाई नहीं हो रही है। विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद एफएमजीई पास किया लेकिन अब तक इंटर्नशिप के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

# नाथ कॉरिडोर से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई ऊंचाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत बरेली क्षेत्र के प्रमुख नाथ मंदिरों के समग्र विकास के लिए 14.91 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है।

इसमें तपेश्वरनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए छह करोड़ रुपए, ऐतिहासिक त्रिवटी नाथ मंदिर के पर्यटन विकास हेतु 4.72 करोड़ रुपए और वनखंडी नाथ मंदिर के आधुनिकीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए 4.19 करोड़ रुपए की राशि शामिल है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया, प्रमुख धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की दिशा में पर्यटन विभाग ने पहल की है। मंदिरों के आकर्षण बढ़ाने के लिए पत्थरों को तराशा जाएगा। धौलपुर पत्थर की बेंचें स्थापित की जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं को बैठने की आरामदायक सुविधाएं मिलेंगी। मंदिर परिसरों की बाहरी संरचनाओं को भी नए रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे इन स्थलों की सुंदरता और आध्यात्मिक छवि और सशक्त होगी।

### आगरा मंडल बनेगा देश का नया झींगा उत्पादन हब

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद आज आगरा पहुंचे। वे मंडलीय मत्स्य पालक बैठक में सम्मिलित हुए। आगरा मंडल के आगरा और मथुरा जनपदों में खारे पानी की उपलब्धता के कारण मत्स्य पालन, विशेषकर खारे पानी के झींगा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। अब तक खारे पानी के झींगा का उत्पादन मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में होता था, लेकिन अब वही उत्पादन आगरा , मथुरा में भी किया जा रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश में मत्स्य विभाग के स्वतंत्र रूप से कार्य करने के बाद विगत दो वर्षों में इनलैंड फिशरीज अंतर्देशीय मत्स्य पालन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुँच गया है।

# तीन महीने की समस्या, सीएम ने तीन घंटे में सुलझाई

**सोमवार को जनता दर्शन में एडमिशन के लिए सीएम से मिली थी नन्हीं बच्ची**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुरादाबाद के अमित कुमार अपनी बेटी वाची के एडमिशन को लेकर पिछले तीन महीने से परेशान थे और लगातार चक्कर लगा रहे थे। अंततः सोमवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्होंने गुहार लगाई। जिस समस्या को लेकर वे तीन महीने से परेशान थे, सीएम योगी से मिलने के बाद तीन घंटे के अंदर ही उसका समाधान हो गया।

आरटीई के अंतर्गत सोमवार की दोपहर ही उसका एडमिशन मुरादाबाद के सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में हो गया। विद्यालय प्रशासन ने तत्काल इसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी दे दी। मुरादाबाद की वाची (5 वर्ष) सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में नर्सरी में एडमिशन कराने की गुहार लगाने के लिए पिता अमित कुमार, मां प्राची व छोटी बहन आची के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचीं। यहां वाची ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और गुहार लगाई कि मेरा एडमिशन इस स्कूल में करा दें। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल बच्ची का एडमिशन कराने का आदेश दिया। इस पर स्कूल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री के आदेश का तत्काल पालन करते हुए बच्ची को प्रवेश दे दिया। मुरादाबाद के अमित कुमार परिवार के साथ सुबह मुख्यमंत्री से मिले। फिर बच्चों को नाश्ता-पानी, भोजन कराने के उपरांत मुरादाबाद की ट्रेन पकड़ने लखनऊ रेलवे स्टेशन पहुंचे।

### शब्द भी छोटे पड़ गए, भाव ही सब कुछ कह गए

अमित कुमार मुरादाबाद में रैपिडो चलाते हैं। परिवार में उनकी पत्नी प्राची व दो बेटियां (वाची और आची) हैं। वाची 11 जून को पांच वर्ष की हुई है जबकि छोटी बेटी आची अभी तीन वर्ष की है। अमित ने बताया कि वे तीन महीने से परेशान थे लेकिन सीएम से मिलते ही तत्काल समस्या का समाधान हो गया। अमित व प्राची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। अभिभावक स्वरूप उनके इस व्यवहार का मैं कायल हूं। हमारी फरियाद तत्काल सुनकर उसे पूरा कराकर मुख्यमंत्री ने यह साबित कर दिया कि वे पूरे यूपी के अभिभावक हैं। उनके शासन में बेटियां सर्वदा सम्मान से सिर उठाकर बढ़ती रहेंगी।

# स्कूल पेयरिंग के विरोध में आंदोलन शुरु

**133 परिषदीय विद्यालयों के प्रस्तावित विलय के विरोध में ज्ञापन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लखनऊ ने जिले के 133 परिषदीय विद्यालयों के प्रस्तावित विलय पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय एकतरफा,अव्यावहारिक तथा बालकों के सर्वांगीण विकास के विरुद्ध है।

लखनऊ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के निर्देश पर विद्यालय विलय आदेश को वापस लेने के लिए प्रदेश समस्त जनपदों में चलाये जा रहे ज्ञापन एवं विरोध के क्रम में आज मुख्यमंत्री के सम्बोधित ज्ञापन विधायक अमरेश रावत विधायक मोहनलालगंज, योगेश शुक्ला विधायक बक्शी का तालाब के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से एक अत्यंत गंभीर बिंदु पर ध्यान आकर्षित कराना है कि जो बच्चे 6 से 14 वर्ष की उम्र के होते हैं,वे 1 किलोमीटर या उससे अधिक दूर के विद्यालयों तक बिना साधन कैसे पहुँचेंगे? जिला मंत्री बृजेश कुमार मौर्य ने कहा कि सर्व शिक्षा अभियान और RTE Act 2009 की मूल भावना हर बच्चे तक सहज,सुलभ और समावेशी शिक्षा का पालन सुनिश्चित किया जाए। यदि इस प्रस्ताव को बिना सुधार और संवाद के लागू किया गया,तो संघ चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिला संयुक्त मंत्री मोहम्मद रियाज ने कहा कि इस समय बाल वाटिका में अध्ययनरत 6 वर्ष पूर्ण करने वाले नन्हे बच्चें प्राथमिक शिक्षा के लिये कहाँ जायेंगे क्योंकि विलय के बाद ग्राम में कोई सरकारी विद्यालय ही नहीं बचेगा,तो इन बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और मानसिक विकास का क्या होगा जिनके ज्यादातर अभिभावक साधन विहीन हैं।

### निजीकरण के विरोध में चलेगा जेल भरो आंदोलन

**लखनऊ।** बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के खिलाफ एक और बड़ा मोर्चा खोल दिया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि जेल भरो आंदोलन से पहले प्रदेशभर में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम जनता, कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता आंदोलन से जोडा जा सके। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि जनसंपर्क अभियान के तहत सरकारी विभागों, स्कूलों, किसान संगठनों और उपभोक्ता समूहों से संवाद स्थापित किया जाएगा। यह सिर्फ बिजली कर्मियों की नहीं, हर नागरिक की लड़ाई है। उन्हें बताया जाएगा कि निजीकरण का सीधा असर बिजली दरों में वृद्धि, सेवा की अनिश्चितता और रोजगार पर पड़ेगा। संघर्ष समिति ने पावर कॉर्पोरेशन में हुए बड़े पैमाने पर तबादला आदेशों को प्रशासनिक उत्पीड़न बताया है।

# भाई चारा बनाओ व अधिकार बचाओ सम्मेलन हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाज में आज आतंक एवं नफ़रत का एक माहौल बनाया जा रहा है, दलितों एवं मुस्लिमों में खौफ़ पैदा किया जा रहा है। समाज को इससे बाहर निकलना होगा। यह बात आज यहां निकट आई आई एम कॉलेज श्री विनायक वेंकट लॉन में आयोजित भाई चारा बनाओ अधिकार बचाओ सम्मेलन में मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने कही।

मौलाना ने कहा आज जिस तरह से गौकशी की आड़ लेकर मॉबलिंचिंग हो रही है और पुलिस खामोश तमाशाई बनी रहती है, इससे अराजकतत्वों के हौसले बढ़ते हैं, यही वजह है कि इस तरह की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रहीं। उन्होंने कहा जो लोग मुस्लिमों को घुसपैठिया कहते हैं, दरअसल घुसपैठिये वो खुद हैं वो कश्मीर के रास्ते बाहर से भारत वर्ष में आये। उन्होंने कहा कि सदियों से यह देश दलितों और मुस्लिमों का है। मौलाना ने कहा गौकशी के नाम पुलसिया आतंक एवं अवैध धनउगाही बंद होना चाहिए, मौलाना ने अपने संबोधन में अमेरिका और इज़राईल को आतंकियों का जन्मदाता बताया। लखनऊ की धरती एक ऐतिहासिक जज्बे की गवाह बनी, जब तेज़ बारिश भी हमारे संघर्ष की लौ को बुझा नहीं सकी।

# समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक भारतीय जनता पार्टी में हो सकते हैं शामिल

**डिप्टी सीएम ब्रजेश ने दिया बड़ा बयान**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, समाजवादी पार्टी (सपा) के तीन बागी विधायकों अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को सोमवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

विधायकों को पर आरोप है कि गोसाईगंज से सपा विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से पार्टी विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय खुले तौर पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का समर्थन कर रहे थे। पार्टी की नीतियों से हट कार्य करने के आरोप में अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। सपा ने इन तीनों विधायकों के निष्कासन का एलान करते हुए एक्स पर कहा, समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत साम्प्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता व किसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और 'पीडीए विरोधी विचारधारा का साथ देने के कारण तीनों विधायकों को पार्टी से निष्कासित किया गया है। शेष लोगों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा और पार्टी के मूल विचार की विरोधी गतिविधियां सदैव अक्षम्य मानी जाएंगी। सपा ने आगे कहा, जहां रहें, विश्वसनीय रहें! सहृदयपूर्ण शुभकामनाएं!!! सपा का आरोप है कि उसके विधायकों अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय ने पिछले साल हुए राज्यसभा चुनाव में अपनी पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा प्रत्याशियों को वोट दिया था।

पार्टी ने उनके खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की थी। समाजवादी पार्टी से निकाले गए विधायकों को लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने की कार्यकर्ताओं पर तरह तरह के आरोप लगाकर जुर्म जाति कर रही है। अभी भी उनके कार्यकाल की गुंडई चरम पर है।

**जनता दर्शन** — **उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा**

# हर समस्या का समय व गुणवत्ता के साथ होगा निस्तारण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय।

समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, चकबंदी अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक- एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना ।जनता दर्शन मे 3 दर्जन से अधिक जिलों से लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जिलों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए दिशा निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने जौनपुर, कासगंज व सम्भल के जिलाधिकारी, अलीगढ़ व मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लखनऊ व वाराणसी के पुलिस कमिश्नर, नगर आयुक्त मथुरा सहित अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियो से दूरभाष पर वार्ता की।

# इण्टरलॉकिंग व सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितता

## डीएम की सख्त कार्रवाई : गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक कार्य को उखाड़ने व भुगतान में कटौती के निर्देश

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** नगर क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा तक कराए जा रहे इण्टरलॉकिंग व सौंदर्यीकरण कार्य में भारी अनियमितताओं का खुलासा होने के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया है।

जांच में कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिसके आधार पर जिलाधिकारी ने न सिर्फ पूरा कार्य पुनः उखाड़कर दोबारा कराए जाने, बल्कि भुगतान में नियमानुसार कटौती करने के भी निर्देश दिए हैं। प्रकरण में अपर उप जिलाधिकारी (द्वितीय) विशाल कुमार द्वारा प्रस्तुत संयुक्त जांच आख्या में यह सामने आया कि लगभग 255 मीटर लंबे इस कार्य में बेस कोर्स में प्रयुक्त ब्रिक बैसाल्ट में अत्यधिक मात्रा में बालू की मिलावट पाई गई, जबकि ब्रिक



1- डीएम ने अधोमानक निर्माण पर कार्य को किया रद्द, दोबारा शुरू करने के आदेश
2- गुणवत्ता से समझौता नहीं : इंटरलॉकिंग कार्य में खामियों पर डीएम का बड़ा कदम
3- जनहित में सख्त प्रशासन : नेहा शर्मा ने अधोमानक कार्य को कराया रद्द, अधिकारियों को चेतावनी

बैसाल्ट की मात्रा अत्यंत कम थी। साथ ही, इंटरलॉकिंग में प्रयुक्त ईंटों की औसत संपीड़न क्षमता 31.10 न्यूटन/वर्ग मिमी रही, जो कि मानक 35 न्यूटन/वर्ग मिमी से कम है। जांच रिपोर्ट में कार्य को अधोमानक व अस्वीकार्य माना गया है। इसके मद्देनजर जिलाधिकारी ने न सिर्फ सम्पूर्ण कार्य को तत्काल उखाड़ने और मानकों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने के आदेश दिए हैं, बल्कि भुगतान में कटौती कर दोषियों की जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं। इस पूरे मामले में संबंधित नगर निकाय अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई है और उनके विरुद्ध लिखित चेतावनी पत्र जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े कार्यों में भ्रष्टाचार, लापरवाही और घटिया निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि भविष्य के सभी कार्यों में गुणवत्ता की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

### 11 माह से लंबित सीमांकन प्रकरण में राजस्व निरीक्षक को दी गई विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने करनैलगंज तहसील में 11 माह से लंबित एक सीमांकन प्रकरण में गंभीर लापरवाही बरतने पर राजस्व निरीक्षक श्री अवनीश मिश्र को मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करते हुए चेतावनी पत्र जारी किया है।

यह कार्रवाई जिले में पारदर्शी और समयबद्ध प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत संदेश मानी जा रही है। मामला करनैलगंज के ग्राम बटौता बख्तावर सिंह निवासी श्री धनीराम पुत्र श्री अलगू द्वारा प्रस्तुत उस शिकायत से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी भूमिधरी आराजी गाटा संख्या 399 (क्षेत्रफल 0.226 हेक्टेयर) के सीमांकन आदेश के अनुपालन न होने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि न्यायालय द्वारा उक्त सीमांकन आदेश दिनांक 16 जुलाई 2024 को पारित किया जा चुका था और उसकी पुष्टि भी की जा चुकी थी, बावजूद इसके लगभग 11 माह तक स्थल पर पत्थर नसब की कार्यवाही नहीं की गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जब यह मामला सामने आया, तब जिलाधिकारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। जवाब में निरीक्षक द्वारा यह कहा गया कि उन्होंने हाल ही में क्षेत्र का प्रभार ग्रहण किया है और जल्द ही कार्रवाई करेंगे। जिलाधिकारी ने इस उत्तर को अस्वीकार्य मानते हुए इसे प्रशासनिक उदासीनता, टालमटोल की प्रवृत्ति और पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर शिथिलता बताया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगामी तीन दिवस के भीतर पत्थर नसब की कार्यवाही पूरी कर उप जिलाधिकारी के माध्यम से अनुपालन आख्या प्रस्तुत की जाए, अन्यथा सख्त दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# स्कूल मर्जर के विरोध में लामबंद हुआ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, दी चेतावनी

समृद्धि न्यूज



आरटीई एक्ट के विरुद्ध विद्यालयों के मर्जर के खिलाफ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया संघर्ष का ऐलान

**बहराइच।** प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कम नामांकन का हवाला देते हुए साजिशन मर्ज किये जाने के खिलाफ जनपद में भी शिक्षक संगठनों ने आरपार की लड़ाई को संघर्ष की चेतावनी दी है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने स्कूल मर्ज की कार्रवाई पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसके प्रबल विरोध की बात कही।

उन्होंने कहा कि शासन के आदेश तहत विभाग के द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्जर किए जाने हेतु उक्त विद्यालय के प्रधान शिक्षकों से खंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने को दबाव बनाया जा रहा है, जिसका राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विरोध करता है, विद्यालय संबंधित समस्त उत्तरदायित्व विद्यालय प्रबंधन समिति का है ना कि, केवल प्रधान शिक्षक का है विद्यालयों के विद्यालयों का आदेश आरटीई एक्ट के विरुद्ध है, इसको लेकर पूरे प्रदेश में रोज व्याप्त है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रदेश नेतृत्व मर्जर के विषय में शासन तथा विभाग उच्च स्तर में अधिकारियों से वार्ता कर रहा है। यदि शासन तथा विभाग ने विद्यालयों के मर्जर के आदेश को वापस नहीं लिया तो प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के क्रम में वृहद आंदोलन विद्यालयों के मर्जर के विरुद्ध में होगा। महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आरटीई एक्ट के अनुसार हर 01 किलोमीटर पर प्राथमिक विद्यालय तथा 3 किलोमीटर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय होना चाहिए 06 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को निः शुल्क अनिवार्य शिक्षा बाल अधिकार के तहत मिलनी चाहिए। किंतु आर.टी.ई. एक्ट के विरुद्ध हो रहे विद्यालयों के मर्जर का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच पूर्ण विरोध करता है। विद्यालय के मर्जर आदेश जारी किए जाने पर जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, जिला संयुक्त महामंत्री विनोद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रूपाली शरण श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी आदि ने रोष व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### जालसाजी करने का अभियुक्त गिरफ्तार



**इटियाथोक/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** प्रार्थिनी मीरा देवी ने थाना इटियाथोक मे लिखित तहरीर दी गयी कि उसके पिता की मृत्यु के उपरांत उनकी संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करने हेतु विपक्षीगणों ने साजिश रचकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर वरासत दर्ज करवायी है। जब प्रार्थिनी ने विरोध किया तो विपक्षीगणों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वादिनी की तहरीर पर थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसमें आज दिनांक 23.06.2025 को थाना इटियाथोक द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त सुधांशु उपाध्याय पुत्र श्यामसुन्दर नि0 ग्राम गोपालपुर बरबण्डी थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा इटियाथोक चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। सुधांशु उपाध्याय पुत्र श्यामसुन्दर नि0 ग्राम गोपालपुर बरबण्डी थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

### पांच को महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की मा0 सदस्य ऋतु शाही व एकता सिंह द्वारा आगामी 25 जून को प्रातः 11 बजे से सर्किट हाउस गोण्डा में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व महिला जनसुनवाई की जायेगी। जनपद की ऐसी महिलायें जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हों, तो त्वरित न्याय एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने हेतु उक्त महिला जनसुनवाई में उपस्थित हों सकती है।

### पुलिस लाइन में फर्जी नियुक्ति पत्र के साथ युवक गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** 22 जून को पुलिस लाइन गोण्डा परिसर में चल रहे जे0टी0सी0 प्रशिक्षण के ज्वाइनिंग के संबंध में सभी कैडेट्स की व्यक्तिगत नियुक्ति पत्रावलियों का सत्यापन किया जा रहा था जिसके दौरान प्रशिक्षण में सम्मिलित एक कैडेट शुभम सिंह पुत्र उदयभान सिंह नि0 जलालपुर घई पोस्ट सुल्तानपुर बढाईया थाना गदागंज जनपद रायबरेली द्वारा प्रस्तुत नियुक्ति पत्र फ़र्ज़ी पाया गया। उपरोक्त के विरूद्ध JTC प्रभारी द्वारा दी गई तहरीर पर थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी शुभम सिंह पुत्र उदयभान सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### लेखपाल संघ चुनाव में अनूप अध्यक्ष, चंदन को जिला मंत्री की जिम्मेदारी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** लेखपाल संघ जनपद जालौन का बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को विजय विक्रम रिसोर्ट में संपन्न हुआ। 229 लेखपालों में से 202 ने मतदान करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में अनूप तिवारी ने 113 मत प्राप्त कर विजयी बने। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमित राजावत को 73 मत मिले जबकि रवि बिहारी को 13 वोट प्राप्त हुए और 3 मत अवैध घोषित किए गए। जिला मंत्री पद के लिए हुए मुकाबले में चन्दन शिवहरे ने 138 मतों के साथ मंगल कांत गोस्वामी (60 वोट) को हराया। इस पद के लिए 4 मत अवैध पाए गए। अन्य पदों पर निर्विरोध चयन हुआ है जिसमें जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर अनित यादव, कोषाध्यक्ष के पद पर पवन श्रीवास्तव, जिला उप मंत्री के पद पर सुमित निरंजन, जिला ऑडिटर के पद पर विनय सिंह, जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर भूपेंद्र निरंजन निर्विरोध चुने गए है। चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव समिति में चित्रकूट के खंड मंत्री दिनेश कुमार यादव और बांदा के जिला मंत्री रविंद्र कुमार यादव शामिल रहे, जबकि पैलानी तहसील अध्यक्ष हरिओम यादव ने चुनाव व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। चुनाव के दौरान झांसी के खंड मंत्री अरविंद यादव, जिलाध्यक्ष जय हिन्द यादव, जिला मंत्री अनुज, उरई जिलाध्यक्ष अमित पाल एवं जिला मंत्री पूजा राजपूत सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। चुनाव के पश्चात नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जलपान व भोजन की व्यवस्था की गई थी और अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विजय आनंद वर्मा, मुकतेंद्र निरंजन, विवेक गुप्ता, जयवीर सिंह, महेश निरंजन, विनोद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, दुष्यंत निरंजन, पुष्पेंद्र वर्मा समेत बड़ी संख्या में लेखपाल शामिल रहे।

# मामा की शादी में आए युवक की हत्या, मिला क्षत-विक्षत शव





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बैंगलोर से मां के साथ मामा की शादी में शामिल होने आए युवक की ईट से कूंच-कूंच कर निर्मम हत्या कर दी गई। युवक का क्षत-विक्षत शव गांव से लगभग 600 मीटर दूर अमरूद के बाग में बने खंडहर में पड़ा मिला। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे कोतवाल देहात ने फोरेंसिक टीम के साथ छानबीन की।

गांव के ही चार युवकों पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर

परिजनों ने चार लोगों पर लगाया आरोप, दो हिरासत में

पूछताछ कर रहें हैं। शादाब 20 जून को अचानक लापता हो गया था परिजनों ने देहात कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार शाम को गांव से लगभग 600 मीटर दूर एक बाग में उसकी क्षत-विक्षत शव मिला।

मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। सूचना मिलते ही देहात कोतवाल फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगरौर ग्राम में रहने वाले मुन्ना का बीते 16 जून को निकाह था। इसमें शामिल होने के लिए उसका भांजा शादाब अपनी मां के साथ बैंगलोर से आया था। इसी बीच 20 जून को वह अचानक लापता हो गया। तलाश के बाद उसका पता न चलने पर देहात कोतवाली में उसके गायब होने की सूचना दी गई।

**चार पर आरोप, दो हिरासत में :** अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने सोमवार को बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से इलाके में रहने वाले चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है।दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हत्या किन कारणों से की गई इसका जल्द खुलासा किया जाएगा।

**फोन को लेकर की गई हत्या :** देहात कोतवाल ने बताया कि मृतक की मां ने तहरीर मे आरोप लगाया है कि उनके बेटे के पास महंगा आई फोन था।जो कि गायब है उन्होंने फोन को लेकर हत्या करने की बात कही है। गांव के रहने वाले बशर व फरीद समेत चार के दो युवकों पर हत्या का आरोप लगा है पुलिस ने दो को हिरासत में ले लिया है। मृतक की नानी बानो ने बताया उनके नाती के पास डेढ़ लाख कीमत का मोबाइल था उसी को लेकर हत्या की गई है।

# बरामदे में सो रहे बुजुर्ग पर तेंदुए का हमला, हाथ हुआ घायल

शोर मचाने पर जंगल की तरफ भागा तेंदुआ

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में तेंदुए के हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की सुबह सुजौली रेंज में स्थित ग्राम पंचायत रमपुरवा बनकटी गांव में घर के बरामदे में सो रहे एक बुजुर्ग पर तेंदुए ने हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जागे परिजनों के शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया, जिससे बुजुर्ग की जान बच गई।

घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पांच दिन पहले भी चहलवा गांव में खेत में काम कर रहे रामू नामक ग्रामीण पर तेंदुए ने हमला कर दिया था। साथ में मौजूद ग्रामीणों के शोर मचाने पर उसकी जान बच सकी थी। रामपुर बनकटी गांव में सोमवार की सुबह घर में सो रहे बलदेव सिंह



(70) पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। चीख सुनकर जागे परिजन और ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ उन्हें छोड़कर जंगल में भाग गया। हमले में बुजुर्ग के हाथ में चोट आई है।

घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। इस इलाके के अधिकतर गांव जंगल से सटे होने के कारण जंगली जानवरों का गांव में आना-जाना लगा रहता है।

# गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, विभागीय बैठक तथा समय से कार्य का करें निस्तारण

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के आदेशानुपालन के क्रम में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर में उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह ने डायट के समस्त स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक की और निर्देश दिया कि विभागीय, बैठक, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा शासन के द्वारा जो भी आदेश या निर्देश प्राप्त होता है उसको निर्धारित समय के अंदर त्वरित गति से कार्य किया जाए। जिससे डायट पयागपुर प्रदेश स्तर पर नाम रोशन कर सके, यदि कहीं कोई समस्या हो तो अवगत कराएं जिससे उसका समय से निस्तारण किया जा सके। कार्यभार ग्रहण तथा समीक्षा करते समय डायट प्रवक्ता गोविंद



## यदि कहीं कोई समस्या हो तो अवगत कराएं जिससे उसका समय से निस्तारण किया जा सके : आशीष कुमार सिंह

किशोर, दशरथ यादव, रामपाल वर्मा, आशीष कुमार, पूनम यादव, इश्तियाक अहमद, रमेश यादव, लिपिक वीरेन्द्र सिंह, सलीम अहमद अंसारी,तालिब हुसैन, अनुचर शिव मोहन अवस्थी,पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक/डायट प्राचार्य के पद पर कार्य भार ग्रहण करने पर समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक विभागीय कर्मचारी, बेसिक शिक्षा परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ बलिदान दिवस कार्यक्रम

## डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर एक पौधा मां के नाम से हर बूथ पर लगाने हैं 10 पौधे : राजीव

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कहा की आजादी के बाद नेहरू के कुत्सित मानसिकता के चलते केसर की घाटी भारत का मौर्य मुकुट कश्मीर को धारा 370 एवं 35ए की बेड़ियां पहनाते हुए परमिट व्यवस्था अन्य भारतीय राज्यों के नागरिकों के लिए लागू कर दी गई। जिसका विरोध वर्तमान सरकार के उद्योग मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया और कांग्रेस से अलग हो गए उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की और परमिट व्यवस्था के विरोध में कश्मीर में प्रवेश किया किंतु वापस नहीं लौटे।




मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को हम कैसे भूल सकते हैं। जिन्होंने सत्ता को ठोकर मार कर एक देश में दो निशान दो विधान दो प्रधान के साथ ही परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए जम्मू कश्मीर में प्रवेश किया और वापस नहीं लौटे। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम उसे बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और आप सभी कार्यकर्ता से आग्रह करते हैं कि 29/6/ 2025 को मन की बात सुनने के बाद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ-साथ एक पौधा मां के नाम से हर बूथ पर 10 पौधे लगाने हैं। सभा को सदर विधायक अनुपमा जायसवाल एवं कैसरगंज विधानसभा के प्रत्याशी रहे गौरव वर्मा ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष राहुल राय रहे। समापन जिला महामंत्री डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस सभा में जिला अभियान संयोजक जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, उमाशंकर तिवारी, राहुल राय, सुषमा चौधरी, सुरेश गुप्ता, जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, अभियान सह संयोजक डॉक्टर डिंपल जैन, वीर चंद वर्मा, हेमा निगम, रामनिवास जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, युवा मोर्चा जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, जिला संयोजिका महिला मोर्चा रंजीता श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा तौसीफ अहमद, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पुष्पा चौधरी, हरिश्चंद्र गुप्ता, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रताप नारायण तिवारी, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा द्वितीय रीति श्रीवास्तव, क्षेत्रीय सदस्य युवा मोर्चा एकता जायसवाल, मंदीप सिंह वालिया, नगर अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा, के के मिश्रा ,युवा मोर्चा महामंत्री अखिलेश यादव गोले, नितिन रुपाणी, अमित वर्मा आनंद जायसवाल सहित मंडलों के सभी अध्यक्ष एवं महामंत्री का मण्डल प्रभारी उपस्थित रहे। सभा के बाद जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व में सभी जिला पदाधिकारी ने पौधा रोपण भी किया।

# न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग से परिवादिनी को मिला न्याय

बीमा कम्पनी को अदा करने होंगे क्लेम के 15 लाख रुपए

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** रत्ना पत्नी रमेश निवासी ग्राम गुलहरिया पो. हरिहरपुर थाना टेड़ियावा जिला हरदोई ने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बहराइच में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लि. द्वारा क्लेम हेड आफिसर/लीगल मैनेजर, लखनऊ के विरुद्ध योजित परिवाद सं. 21/2021 में परिवादिनी का पुत्र जसयंत पुत्र रमेश के नाम वाहन सं. यूपी 30 ए.आर. 5368 मोटर साईकिल का बीमा कराया था, जिसमें उसने अपनी मां को नामनी बनाया था।

बीमा अवधि में वाहन स्वामी का लखनऊ बहराइच मार्ग पर दुर्घटना में 16 अप्रैल 2019 को मृत्यु हो गयी। मृतक का पोस्टमार्टम भी हुआ तथा थाना कोतवाली देहात में एफ.आई.आर भी दर्ज होने के बावजूद भी बीमा कम्पनी द्वारा दुर्घटना बीमा क्लेम नही दिया गया। जिसके लिए परिवादिनी द्वारा रू. 15 लाख का दुघर्टना बीमा क्लेम व मानसिक क्षतिपूर्ति दिलाये जाने हेतु फरियाद किया गया था।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती व सदस्य डॉ. मोनिका प्रियदर्शिनी द्वारा 12 जून 2025 को पारित आदेश को विपक्षी के विरुद्ध स्वीकार करते हुए आदेशित किया है कि वह परिवादिनी को रू. 15 लाख मय 6 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक प्रदान करेगा। यदि उक्त अवधि में भुगतान नही किया जाता है तो 07 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज की दर से अदा करना होगा। तथा उक्त धनराशि के अलावा सेवा में कमी के लिए रू. 05 हज़ार व वाद व्यय के रूप में भी रू. 05 हज़ार अदा करें।

### आवारा पशुओं से धान की लहलहाती फसल को बचाने की एसडीएम से की मांग

**कोंच (जालौन)।** अन्ना जानवरों से फसलों को बचाने की मांग किसानों ने एसडीएम से की है। किसानों का कहना था कई गांवों के किसानों ने लगभग 250 एकड़ रकवा में धान की फसल रोपित की थी लेकिन आवारा पशु निरंतर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कोंच ब्लॉक क्षेत्र के गोरा करनपुर गांव की महिला प्रधान भारती देवी सहित ग्रामीण एवं किसान विजय कुमार, अभिषेक राठौर, पुनीत निरंजन, देवेंद्र कुमार, महेश कुमार, ज्ञान सिंह, हरिओम आदि ने सोमवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में हम सभी किसानों ने करीब 250 एकड़ रकबा में धान की फसल बोई हुई है। गांव के ही कुछ ग्रामीण अपने अपने जानवर, पशु अन्ना विचरण के लिए आवारा छोड़ दे रहे हैं जिससे खेतों में बोई गई फसलें नष्ट हो रहीं हैं। गांव में डुगडुगी पिटवाए जाने के बाद भी संबंधित पशुपालक अपने जानवर, पशु बांध कर नहीं रख रहे हैं।

निर्देश

## उर्वरक की ओवर रेटिंग व कालाबाज़ारी पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई : डीएम

# बिक्री केंद्रों का निरीक्षण व स्टॉक का करें भौतिक सत्यापन

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** खरीफ फसलों की बुआई/रोपाई के समय नत्रजनिक एवं फास्फेटिक उर्वरकों की मांग में वृद्धि के दृष्टिगत असामाजिक तत्वों द्वारा उर्वरकों की ओवर रेटिंग, अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने, कालाबाजारी, जमाखोरी, अनुदानित उर्वरकों का व्यवसायिक प्रयोग तथा सीमा से लगे क्षेत्रों में उर्वरकों की तस्करी की संभावना को न्यून करने तथा जिले के कृषकों को उनकी जोतबही/खतौनी देखकर उसमें अंकित कृषित भूमि एवं बोई जाने वाली फसलों की निर्धारित संस्तुतियों के अनुसार पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जिला कृषि अधिकारी व ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिये गये हैं कि उर्वरक



वितरण कार्य का नियमित रूप से अनुश्रवण करते हुए बिक्री केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण एवं स्टाक का भौतिक सत्यापन कर किसानों को नत्रजनिक एवं फास्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।

डीएम ने निर्देश दिया है कि यूरिया, डी.ए.पी. व एन.पी.के. काम्प्लेक्स एवं एम.ओ.पी. की निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य दर के अन्तर्गत बिकी सुनिश्चित करायी जाये। यदि कोई उर्वरक विक्रेता अधिकतम खुदरा मूल्य दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिकी करता हुआ पाया जाये तो सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही की जाय। उर्वरकों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं वितरण की जनपद स्तरीय समिति के द्वारा साप्ताहिक बैठक आयोजित कर नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। डीएम ने कहा है कि यदि कोई थोक अथवा फुटकर उर्वरक विक्रेता मुख्य उर्वरकों यथा यूरिया, डीएपी, एनपीके काम्प्लेक्स, एम.ओ.पी. एवं एस.एस.पी. के साथ अन्य को भी खरीदने हेतु बाध्य करता है तो उसके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाय। डीएम ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक माह टॉप-20 बायर्स/फ्रिक्वेन्ट बायर्स (क्रेता) की सूची एम.एफ.एम.एस. पोर्टल से प्राप्त कर पूर्व में निर्गत आदेशानुसार सूची का परीक्षण करा लें तथा संदिग्ध प्रकरणों की टीम गठित करते हुए स्थलीय जांच कराकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाये तथा भारत सरकार के सम्बन्धित पोर्टल पर प्रत्येक माह सत्यापन रिपोर्ट अपलोड कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक उर्वरक व्यवसायी के स्तर पर स्टाक पंजिका, विक्रय पंजिका तथा रसीद अनिवार्य रूप से रखी जाये। जनपद के समस्त थोक/फुटकर उर्वरक विक्रेताओं तथा उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उर्वरकों की उर्वरकवार बिक्री दर तथा स्टाक का अंकन रेट/स्टाक बोर्ड पर प्रतिदिन अंकित किया जाये।डीएम ने जिला कृषि अधिकारी व ए.आर. को-आपरेटिव को निर्देश दिया है कि ऐसे उर्वरक विक्रेताओं/असामाजिक तत्वों, जो अवैध गतिविधियों यथा जमाखोरी, कालाबाजारी/अधिक दामों पर उर्वरकों की बिक्री, अन्य कम प्रचलित उर्वरकों/उत्पादों की टैगिंग कर बिक्री/तस्करी/अधोमानक उर्वरकों की बिक्री में संलिप्त पाये जाते है तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश, 1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्राविधानानुसार कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# सर्राफा व्यवसाय की दुकान का ताला तोड़ लाखों के माल की चोरी

- चोरों ने सर्राफ की दुकान से लूटे 12 लाख के जेवरात व 42 हजार की नकदी चोरी की

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



रविवार की रात गुरुबक्शगंज थानें की अटौरा चौकी से महज कुछ दूरी पर ग्रामीण बैंक के निकट अज्ञात चोरों ने एक सर्राफ की दुकान को निशाना बना दिया। चोरों ने करीब 12 लाख रुपये कीमत के आभूषण और नकदी पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।अटौरा ग्रामीण बैंक के निकट चन्दई रघुनाथ पुर गाँव निवासी महेन्द्र प्रताप की ओम् ज्वैलर्स नाम से सर्राफ की दुकान है। रविवार की शाम करीब 7 बजे महेन्द्र अपनी दुकान बन्द करके घर चले गये। सोमवार की सुबह करीब छह बजे बैंक के सफाईकर्मी रमेश कुमार ने महेन्द्र को फोन पर सूचना दी कि उसकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। महेन्द्र जब मौके पर पहुँचे तो दुकान का शटर टूटा था और अन्दर से आभूषणों की आलमारी गायब थी। खोजबीन करने पर दुकान से करीब 200 मीटर दूर खेतों में टूटी पड़ी आलमारी तो मिली लेकिन उसके अन्दर रखे करीब चार किलो चांदी और 70 ग्राम सोने के आभूषणों के साथ ही 42 हजार छह सौ रुपये की नकदी गायब थी। महेन्द्र ने घटना की सूचना अटौरा चौकी इंचार्ज दी मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन करने में जुट गई।

## सहकारी समिति सहित चोरों ने बनाया एक घर को निशाना

**महराजगंज, रायबरेली।** बछरावां रोड पर महिला अस्पताल के पास स्थित बहु- उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति अतरेहटा सहित बगल के एक घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए नकदी सहित बर्तन पार कर दिए। वहीं जानकारी मिलने पर पहुंचे सचिव ने डायल 112 को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

बताते चले कि बीती रविवार की रात्रि चोरों ने बहु- उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति अतरेहटा का ताला तोड़ दिया लेकिन चोरों को वहां कुछ नहीं मिला,सचिव संतोष मौर्य ने बताया कि जब मैं सोमवार सुबह समिति पहुंचा तो समिति का ताला टूटा हुआ था लेकिन वहां से कुछ गायब नहीं हुआ।

वही समिति के बगल स्थित रामा सिंह पत्नी राम लखन सिंह के कमरे में बाहर से चोरों ने बेखौफ होकर सेंध काट दी गनीमत रही कि कमरे में कोई कीमती सामान उन्हें नहीं मिला।केवल दो हजार रुपए और कुछ बरतन चोर चोरी कर ले गए। रामा सिंह ने बताया कि सुबह जानकारी मिली तो देखा कमरे में सेंध कटी हुई थी और कपड़ों के बक्शे गायब थे वही कपड़ों के बक्शे घर से थोड़ी दूर समिति के परिसर के अंदर बिखरे पड़े मिले। वहीं सुबह साधन सहकारी समिति के सचिव संतोष मौर्य ने डायल 112 को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जल्द ही चोरी की घटनाओं का अनावरण किया जाएगा।

## भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया



**महराजगंज, रायबरेली।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस का कार्यक्रम पूर्व मण्डल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा के प्रतिष्ठान चंदापुर चौराहे पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर मनाया गया। भाजपाइयों ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक वरिष्ठ नेता और भारत के एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक रहे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 कोलकाता में हुआ था व उनकी मृत्यु 23 जून 1953 श्रीनगर में हुई थी उनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी व माता का नाम जोगमाया देवी मुखर्जी था। इस मौके पर बछरावां विधानसभा भाजपा पूर्व प्रत्याशी मातादीन पासी, अवधेश मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, सूर्य प्रकाश वर्मा मंडल उपाध्यक्ष, शिव शंकर शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, रामप्रकाश गौतम, राघवेंद्र सिंह, गजेंद्र तिवारी, अशोक वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, सत्रोहन लाल, विनोद कुमार, राजू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### राज्य महिला आयोग सदस्य बचत भवन में सुनेंगीं पीड़ित महिलाओं की समस्याएं



**रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि उप्र राज्य महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी 25 जून पूर्वाह्न 11:00 बजे बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में महिला उत्पीड़न रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवेदक/आवेदिकाओं की जन सुनवाई करेंगी। तत्पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिका/महिला गृह एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।

### उत्साह और उमंग के साथ विद्यालय का पुनः शुभारंभ



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में गर्मी की छुट्टियों के अवकाश का आनंद लेने के पश्चात स्टूडेंट्स बड़े ही उत्साह, उमंग और जोश के साथ अपने स्कूल पहुंचे। शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बड़ी ही गर्मजोशी के साथ एक बार फिर से अपने बच्चों का स्कूल गेट पर वेलकम किया। विद्यालय प्रांगण एक बार फिर से बच्चों की चहल–पहल से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह एवं हेड–मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने भी माँ वीणावादिनी का विधि–विधान पूर्वक पूजन कर उनका आशीष प्राप्त किया। कक्षाओं में बच्चों ने उत्साह पूर्वक शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ अपनी छुट्टियों के अनुभव साझा किये। प्रेरणादायक उद्धवरणों से सजे रंग–बिरंगे बोर्डों से नए शैक्षणिक सत्र की सकारात्मक शुरुआत हुई। अंत में प्रधानाचार्य महोदय ने स्टूडेंट्स के प्रति अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ–साथ सह–पाठ्य गतिविधियों पर भी समान रूप से ध्यान देने से ही सर्वांगींण विकास संभव है। आप सभी अपनी पढ़ाई मन लगाकर करते रहें, तो निश्चित ही सफलता के उच्च शिखर पर पहुंच जाएंगे। हम आप सभी के शुभ उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अहोरवा भवानी मेले में उमड़ी भीड़




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई के सिंहपुर ब्लाक स्थित पांडव कालीन आदि शक्तिपीठ मां अहोरवा भवानी का मेला शुरू हो गया है। विदित हो कि यह मेला प्रतिवर्ष आषाढ़ मास में शुरू होकर पूरे एक महीने तक चलता है, जिसमें आसपास के लोगों के अलावा दूर दराज से भी भी लोग अपनी मनोकामना लेकर मां अहोरवा भवानी के पास आते हैं, मेले में सोमवार व शुक्रवार को भारी भीड़ होती है। मां अहोरवा भवानी अपने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। एक माह तक चलने वाले इस मेले में खाने पीने की चीजें, महिलाओं के श्रृंगार संबंधी सामानों के अलावा अन्य सामग्रियों की दुकान भी मेले में एक माह के लिए सज गई है जो कि मेले में आए हुए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है, इसके साथ साथ मेले अन्य प्रकार के भी मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं।

### महिला थाना के प्रयास से पति-पत्नी साथ रहने को राजी हुये

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना तथा उनकी टीम द्वारा पति–पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवादों के संबंध में दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों की समस्याओं को सुलझाते हुए पति–पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें एक वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया। पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर अभियुक्त देशराज पुत्र लल्लन निषाद निवासी पूरे जालिम मल्लाह मजरे मडवा थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया, तलाशी से गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। जगदीशपुर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### गो सेवा आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण को लेकर हुई बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने सोमवार को अपने जनपद भ्रमण के दौरान गौरीगंज स्थित कान्हा गौशाला का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंशों को दी जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में भूसा, हरा चारा, पशु आहार, शेड, गोवंशों की ईयर टैगिंग, छांव की व्यवस्था, पीने के पानी की उपलब्धता, स्वच्छता सहित अन्य पहलुओं पर गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में सभी व्यवस्थाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित सभी खंड विकास अधिकारियों व पशुपालन विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### बकरियों के पेड़ चरने पर दो पक्षों में झगड़ा, आठ घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत बकरियों द्वारा बबूल का पेड़ चर लेने पर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। धीरे धीरे झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया जिसमें आठ लोग घायल हो गए। रविवार को कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के बाबूजी का पुरवा जगदीशपुर में कुछ महिलाएं बकरियों को चराने ले जा रही थीं इसी दौरान खेत के बगल मेड़ों पर लगे बबूल के पेड़ों को बकरियों ने चर लिया, पेड़ों को चरते देख गांव के ही निवासी कल्लू, अखिलेश और दिनेश व अन्य कई लोग मौके पर पहुंचे और महिलाओं पर हमला कर दिया। महिलाओं को पिटता देख उनके परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा कहा सुनी के बाद दोनों पक्ष आमने–सामने हो कर लाठी डंडे से एक दूसरे को जमकर पीटा, जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। जिसमें रेनू, सुशीला, गीता, कंसराज, अंशिका, अरुण, शिव और सूरज घायल हो गए।

### अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो. शमीम अहमद ने बताया कि अर्न्तराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए कार्यक्रम भव्यतापूर्वक मनाया गया। इस दौरान जिला खेल कार्यालय के कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य, जीवन रक्षक राम आसरे यादव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक मो. आरिफ, मो. नदीम, लबली तिवारी, मोना सिन्हा सहित अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## अपने हितों की रक्षा के लिए विद्युत पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार




**रायबरेली।** पेंशन के नियमों को लेकर भारत सरकार द्वारा लाए गए विधेयक से विद्युत कर्मी काफी परेशान है। सोमवार को विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के बैनर तले सेवा निवृत कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र भेजकर अपने हितों की रक्षा के लिए गुहार लगाई है। कर्मचारियों का कहना है कि नए विधेयक से पेंशनरों के भुगतान में असमानता फैलेगी। इसीलिए राष्ट्रीय आह्वान पर पेंशनर्स लामबंद हुए हैं। उन्होंने सरकार से भुगतान में किसी तरह का भेदभाव न करने और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित आठवें वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण का लाभ दिलाने की मांग की है।

## बंजर भूमि पर बनाए जा रहे इमामबाड़े के खिलाफ ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



कोतवाली लालगंज और डलमऊ तहसील के अंतर्गत ऐहार गांव में पक्की सड़क की पटरी और बंजर भूमि पर संप्रदाय विशेष के द्वारा इमामबाड़ा बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ऐहार गांव और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लालगंज खंड संघ चालक लक्ष्मी शंकर तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, चंदन त्रिवेदी, अवनीश पांडे, विकास तिवारी, उमेश सिंह, आयुष पांडे, शिवम बाजपेई, मनीष तिवारी, मदन कुमार, कपिल देव तिवारी, रिशु शुक्ला, प्रखर, आदर्श, दीपू तिवारी, मानू तिवारी, अमृत बाजपेई, शिवम त्रिवेदी सहित अन्य लोगों ने बिना सरकारी अनुमति के बन रहे इमामबाड़े को रोके जाने और अवैध निर्माण को हटाए जाने हेतु डलमऊ एसडीएम फरीद अहमद सिद्दीकी को ज्ञापन सौपा है।

ऐहार गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि मेरे गांव में डॉक्टर सिद्दीकी, फारूक, हाफिज और शब्बीर के द्वारा बिना सरकारी अनुमति के इमामबाड़े का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सख्त निर्देश हैं कि बिना जिलाधिकारी के अनुमति के किसी भी सूरत में धार्मिक स्थलों इमामबाड़े या मस्जिद का निर्माण नहीं होगा। ऐहार गांव के उमरा मऊ जाने वाली सड़क के किनारे बंजर भूमि पर इमामबाड़े के निर्माण से सरकार के आदेशों का उल्लंघन हो रहा है। अवैध निर्माण को हटाया जाना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इमामबाड़े के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही अवैध निर्माण को तत्काल हटाए जाने की भी मांग ज्ञापन में है। उप जिलाधिकारी ने लेखपाल को भेज कर मौके पर भेज कर रिपोर्ट देने को कहा है।

## मासिक काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

- बाल कविताओं की पुस्तक के लिए वैष्णवी सिंह को किया गया सम्मानित

महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




अवधी सम्राट इन्द्रेश बहादुर सिंह भदौरिया इन्द्रेश के निज निवास महमंऊ में रायबरेली काव्य रस साहित्य मंच के तत्वावधान में एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राम मनोहर लाल रायबरेली ने की। मुख्य अतिथि बाराबंकी से पधारे कवि साहित्यकार समीक्षक वेद प्रकाश सिंह प्रकाश रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में सूफी परंपरा के कवि एवं शायर रमजान अली सफ़ीर तथा शिवबहादुर सिंह दिलवर रहे और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डाक्टर संतलाल तथा देवेन्द्र देवन ने दायित्व का निर्वाह किया। माँ वीणापाणि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात वाणी वंदना दुर्गेश प्रेमी ने की, तत्पश्चात कवियों एवं अतिथियों का स्वागत संस्था के संस्थापक शिवनाथ सिंह शिव के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कविराज डॉ. शिवकुमार सिंह शिव दुसौंती ने किया। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाल कविता संग्रह के लिए वैष्णवी सिंह को पुष्प गुच्छ, साल, मोमेंटो, चुन्नी तथा प्रशस्ति पत्र देकर संस्था के पदाधिकारियों एवं साहित्यकारों द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले कवियों में कृष्ण कुमार सिंह कन्हपुरिया अमेठी, रत्नेश राज अनुराग बाराबंकी, अनिल कुमार सिंह पीपल जगतपुरा, डाक्टर संतोष विश्वकर्मा, प्रदीप प्यारे, अभय प्रताप सिंह, सुभाष ऋतुज, अभिमन्यु सिंह, डाक्टर श्रीकान्त सिंह भदौरिया, अनुज प्रताप सिंह अनुज कवियों के रूप में तथा रणंजय सिंह, अमित, आलोक, आकाश, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, रुद्र प्रताप, ओम, अविरल, अनमोल, संजय, बीना, शोभा, आरती, सुधा, रत्ना, कीर्ति, प्रकृति, ऋद्धिमा आदि की श्रोताओं के रुप में उपस्थित रहीं।

## डीएम के आदेश पर अवैध कब्जे को राजस्व टीम ने कराया मुक्त

- ग्राम प्रधान की दोहरी राजनीति पर लोगों ने उठाये सवाल



**रायबरेली।** डलमऊ क्षेत्र के धमधमा ग्राम सभा की बंजर भूमि पे सल्तनत बानो के द्वारा टीन सेट लगाकर कब्जा कर लिया गया था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान मोबीन अंसारी के द्वारा तहसील दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से की गई थी जिसको संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने निर्देशित किया था कि अवैध कब्जे को तुरन्त कब्जा मुक्त कराया जाए वहीं आज सोमवार को डलमऊ नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल मनोज पाल की मौजूदगी में गदागंज पुलिस टीम ने कब्जा मुक्त करा दिया लेकिन ग्राम प्रधान की एकतरफा कार्यवाही से लोगों में ग्राम प्रधान पे सवाल उठाए जा रहे की क्या ग्राम प्रधान मोबीन अंसारी को सिर्फ और सिर्फ एक बेवा और गरीब महिला का ही कब्जा दिख रहा था क्योंकि धमधमा ग्राम सभा में बंजर भूमि गाटा संख्या 40, 65, 316, 322, 67 व 18 नंबर तालाब पे ग्राम प्रधान के रिश्तेदार व अन्य लोगों के द्वारा भी बीस कीमती जमीन पे अवैध रूप से कब्जा किया गया है और उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे, चार घायल

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद के कोतवाली क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के काशीपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। लोगों में हो रही कहासुनी को देखते-देखते लाठी डंडे ईट पत्थर चलने लगे, जिसमें महिला तथा बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया दोनों पक्षों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। घायलों में रामपियारे, ललित, समरजीत, रामपता पत्नी राम पियारे आदि घायल हुए हैं।

## संयुक्त संचालक चकबंदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



सोमवार को संयुक्त संचालक चकबन्दी लखनऊ संतोष कुमार सिंह द्वारा जनपद के चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में सर्वे, तरमीम, पड़ताल, कब्जा परिवर्तन की प्रगति, अन्तिम अभिलेखों की तैयारी, उच्च न्यायालय के स्थागनादेश से प्रभावित ग्राम, चकबन्दी न्यायालय में 5 वर्ष से लम्बित वादो एवं 10 वर्ष से अधिक लम्बित चकबन्दी ग्रामों की गहन समीक्षा, निरीक्षण तहसील गौरीगंज सभागार में किया गया। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप संचालक चकबन्दी, अनिल चतुर्वेदी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी केलकर सिंह व चकबन्दी अधिकारी एवं सहायक चकबन्दी अधिकारीगण उपस्थित रहे। समीक्षा में संयुक्त संचालक चकबन्दी द्वारा कड़े निर्देश दिये गये कि सर्वे स्तर का कोई ग्राम लम्बित न रहे। कब्जा परिवर्तन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण किया जाय तथा मौके पर कृषकों को कब्जा परिवर्तन करा दिया जाय जिससे कृषकों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। वादों का निपटारा ग्राम में कृषकों के मध्य किया जाय। 10 वर्ष से अधिक समय से पुराने ग्रामों पर विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य कर धारा 52 कराने एवं 10 वर्ष से अधिक पुराना कोई भी ग्राम चकबन्दी प्रकिया में शेष नहीं होने तथा पुराने वादों के निस्तारण में तीव्रता व जनता की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारण किये जाने के कड़े निर्देश दिये गये।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कलेक्ट्रेट सभागार में 1 से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीडीओ ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे ब?ाया जाए। सीडीओ ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 1 से 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा।

## 50 ली अवैध कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।



जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में सोमवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम- ढोकलपुर, बलाई का पुरवा,पिंडारा व हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी । संयुक्त दबिश के दौरान क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के थाना - मुसाफिरखाना के ग्राम हंसा का पुरवा से लगभग 50 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया । इस कार्यवाही मे 5 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए। ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही मे संयुक्त टीम के साथ चंद्रभान वर्मा, आबकारी निरीक्षक मौजूद रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रनिष्ठ तपस्या कर देश को मजबूती दीः पूनम द्विवेदी



**उरई (जालौन)।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने उरई के आकांक्षा रिसॉर्ट में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी की जिसकी मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी रही। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक विधान, एक प्रधान के सिद्धांत को सत्य में बदलने वाले डॉ. मुखर्जी ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर राष्ट्र को नई दिशा दी। उनकी राष्ट्रनिष्ठ तपस्या, वैचारिक दृढ़ता और साहसिक नेतृत्व सदा हमारे कर्मपथ को आलोकित करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। मुख्य रूप से उपस्थित जिला प्रभारी अशोक जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, गौ सेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष रामानुग्रह राजावत, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर, नीरज दुबे सहित समस्त पदाधिकारीगण मंडलों के अध्यक्ष ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय जनसुनवाई के दौरान कार्यालय में आए आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




### डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा सोमवार को तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवी पैट कक्ष का अवलोकन किया गया। वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र– अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम, वीवी पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

## पाक की 'नोबेल डिप्लोमेसी' पर गिरी गाज

पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर को अपने अमेरिका दौरे पर इतराते हुए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किये हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि पाकिस्तान एक बड़े राजनयिक संकट में फंस गया और उसे ऐसा डिप्लोमेटिक यूटर्न लेना पड़ा जोकि राजनय के इतिहास में हमेशा के लिए हास्यास्पद घटना के तौर पर देखा जायेगा। जैसे ही पाकिस्तान ने 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप को नामांकित करने की घोषणा की उसके कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के तीन परमाणु संयंत्रों पर बंकर बलास्टर बम बरसवा कर मध्य पूर्व में युद्ध का खतरा पैदा कर दिया। ऐसे में पाकिस्तान के लिए सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली स्थिति पैदा हो गयी। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का मजाक Egg on your face वाली अंग्रेजी कहावत का संदर्भ देकर भी उड़ाया जाने लगा। इस कहावत का हिंदी में मतलब है शर्मिंदा होना या मूर्ख दिखना। ईरान पर अमेरिकी हमलों से पहले डोनाल्ड ट्रंप को विश्व का शांति दूत करार दे रहे पाकिस्तान ने अमेरिकी बमवर्षक विमानों के हमले की निंदा वाला बयान जारी करते हुए कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन हैं। पाकिस्तान ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत ईरान को आत्मरक्षा का वैध अधिकार है। हम आपको यह भी बता दें कि पाकिस्तान के कुछ नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के हमले के बाद सरकार से 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। इसलिए देखना होगा कि क्या पाकिस्तान सरकार नोबेल पुरस्कार समिति से की गयी अपनी सिफारिश को वापस लेती है या नहीं? हालांकि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के हस्ताक्षर वाला अनुशंसा-पत्र नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को भेजा जा चुका है। लेकिन अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले किए जाने के बाद इस फैसले को लेकर पाकिस्तानी नागरिकों, संगठनों और मीडिया की ओर से आपत्तियां आने लगी हैं। पाकिस्तान के कई प्रमुख राजनेताओं ने शहबाज शरीफ सरकार से नवीनतम घटनाक्रम के मद्देनजर अपने फैसले की समीक्षा करने की मांग की है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख वरिष्ठ नेता मौलाना फजलुर रहमान ने मांग की है कि सरकार अपना फैसला वापस ले। फजल ने पार्टी की एक बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप का शांति का दावा झूठा साबित हुआ है; नोबेल पुरस्कार के लिए प्रस्ताव वापस लिया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि ट्रंप की हाल में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ बैठक और दोनों के साथ में भोजन करने से 'पाकिस्तानी शासकों को इतनी खुशी हुई' कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित करने की सिफारिश कर दी। फजल ने सवाल किया, ''ट्रंप ने फलस्तीन, सीरिया, लेबनान और ईरान पर इजराइल के हमलों का समर्थन किया है। यह शांति का संकेत कैसे हो सकता है?'' ''जब अमेरिका के हाथों पर अफगानों और फलस्तीनियों का खून लगा हो, तो वह शांति का समर्थक होने का दावा कैसे कर सकता है?'' वहीं पाकिस्तान के पूर्व सीनेटर मुशाहिद हुसैन ने 'एक्स' पर लिखा, ''चूंकि ट्रंप अब संभावित शांतिदूत नहीं रह गए हैं, बल्कि एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने जानबूझकर एक अवैध युद्ध छेड़ दिया है, इसलिए पाकिस्तान सरकार को अब नोबेल पुरस्कार के लिए उनके नाम की सिफारिश पर पुनर्विचार करना चाहिए, उसे रद्द करना चाहिए!''

# भारत का विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर होना, कांग्रेस का यह तर्क व्यर्थ

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

कांग्रेस ने इन दिनों अपने युवराज राहुल गांधी के जरिए लगातार केंद्र सरकार की आलोचना के लिए जो रास्ता चुना है, वह सही नजर नहीं आ रहा। क्योंकि उनके द्वारा उठाया गया ये मुद्दा सत्य से बहुत दूर दिखता है। उनका तर्क है कि मोबाइल फोन एवं विनिर्माण क्षेत्र के सभी उत्पाद भारत में असेंबल किए जा रहे हैं और उनके पुर्जे विदेश से आयात किए जा रहे। वे केंद्र सरकार को यह कहकर घेरते दिखे कि मेक इन इंडिया ने फैक्टरी बूम का वादा किया था। तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर क्यों है और चीन से आयात दोगुने से अधिक क्यों हो गया है?

राहुल यह भी समझाते हैं कि हमें दूसरों के लिए बाजार बनना बंद करना होगा। अगर हम यहां निर्माण नहीं करते हैं, तो हम उन लोगों से खरीदते रहेंगे जो निर्माण करते हैं। किंतु क्या राहुल यहां जो बता रहे हैं, वह उतना ही सच है, जैसा कि कहा जा रहा है? भारत क्या विनिर्माण क्षेत्र में लगातार कमजोर हुआ है? या फिर जैसा कांग्रेस कह रही है कि हम दूसरों के लिए बाजार बन गए हैं, वह पूरा सच है? वस्तुतः जैसा कि अर्थ, वाणिज्य और उद्योग जगत के जानकार जानते हैं, बाजार में हर कुछ एक दूसरे पर निर्भर है। यह हो सकता है कि कभी कोई आगे तो कभी कोई कुछ या अधिक पीछे दिखाई दे, लेकिन हमेशा परिणाम सकारात्मक या नकारात्मक ही होंगे, यह बाजार में कभी स्थायी रूप से होता नहीं है। जहां तक भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कार्य करने एवं विकास का प्रश्?न है तो आंकड़े जो कहते हैं, वह ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों के बीच जहां परस्पर युद्ध का साया मंडरा रहा है तो कहीं सीधे युद्ध जैसी स्थितियां हैं, फिर भी बहुत आशावादी और उत्साहवर्धक कहे जा सकते हैं।

ये कुछ आंकड़े हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब केंद्र में सरकार बनी तब देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई। आज भारत दुनिया की टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रहा है। प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशत, निर्यात में 825 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड स्तर, एफडीआई में 106 प्रतिशत, टैक्सपेयर्स की संख्या में 127 प्रतिशत और डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि भारत के संदर्भ में आज दिखाई देती है। पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। विचार करें; क्या यह सरकार के बिना सही प्रयास वगैर संभव होता? यह तो सभी जानते हैं कि सरकारी नौकरियां कुल जनसंख्या में अधिकतम तीन प्रतिशत लोगों को ही दी जा सकती है, ऐसे में शेष 97 प्रतिशत के लिए रोजगार, श्रम एवं कृषि ही वह उपाय है, जहां से वे अपने लिए आय प्राप्त कर सकते हैं। स्वभाविक तौर पर इसमें सबसे बड़ा हिस्सा वर्तमान में उद्योग-धंधे से होनेवाली आय का है। यदि देश में विनिर्माण क्षेत्र कमजोर होता तब फिर 27 करोड़ लोगों का गरीबी की रेखा से बाहर निकलना कभी संभव ही नहीं होता! यानी भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है और रोजगार के तमाम अवसर सुगम है, इसलिए देश में गरीबी कम हो रही है, लखपति के बाद अब करोड़पति और अरबपतियों की संख्या में इजाफा हो रहा है।



**राहुल यह भी समझाते हैं कि हमें दूसरों के लिए बाजार बनना बंद करना होगा। अगर हम यहां निर्माण नहीं करते हैं, तो हम उन लोगों से खरीदते रहेंगे जो निर्माण करते हैं। किंतु क्या राहुल यहां जो बता रहे हैं, वह उतना ही सच है, जैसा कि कहा जा रहा है? भारत क्या विनिर्माण क्षेत्र में लगातार कमजोर हुआ है? या फिर जैसा कांग्रेस कह रही है कि हम दूसरों के लिए बाजार बन गए हैं, वह पूरा सच है? वस्तुतः जैसा कि अर्थ, वाणिज्य और उद्योग जगत के जानकार जानते हैं, बाजार में हर कुछ एक दूसरे पर निर्भर है। यह हो सकता है कि कभी कोई आगे तो कभी कोई कुछ या अधिक पीछे दिखाई दे, लेकिन हमेशा परिणाम सकारात्मक या नकारात्मक ही होंगे, यह बाजार में कभी स्थायी रूप से होता नहीं है।**

इसी जून माह के प्रारंभ में भारत के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के संबंध में रिपोर्ट देखने को मिली। जो कहती है कि मई में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 रहा। मजबूत मांग और रिकॉर्ड हायरिंग दर्ज की जा रही है। हालांकि मई में पीएमआई अप्रैल के 58.2 से मामूली रूप से कम रहा है, फिर भी ध्यान देने योग्य है कि पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह वृद्धि को दिखाता है। यानी भारत वर्तमान में वृद्धि करते हुए साफ दिखाई देता है। स्वभाविक है कि यह मजबूत वृद्धि घरेलू और विदेशी मांग के साथ-साथ सफल मार्केटिंग प्रयासों के कारण हुई है, जिसने निर्यात ऑर्डर को पिछले तीन वर्षों के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी की ओर से किए गए पीएमआई सर्वेक्षण में देश भर की फर्मों ने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका के प्रमुख बाजारों से बढ़ती रुचि के बारे में भी बताया है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। देश की जीडीपी पिछली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.4 प्रतिशत बढ़ी, जो 2024 की शुरुआत के बाद से इसकी सबसे तेज़ गति है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) तो यही दर्शा रही है कि विनिर्माण नौकरियों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें कंपनियों ने अस्थायी श्रमिकों की तुलना में स्थायी कर्मचारियों को प्राथमिकता दी है। जहां तक विशेष रूप से मोबाइल फोन उत्पादक का विषय है तो इसमें आज भारत विश्?व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, पिछले 11 सालों के दौरान 2014 में दो विनिर्माण इकाइयां से बढ़कर आज इनकी संख्या 300 से अधिक हो गई है। मोबाइल फोन का निर्यात 2014-15 में 1,566 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 1.2 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 77 गुना वृद्धि है। यह भी एक तथ्य है कि भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन अब भारत में निर्मित होते हैं, जबकि 2014-15 में यह आंकड़ा मात्र 26 प्रतिशत था। पीएलआई योजना से 10,905 करोड़ रुपये का संचयी निवेश और 7.15 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ है। अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पीएलआई योजना के तहत 1,39,670 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की गई हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन मूल्य वित्त वर्ष 2014 में 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 4.22 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 38 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया, जो साल-दर-साल 32 प्रतिशत की वृद्धि है।

## गांधीजी की दृष्टि और पश्चिम एशिया का संकट?

**अरुण कूमार डनायक**

फिलिस्तीन का मुद्दा धर्म, भूमि और पहचान से जुड़ा सौ साल पुराना मुद्दा है। इजराइल-ईरान तनाव के साथ यह वैश्विक चिंता का विषय बन गया है, जिसके अमेरिका, रूस और चीन जैसी शक्तियों की भागीदारी से महायुद्ध में बदलने की आशंका है। यह संकट वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को चुनौती देता है। इसका समाधान युद्ध नहीं, बल्कि संवाद, सहयोग और गांधीवादी अहिंसा में निहित है।

दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए गांधीजी के हर्मन कैलनबैक, हेनरी पोलक और जोसेफ रॉयड्स जैसे अनेक यहूदियों से मैत्रीपूर्ण संबंध बने थे। गांधीजी ने हरिजन में 26 नवंबर 1938 को यहूदियों की समस्या पर लिखते हुए स्पष्ट किया था कि वे यहूदियों के साथ हो रहे अन्याय को गहराई से समझते हैं। उन्होंने कहा था, श्यहूदियों को अपने अधिकार के लिए हिटलर के खिलाफ संघर्ष अवश्य करना चाहिए, लेकिन अहिंसा के रास्ते पर चलकर। गांधीजी चाहते थे कि यहूदियों के साथ उसी भूमि पर न्यायसंगत व्यवहार हो, जहां वे जन्मे, पले और विकसित हुए हैं। गांधीजी मानते थे कि यहूदियों का फिलिस्तीन पर दावा नैतिक रूप से उचित नहीं, क्योंकि वह भूमि अरबों की है। यहूदियों की वापसी ऐतिहासिक गलतियों के आधार पर न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। उन्होंने यह भी जोड़ा कि बाइबल या धर्मशास्त्रों के आधार पर किसी भूमि पर दावा करना आधुनिक राजनीति में उचित नहीं है। यह वक्तव्य गांधीजी की उस मूल सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें वे धर्म या इतिहास के आधार पर भूमि के स्वामित्व को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने अरबों के अधिकार को प्राथमिकता दी और यहूदियों से आग्रह किया कि वे अरबों के साथ अहिंसा और सहयोग के आधार पर सह-अस्तित्व का मार्ग अपनाएं। गांधीजी ने इजराइल के गठन से पहले फिलिस्तीन में चल रहे यहूदी आतंकवाद की निंदा की थी, इसे नैतिक पतन बताया। उन्होंने कहा था कि हिंसा से प्रतिशोध न्याय नहीं होता और आतंकवाद किसी धर्म या उद्देश्य को पवित्र नहीं करता। वे मानते थे कि यहूदियों को केवल उसी पर संतोष करना चाहिए जिसे वे अपने ईश्वर यहोवा से विरासत में प्राप्त मानते हैं। उन्हें अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए न तो ब्रिटिश सत्ता पर निर्भर रहना चाहिए, न ही अमेरिकी समर्थन की आस रखनी चाहिए।

गांधीजी के अनुसार, न्याय का मार्ग आत्मनिर्भरता, नैतिक बल और आपसी सौहार्द के आधार पर ही टिकाऊ हो सकता है। गांधीजी ने अरबों को यह संदेश दिया था कि वे धैर्य, संयम और अहिंसा का मार्ग न छोड़ें। उन्होंने अरबों से आग्रह किया था कि यहूदियों से उनका विरोध अस्मिता के आधार पर हो, घृणा के आधार पर नहीं। यह एक संतुलित दृष्टिकोण था, जिसमें संघर्ष का समाधान नैतिक आधार पर खोजा गया। गांधीजी ने ईरान को भारत का आत्मीय व सांस्कृतिक मित्र माना था और दोनों देशों के संबंधों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आधार पर परिभाषित किया था। श्जेंद-अवेस्ताश् (पारसी धर्म का प्रमुख ग्रंथ है जिसमें पारसी धर्म के संस्थापक पैगंबर जरथुस्त्र की शिक्षाओं और सिद्धांतों का संग्रह है) जैसे ग्रंथों में निहित समन्वय को वे सम्मान का प्रतीक मानते थे। जनवरी 1948 की एक प्रार्थना सभा में व्यक्त ये विचार प्रेम और भाईचारे को सच्चे धार्मिक मूल्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं। गांधीजी का दृष्टिकोण भारत-ईरान संबंधों को शांति और सहयोग के आधार पर मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

वे पश्चिम एशिया के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण मानते थे और इसे एशियाई एकता के प्रतीक के रूप में देखते थे। वर्ष 2024 में इजराइल के लेबनान और गाजा में हवाई हमले और ईरान के प्रॉक्सी संगठनों (जैसे हिजबुल्लाह) के जवाबी हमलों ने तनाव बढ़ाया है। साइबर युद्ध और सामरिक धमकियां क्षेत्र को अस्थिर कर रही हैं। इजराइल का यहूदी राष्ट्रवाद, सुरक्षा के नाम पर सैन्य कार्रवाइयां और ईरान की धार्मिक कट्टरता व प्रॉक्सी युद्ध गांधीजी की संवाद, सह-अस्तित्व और सत्याग्रह की नैतिक दृष्टि के विपरीत हैं। इस संघर्ष में मानवीयता को सबसे अधिक क्षति पहुंच रही है।

## विचार

# प्रधानमंत्री मोदी का हर अभियान बना जन आन्दोलन

**डॉ. राजेश मिश्र**

अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की तो किसी को अंदाजा न रहा होगा की यह अभियान जन आन्दोलन का रूप ले लेगा। स्वच्छता आन्दोलन के साथ देखते ही देखते तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गये वह अपने आप मे अद्वितीय ही रहा। अभियान पूरे देश में व्यापक असर तो दिखा ही साथ ही लोगों के दिलों-दिमाग में स्वच्छता के प्रति जागरुकता के प्रति अमिट छाप छोड़ गया।

आज भी लोग सार्वजनिक व निजी स्थलों मे कचरा फेंकने, गंदगी करने के पहले सौ बार सोचते है। कोविड के समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और जन सहयोग को मिशाल के रूप मे देश ने देखा है। सरकारी मदद इलाज के इतर जिस तरह से एक दूसरे की मदद के लिए लोग सामने आए और लाखो लोगों की जान सुरक्षित किए वह प्रधानमंत्री के आह्वान का ही नतीजा रहा है। मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रो मे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पी.एम.



आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों मे यदि किसी को गिना जाअगा तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगो का इलाज कराकर उन्हे वित्तीय संकट से बचाया। देखा जाए तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिये इलाज पर होने वाला खर्च कमर तोड़ने वाला होता है। गम्भीर बीमारी के समय तो कई ऐसे परिवार रहे जो खर्च न उठा पाने की स्थिति मे मरीज को अपने हाल पर छोड़ देते थे।

आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिन्ता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इण्डिया का कदम क्रान्तिकारी रहा है। डिजिटल इण्डिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इण्डिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी।

मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना ऐसा निर्णय रहा जिसे देश मान चुका था की यह सम्भव नही है। यह नहीं हो सकता की धारणा आम हो चुकी थी लोकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे यह धारणा टूट गई। अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया और किसी तरह की चूं- चपड़ भी नही हुई। विपक्ष की यह आशंका भी निर्मूल साबित हुई की देश मे भू-चाल आ जाएगा।अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद देश ने भी देखा की जब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव हुए तो 58.46 फीसद तक मतदान हुआ। यह परिवर्तन एक साहसिक निर्णय का असर रहा है। इसी तरह तीन तलाक की प्रथा जो मानवता के लिए त्रासदी थी जिस पर वर्षों तक चुप्पी छायी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही

**आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिन्ता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इण्डिया का कदम क्रान्तिकारी रहा है। डिजिटल इण्डिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इण्डिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी। मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं।**

लेकिन कोई निर्णायक कदम नही उठाया गया। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब पता चलता है कि इस्लामिक देशों में तो तीन तलाक बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है।

प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण की सार्थक योजना चलाई जिसका असर देखने को मिला है। गरीबी हटाओ केवल पुराने नारे तक सीमित नहीं रहा बल्कि गरीबों के कल्याण को साकार रूप दिया गया। आंकड़े बताते हैं की 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के उपर उठ चुके है। नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकडे भी इसके गवाह है। भारत मे अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगो को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं व चावल निश्शुल्क उपलब्ध कराया गया जिसे बडी उपलब्धि के रूप में माना जा सकता है। पी.एम. आवास योजना ने भी गरीबों की ना की दशा बदली बल्कि खुशहाली की राह दिखाआ है।

पी.एम. आवास योजना के 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके है और अगले पांच वर्षों में 3 करोड और मकानों के निर्माण का संकल्प लिया गया है। यदि आज आप गांवों की यात्रा करें तो पहले जहां खपरैल व घासफूस के घर दिखते थे अब वहां पक्के मकान खड़े है। सड़क नेटवर्क क्षेत्र में पहले जो सड़कें अधूरी व टूटी-फूटी रहती थीं वह अब हाइवे मे बदल चुकी हैं। यह आज के आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का परिचायक है।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**कुंभः-** अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# ईरान पर हमला करके ट्रंप पूरी दुनिया को धमका रहे

**शकील अख्तर**

यह दुनिया ऐसे ही चलती है। ताकतवर की दुनिया। 12 हजार किलोमीटर दूर ईरान पर हमला करके अमेरिका कहता है अब शांति होगी। अगर दुनिया खामोश रही तो वह गजा के बाद ईरान में भी मौत की शांति पैदा कर देगा। ईरान पर पहले इजराइल ने हमला किया। और जवाब देने को जुर्रत (दुस्साहस) मानते हुए फिर अमेरिका ने। इस धमकी के साथ कि तबाह कर देगा अगर समर्पण नहीं किया तो। संयुक्त राष्ट्र ने बड़े कड़े शब्दों में विरोध किया। अमेरिकी हमले की निंदा की। मगर वह तो गजा पर इजरायली हमले की भी की थी। हमले रोकना तो दूर वहां इजराइल ने भयंकर नरसंहार किया। 50 हजार से ज्यादा तो केवल बच्चों और महिलाओं को मारा है।

कुल मरने वालों की तादाद 60 हजार से ऊपर है। संयुक्त राष्ट्र के कहने से कुछ नहीं हो रहा। जिस विश्व शांति के लिए इसका गठन हुआ था सैकंड वर्ल्ड वार के बाद वह अर्थहीन हो गया। अमेरिका और इजराइल ने दुनिया को फिर एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया। भारत पहले ऐसे में उपयोगी भूमिका निभाता था। मगर बेवजह खुद को विश्व गुरू, विश्व गुरू कहकर हमारे प्रधानमंत्री ने अपनी व्यक्तिगत छवि कितनी उभारी पता नहीं मगर देश की छवि वह 2014 से पहले सम्मान वाली नहीं रहने दी। अब सबकी नजर चीन और रूस पर है। यह दोनों महाशक्तियां चाहें तो अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हो रहे हमलों को रुकवा सकते हैं। मगर आप अगर पिछले दो सालों को देखें तो इन दोनों ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है।

**मूल मुद्दा गजा में नरसंहार रोकने का था। वहां के बच्चों और नागरिकों के दवा, दूध, खाने पर इजराइल द्वारा लगाई गई बंदियों को हटाने का था। मगर यह मानवीय मदद भी कोई नहीं कर पाया। असली सवाल फिलिस्तीन के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व का तो बहुत पीछे चला गया। दो साल में इजराइल ने ऐसा जुल्म ढाया कि आज सबसे पहले सब यही मांग कर रहे हैं कि बच्चों को दूध दवाएं मिल सकें। अस्पतालों और नागरिकों पर हमले बंद हों। मगर यह करने के बदले इजराइल ने सीधे ईरान पर हमला करके इशु डाइवर्ट कर दिया। आज फिलिस्तीन, गजा का नरसंहार पृष्ठभूमि में चला गया।**

मूल मुद्दा गजा में नरसंहार रोकने का था। वहां के बच्चों और नागरिकों के दवा, दूध, खाने पर इजराइल द्वारा लगाई गई बंदियों को हटाने का था। मगर यह मानवीय मदद भी कोई नहीं कर पाया। असली सवाल फिलिस्तीन के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व का तो बहुत पीछे चला गया। दो साल में इजराइल ने ऐसा जुल्म ढाया कि आज सबसे पहले सब यही मांग कर रहे हैं कि बच्चों को दूध दवाएं मिल सकें। अस्पतालों और नागरिकों पर हमले बंद हों। मगर यह करने के बदले इजराइल ने सीधे ईरान पर हमला करके इशु डाइवर्ट कर दिया।

आज फिलिस्तीन, गजा का नरसंहार पृष्ठभूमि में चला गया। सबसे बड़ा सवाल यह आ गया कि अमेरिका के युद्ध में कूद जाने के बाद दुनिया किसी बड़े खतरे की तरफ न बढ़ जाए। अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करके परमाणु रिसाव और परमाणु युद्ध के खतरों को बढ़ावा दे दिया। ईरान ने अमेरिका के हमले के बाद अपने पलटवार और तेज कर दिए हैं। इजराइल पर मिसाइल हमले तो तेज किए ही अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी हमला करने की घोषणा की है। ईरान पिछले दस दिन में अपनी ताकत से ज्यादा लड़ा। इसके पीछे इतना समर्थन इसीलिए है। इजराइल को पहली बार अपने घर में हमलों का स्वाद चखना पड़ा। वह कह रहा कि उसके नागरिकों पर हमले हुए, अस्पताल पर हुए। लेकिन वह यह भूल गया कि उसने गजा में कितने अस्पतालों पर बम गिराए। मासूम बच्चों तक की हत्या की। लेकिन उस समय उसे युद्ध के नियम याद नहीं आए। आज कह रहा है कि अन्तरराष्ट्रीय समुदाय को देखना चाहिए कि हमारे नागरिक क्षेत्रों पर कैसे हमले हो रहे हैं।

युद्ध में सेना सेना से लड़ती है। नागरिकों से नहीं। हमारी सेना ने जब पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों का जवाब दिया तो उसने केवल वहां के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य ठिकानों को भी नहीं, नागरिक क्षेत्रों का तो सवाल ही नहीं उठता। मगर पाकिस्तान ने जवाब में पुंछ में हमारे नागरिक क्षेत्रों के साथ धार्मिक स्थानों पर भी हमला किया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वहां जाकर गुरुद्वारों, मंदिर, मदरसों में पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी को खुद आंखों से जाकर देखा। गोलाबारी से मारे गए लोगों के परिवारों से मिले उन्हें सांत्वना दी। प्रधानमंत्री मोदी को भी जाना चाहिए था। वे नहीं गए। तो हमला नागरिकों पर नहीं होता है। मगर इजराइल ने पहले गजा में फिर ईरान में किया। इजरायल, पाकिस्तान दोनों का अपराध एक जैसा है। मौसेरे भाई। और अमेरिका इन दोनों का सरपरस्त। इन दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। और दोनों ही भरोसेमंद नहीं। मगर इनसे कभी कुछ नहीं कहता। लेकिन ईरान से कहता है कि तुम परमाणु हथियार बना रहे हो इसलिए तुम पर हमला किया। दोहरे मापदंड। हर लड़ाई उसने ऐसे ही लड़ी है। कोरिया में, वियतनाम में, इराक में अफगानिस्तान में। लंबी लिस्ट है और ज्यादातर में उसने मुंह की खाई है। इस बार ईरान में भी उसके लिए स्थिति साजगार नहीं हैं। अमेरिका ने सोचा था इजराइल के हमले से ही डर कर ईरान हथियार डाल देगा। मगर उसने इजराइल को कड़ा जवाब दिया। और अमेरिका के हमले के बाद इजराइल पर और मिसाइलें मार रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अमेरिका के मुकाबले ईरान के पास हथियार और दूसरे साजो सामान नहीं है। मगर हौसले से उसने जो लड़ाई लड़ी उसकी वजह से उसे भारी नैतिक समर्थन मिल रहा है। हालांकि यह सच्चाई है कि आज की लड़ाई जमीन पर नहीं आसमान में हो रही है और वहां आधुनिक तकनीक और विज्ञान ही सब कुछ है। अभी भारत-पाक संघर्ष से पहले किसने सोचा था कि लड़ाइयां ऐसी होंगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम घाटमपुर ने यमुना तटवर्ती गांव गडाथा की बाढ़ चौकी के जांचे हालत, हर वर्ष यमुना नदी की बाढ़ की चपेट में आ जाता है गडाथा



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को एसडीएम घटमपुर ऋतु प्रिया ने तहसील दार संग यमुना तटवर्ती गांव गडाथा का दौरा किया और वहां बनाई गयी बाढ़ चौकी की हकीकत जांची, एसडीएम ने गडाथा के मजरा अजगर पुरवा के प्रार्थमिक विधालय को भी देखा, यहां हर वर्ष राहत शिविर यानी बाढ प्रभावित लोगों को ठहराया जाता है, एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय गाथा के अलावा ग्रामीणों से भी जानकारी की, मालुम हो कि यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने पर सबसे ज्यादा गाथा ही प्रभावित होता है। एसडीएम ऋतु प्रिया ने कटरी, काटर और अमिरतेपुर की बाढ चौकियों की भी हकीकत जांची।

### हादसे में तीन लोग हुए घायल

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को सड़क दुर्घटना में अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल और स्कूटी सवार लोगों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें मोटरसाइकिल और स्कूटी सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेउना थाना क्षेत्र के पूर्व प्रधान श्याम त्रिपाठी व सर्वेश कुमार तिवारी ग्राम पंचायत काटर अपने निजी वाहन मोटरसाइकिल से घर से घाटमपुर आ रहे थे। तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के बेंदा गांव के नदी के पुल के समीप एक अज्ञात कार ने काटर निवासियों व एक स्कूटी सवार अमन सचान घाटमपुर जवाहर नगर पूर्वी को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार, व मोटरसाइकिल सवार सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना जैसे उम्मीदवार जिला पंचायत सदस्य जीतू यादव को मिली, घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की सूचना एम्बुलेंस व पुलिस को दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लाया गया। जहां चिकित्सक ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं पुलिस प्रशासन अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

### चकबंदी लेखपाल कमलाकांत निलंबित

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद कानपुर नगर के नर्वल तहसील में गत शनिवार को जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चकबंदी लेखपाल कमलाकांत मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, मोहम्मद असलम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता राकेश प्रजापति द्वारा आरोप लगाया गया कि दो भूखण्डों की पैमाइश के एवज में चकबंदी लेखपाल द्वारा 90 हजार की अवैध धनराशि ली गई। एक भूखण्ड की पैमाइश की जा चुकी थी, जबकि दूसरे के लिए 20 हजार की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। इसी प्रकार, एक अन्य शिकायतकर्ता श्री मनीष सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि वरासत दर्ज कराने हेतु उक्त लेखपाल द्वारा 20 हजार की मांग की गई। प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को सम्यक जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। जांच रिपोर्ट में यह पाया गया कि जोत चकबंदी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित ग्रामों में धारा–24 से पूर्व किसी भूमि की नाप व कब्जा परिवर्तन का कोई प्रावधान नहीं है, इसके बावजूद चकबंदी लेखपाल द्वारा मनमाने ढंग से भूमि की नाप कर अवैध रूप से कब्जा दिलाया गया। इसके अतिरिक्त, एक निर्विवाद वरासत प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित रखा गया।

### पानी के विवाद में महिला पर कुल्हाड़ी से हमला

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात देवगांव में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने महिला को घर में घुसकर कुल्हाड़ी मार कर लहूलुहान कर दिया। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया। हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया है। दबंगों ने छह माह पूर्व भी हमला बोला था। देवगांव निवासी दिलीप साहू ने बताया कि उसकी मां रामप्यारी साहू का पड़ोसी राजकुमार साहू से पुराना विवाद है। रविवार को देर रात पानी भरने को लेकर दोनों के मध्य विवाद हो गया। राजकुमार साहू ने पत्नी सुमन साहूए भाई शिव सागर साहू एवं अन्य परिजनों के साथ घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी मारकर मां को घायल कर दिया। साथ ही जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। घायल महिला के पुत्र ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया। हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पानी भरने को लेकर विवाद हुआ है। एक पक्ष की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मृत्यु



**राठ, हमीरपुर।** कूलर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर स्वजनों में हड़कंप मच गया है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी राजेश ने बताया कि उसका बड़ा भाई 35 वर्षीय प्रमोद पुत्र अंतराम अनुरागी सोमवार की सुबह करीब दस बजे नहाकर कमरे में गया था। तभी कूलर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। घर में मौजूद बड़ी पुत्री ने आनन–फानन में कूलर के तार निकाल दिए। स्वजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉ चंद्रशेखर ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। मृतक अपने पीछे दो पुत्रियां महक खुशी व एक पुत्र दीपेंद्र छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी रामप्यारीए मां सुमित रानी का रो रोकर बुरा हाल है।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी एक युवक ने गरीब रथ एक्सप्रेस के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी रामराज पांडेय 23 वर्ष पुत्र उदयभान पांडे सोमवार की शाम लखनऊ से रायपुर जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई अश्वनी पांडे ने बताया कि भाई ने किस कारण से आत्महत्या कर ली कोई जानकारी नहीं है। मृतक अविवाहित था।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित




**महोबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिटी प्लाजा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की। कार्यक्रम के संयोजक और कार्यक्रम का संचालन योगेश मिश्रा द्वारा किया गया। मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, अभियान के जिला संयोजक रविंद्र महेंद्र एवं पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर कमलेश सक्सेना उपस्थित रहे। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के द्वारा लगाया गया पौधा आज एक बट वृक्ष बन गया आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। वह दुनिया की एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने कहा था पार्टी से बड़ा धर्म है और धर्म से बड़ा राष्ट्र है पार्टी से पहले देश है इसलिए कार्यकर्ता देश के लिए कम करें बाद में पार्टी के लिए करें। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है इसको पूरे देश में पहुंचाना और देश का यह अभिन्न अंग है इसकी अलख जगाने का काम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राण त्याग कर किया। एक देश एक विधान एक संविधान एक ध्वज इसका सपना डॉक्टर साहब ने देखा और मोदी ने पूरा किया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भाजपा इसलिए बनाई ताकि देश को सुरक्षित रखने के लिए राष्ट्रभक्ति पैदा करने वाली पार्टी बन पाए। डॉक्टर साहब की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में क्यों मनाते हैं क्योंकि उनकी मृत्यु स्वाभाविक नहीं थी बल्कि एक साजिश के तहत की गई थी।

### चरखारी भाजपा मण्डल कार्यसमिति का हुआ गठन

**चरखारी (महोबा)।** भाजपा चरखारी नगर मंडल अध्यक्ष अमित पटेरिया द्वारा संगठन को गति देने के लिए मंडल कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है मंडल अध्यक्ष द्वारा मंडल कार्यकारिणी में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है जिससे आगामी समय में भाजपा संगठन की सभी वर्गों में मजबूत पकड़ रहे, मंडल अध्यक्ष अमित पटेरिया द्वारा बताया गया कि भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मूल मंत्र को लेकर निरंतरआगे बढ़ रही है और देश का हर क्षेत्र में चहूंमुखी विकास हो रहा है, बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरगामी में नीतियों की वजह से विश्व में राष्ट्र की छवि बेहद मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरी है, ऐसे में हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत करते हुए भाजपा की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएं इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा नगर मण्डल कार्यकारिणी का गठन किया है आशा है कि सभी मण्डल पदाधिकारी एकजुटता के साथ कार्य करते हुए आगामी चुनावों में भाजपा को अपने अपने बूथों पर बेहतर प्रदर्शन करने में सफल होंगें। चरखारी भाजपा नगर मण्डल में चार शक्ति केन्द्र हैं इनको ध्यान में रखते हुए मंडल उपाध्यक्ष पद पर कैलाश ताम्रकार, युवराज सिंह, द्रौपदी सेन, प्रभात मिश्रा, नीतू विनोद खटीक, मानवेंद्र सिंह आदि कई पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

# दो दिन के अन्दर पतारा पावर हाउस से मुख्यालय को जोड़ें: जिलाधिकारी

**जल संस्थान का निरीक्षण कर स्थापित किया कंट्रोल रुम, बिजली समस्या को लेकर जिलाधिकारी गंभीर**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सोमवार को बिजली समस्या को हमेशा के लिये हल करने के लिये पतारा पावर हाउस का निरीक्षण कर संबंधित अभियंताओं से दो दिन के अन्दर हमीरपुर मुख्यालय को पतारा पावर हाउस से जोडने का आदेश दिये है, इसके बाद जल संस्थान जाकर पेयजल की के बारे में पूछताछ कर कंट्रोल रूम स्थापित करने को कहा है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय में चौबीस घंटे विजली आपूर्ति बाधित होने से नाराज उपभोक्ताओ ने हमीरपुर पावर हाउस में नारेबाजी कर पतारा पावर हाउस से जोड़ने की मांग की थी वहीं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से बिजली समस्या को हल करने को कहा था, सदर विधायक ने एसडीओ व अन्य अभियंताओ को जमकर फटकार लगायी थी। आज जिलाधिकारी ने जिले में कानून व्यवस्था न खराब हो इसका ध्यान रखते हुये 132 केवी पतारा (कुरारा) जाकर निरीक्षण किया। वहां की स्थिति की जानकारी की इसके बाद निर्देश दिये कि हर हाल में दो दिन में मुख्यालय को पतारा पावर हाउस से जोड़ दिया जाये, जिलाधिकारी के आदेश के बाद संबंधित जेई ने जांच पड़ताल कर मौका मुआवना कर रिपोर्ट बनाना शुरु कर दिया है। जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत के खिलाफ कड़ी कार्रवाईकरने के लिये संबंधित को पत्राचार करने को आदेश दिये है। जिला मुख्यालय सुमेरपुर पावर हाउस से संबंद्ध होने व सोलह किलोमीटर की दूरी होने से अक्सर फाल्ट खोजनेमें घंटों का समय लग जाता है जिससे विजली आपूर्ति कई घंटे वाधित रहती है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह का कहना है कि हर हाल में दो दिन में पतारा 132 केवी से मुख्यालय को जोड़ दिया जायेगा। वही जिलाधिकारी ने जल संस्थान जाकर पेयजल के मामले में जानकारी ली कंट्रोल रुम का नंबर 05282.233776 है जिस किसी को कोई परेशानी हो तो वह इस नंबर पर संपर्क कर सकता है।

### सुमेरपुर व पतारा दोनों पावर हाउस से जोड़ा जायेगा मुख्यालय को

**हमीरपुर।** पतारा व सुमेरपुर पावर हाउस से मुख्यालय को जोड़ने के बाद मुख्यालय की विजली व्यवस्था हमेशा के लिये ठीक हो जायेगी। विभाग के अधिशासी अभियंता लेखराज सिंह ने बताया कि मुख्यालय को 132 केवी पतारा व सुमेरपुर दोनो से जोड़ दिया जायेगा ताकि दोनों पावर हाउसों में कही भी बिजली गुल हो जाये तो एक दूसरे को जोड़ा जा सके। इससे बिजली व्यवस्था ठीक हो जायेगी। एक्शियन का कहना है कि बरसात में बिजली व्यवस्था गड़बड़ रहती है मगर हरहाल में उसको पटरी मे लाने का प्रयास किया जायेगा। मामले को उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के महान नेता थे: सुनील पाठक



**हमीरपुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर वन विभाग हमीरपुर के द्वारा कुरारा ब्लाक के अन्तर्गत जखेला ग्राम में मार्कण्डेय ऋषि तपोभूमि स्थान पर आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के एक महान नेता और राष्ट्वादी थे। उन्होने भारतीय समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने के लिए कई कार्य किए। 23 जून 1953 को उनका बलिदान दिवस है जब उन्होंने जम्मू और कश्मीर में भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए अपना जीवन अर्पित किया। उनका चरित्र अत्यधित प्रेरणदायक और समर्पित था। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय बनाधिकारी द्वारा किया गया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हये क्षेत्रीय बनाधिकारी डीएन पाण्डेय ने बताया कि हर व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिऐ जिससे प्रथ्वी पर शुद्ध हवा पानी मिल।ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल मण्डल प्रभारी विशेष नायक मण्डल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा प्रधान प्रतिनिधि अंकित सिंह क्षेत्रीय बनाधिकारी हमीरपुर डीएन पाण्डेय उप क्षेत्रीय बनाधिकारी मौजूद रहे। इसी कम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर सन्देश देते क्षेत्रीय बनाधिकारी महोदय, द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया व सीनरी संप्रेम भेट कर सम्मानित किया जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे धीरेन्द्र सिंह द्वारा सभी को जलपान व जल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय वनाधिकारी ने किया।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 03.07.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# परिवहन निगम की अनुबंधित बसें स्टॉप से ही बैठाएं सवारियां: डीएम

**अवैध ठहराव पर बस चालकों पर होगी सख्त कार्रवाई**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय वाणिज्य बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में लागू एकल दिशा (वन-वे) मार्गों की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए नगर निकाय एवं यातायात पुलिस आपसी समन्वय से सतत निगरानी करें और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई भी करते रहें। उन्होंने परिवहन निगम तथा अनुबंधित निजी बसों के संचालन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बसें केवल निर्धारित बस स्टॉप या स्टैंड से ही सवारियां बैठाएं और उतारें। किसी भी दशा में चौराहों या अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अवैध रूप से बस रोककर सवारी बैठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा और उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन स्वामी व चालक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ये बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही संचालित हों तथा दुकानें सड़क की सफेद पट्टी के अंदर ही लगाई जाएं, ताकि यातायात बाधित न हो और आमजन को असुविधा न हो। शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए उन्होंने नगर पालिका परिषद एवं एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में कम से कम दो से तीन स्थानों की पहचान कर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की जाए। साथ ही उन्होंने नगर पालिका व विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चौराहों व मार्गों पर लटकते तारों और बीच सड़क में लगे विद्युत खंभों की पहचान कर उन्हें शिफ्ट करने की कार्यवाही जल्द प्रारंभ की जाए। व्यापारी संगठनों ने नाका-सतरिख चौराहे सहित कई प्रमुख स्थलों पर ठेले व अस्थायी दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका व पुलिस को संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाने तथा नियमित निगरानी के निर्देश दिए। मालगोदाम रोड स्थित वेंडिंग जोन में वर्षा ऋतु में होने वाली जलभराव की समस्या को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने ई0ओ0 नगर पालिका को वहां जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने व मरम्मत कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों से अपील किया कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर को स्वच्छ, सुगम व अतिक्रमणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था तथा अतिक्रमण नियंत्रण को लेकर व्यापारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए, ताकि जनसुविधा के अनुसार कारगर समाधान लागू किए जा सकें।

## उद्यमियों की समस्याओं होगा त्वरित निदान: डीएम शशांक त्रिपाठी

**जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक संपन्न**

**बाराबंकी।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड में दुकानदारों को शिफ्ट किए जाने संबंधी प्रकरण पर गहन समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण एवं अवशेष सड़कों का निर्माण सीसीटीवी कैमरे, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना एवं मुख्य प्रवेश द्वार प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य तथा सौंदर्यीकरण संबंधी प्रकरण पर चर्चा की गई, इंडस्ट्रियल एरिया माती में सड़क एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण पर चर्चा की गई। ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयान्तर्गत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह,उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज, उपायुक्त उद्योग, सहायक श्रमायुक्त, उपायुक्त वाणिज्य कर एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण, व्यापारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## 26 जून को मनाई जाएगी छत्रपति शाहू महाराज की जयंती

**बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत उस्मानपुर में स्थित हनक बुद्ध बिहार में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 जून को आरक्षण के जनक कुर्मी कुल गौरव छत्रपति शाहू जी महाराज जयंती समारोह मेला बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजक हरीप्रसाद हनक जिला अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा बताया गया है कि आकाशवाणी दूर दर्शन के मद्य निषेध विभाग उत्तर प्रदेश संस्कृति निदेशालय उत्तर प्रदेश केन्द्रीय संचार ब्यूरो गीत एवं नाटक प्रभाग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक मंचन महापुरुषों का इतिहास बुद्ध ज्ञान चर्चा आल्हा गायन लोक गीत भजन कीर्तन आदि होगें जिसमें हजारों लोग सामिल होगें! जिसमें सामाजिक विद्वान वक्ता अधिकारी कर्मचारी साधू सन्त महात्मा बौद्ध भिच्छु भन्ते गण आदि हजारों लोग मौजूद होंगे। भोजन भंडारा चलता रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### गलत दिशा से कार चलाकर बाइक में टक्कर मारने वाले चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** रांग साइड से आ रही कार की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र लगभग एक पखवाड़ा पूर्व गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। पिता के उपचार से छुट्टी के बाद पुलिस के पास पहुचकर पुत्र ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मंगलपुर मजरे ककरी गांव निवासी यश वर्मा गत 5 जून को सुबह 10 बजे अपने पिता सर्वेश वर्मा पुत्र स्वर्गीय मिश्री लाल को मोटरसाइकिल पर बैठाकर तेजवापुर जा रहे थे कि तभी सरैया गांव के पहले सामने से तेज रफ्तार व गलत साइड से आ रही कार ने टक्कर मार दी थी जिसमें पिता पुत्र घायल हो गए थे गंभीर रूप से घायल पिता का पैर टूटकर हड्डी बाहर निकल आई थी। घायलों की हालत गंभीर देखकर वाहन चालक कोतवाली हैदरगढ़ के बबुआपुर गांव निवासी शिवसागर सिंह पुत्र देव बक्स सिंह मौके से भाग निकले थे। यश वर्मा ने बताया कि घटना के बाद अपने पिता को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज ले गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था। इसके बाद वह अपने पिता का इलाज मोहनलालगंज स्थित सिग्मा हॉस्पिटल में करवा रहा है।

### दवा लेने जा रहे वृद्ध की अज्ञात वाहन की चपेट से मौत



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** पत्नी के साथ दवा लेने के लिए सीएचसी जा रहा वृद्ध आज सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा सीएचसी ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के रामपुर मजरे बारा गांव निवासी जगजीवन पुत्र बेचू 70 अपने घर से पत्नी मंगला के साथ पैदल सामुदायिक स्वास्थ्य त्रिवेदीगंज इलाज के लिए जा रहे थे कि तभी सुबह लगभग 11 बजे जहान शाह बाबा की मजार के सामने सुल्तानपुर लखनऊ हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों द्वारा सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुँचाया गया,जहां पर इलाज के दौरान जगजीवन की मौत हो गई।

### स्मैकिया ने की थी बाइक चोरी, बाइक व स्मैक सहित चोर गिरफ्तार



**मसौली, बाराबंकी।** तीन दिन पूर्व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मसौली के सामने से चोरी हुई बाईक को मसौली पुलिस ने बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 ग्राम स्मैक बरामद की।बताते चले कि थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी फखरुल का पुत्र 20 जून को मसौली चौराहा स्थित यूमियन बैंक आफ इंडिया के सामने अपनी बाईक नम्बर यूपी 41 एम 6139 को खड़ा कर अंदर चला गया.बैंक से निकलने पर बाईक न मिलने पर थाना मसौली मे शिकायत की।प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के निर्देश पर बाईक बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे उपनिरीक्षक अभय कुमार गुप्ता ने मसौली चौराहे से बाईक चोर फिरोज पुत्र मुराद अली निवासी लौलाई थाना चिनहट को गिरफ्तार कर चोरी की बाईक सहित 40 ग्राम स्मैक बरामद की। अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

### आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** सोमवार दोपहर भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां से एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार असन्दरा थाना क्षेत्र के नई सड़क निवासी 28 वर्षीय अमित चौहान सोमवार दोपहर करीब दो बजे भिटरिया से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दयाराम पुरवा के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर पलट गई। उसी समय पीछे से आ रहे जरौली निवासी 26 वर्षीय रोहित की बाइक भी उसी बाइक से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने रोहित की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अमित का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है।हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का मुआयना किया और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया।

## सफाई कर्मचारियों की बैठक कर एडीओ पंचायत ने गांव की सफाई का दिया निर्देश

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** स्थानीय ब्लॉक के सभागार में सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) पंचायत शंभू नाथ पाठक ने सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक कर कई अहम निर्देश दिए। एडीओ पाठक ने बारिश के मौसम से पहले गांव की नालियों की सफाई पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय और पंचायत भवन की साफ-सफाई समय पर पूरी की जाए। बैठक में सफाई कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विद्यालय खुलने से पहले उनकी साफ-सफाई सुनिश्चित करें। नालियों की सफाई ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग करते हुए करनी है। पंचायत भवन और आरसी केंद्र का नियमित संचालन भी सुनिश्चित करना है।एडीओ ने कर्मचारियों से कहा कि अगर कोई समस्या हो तो तुरंत उनके संज्ञान में लाएं।

## नौकरी दिलाने के नाम पर किये गए फ्रॉड के दो लाख रुपए पीड़ित को पुलिस ने कराया वापस




**बाराबंकी।** प्राइवेट संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संपूर्ण धनराशि 02 लाख रूपये को आवेदक के खाते में वापस कराया गया है। साइबर सेल जनपद बाराबंकी को ऑनलाइन 1930 के माध्यम से प्राप्त सूचना जिसमें आवेदक उत्कर्ष दीक्षित निवासी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को प्राइवेट संस्थान में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये का फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम सेल/थाना द्वारा तत्काल बैंक/मर्चेंट से पत्राचार कर खाता होल्ड कराकर सम्पूर्ण धनराशि 2,00,000/- रूपये आवेदक के खाते में वापस कराया गया।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रोपित किए गए 151 पौधे

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रदेश व्यापी वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन रेंज हैदरगढ़ के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रोड चौबीसी में किया गया।इस अवसर पर 151पौधों का रोपण किया गया जिसमे मुख्य रूप से महोगनी, पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, जामुन, महुआ शीशम इमली, कंजी प्रजाति लगायी गयी. इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, संजय अवस्थी, वन छेत्रधिकारी, उमेश कनौजिया, अभय गौतम, वन दारोगा अनुज कुमार सिंह,फारेस्ट गॉर्ड शैलेन्द्र सिंह, सुमित यादव, राम विलास सिंह, रामसुन्दर पाल विधानसभा संयोजक, सुशील जायसवाल जिला उपाध्यक्ष, डॉ अरविन्द सिंह मण्डल उपाध्यक्ष, सुबेहा, देवी बक्श सिंह मण्डल संयोजक, मनोज शुक्ला शक्ति केन्द्र संयोजक, रंजीत सिंह महंत जी, हरिगोबिंद शुक्ला, ज्ञानेंद्र सिंह, महेश शर्मा, वासिक, महेश शर्मा, चंद्र चूर्ण सिंह, वीरेंद्र सिंह, जय प्रेम सिंह, महेश मिश्रा, अनिकेत सिंह, टेनई रावत आदि उपस्थित रहे।

## चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल के शिक्षकों ने चलाया पौधरोपण अभियान




**बाराबंकी।** बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने पौधरोपण अभियान के तीसरे दिन स्कूल परिसर में पौधरोपित कर एक धरती एक स्वास्थ्य का संदेश दिया। बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष स्कूल प्रबंधक रत्नेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारा पर्यावरण खतरे में है, मौसम व ऋतुवें अप्रत्याशित रूप से बदल रहे हैं वृक्ष ही हैं जो मौसम ऋतुओं का संतुलन बना सकते हैं। इस पौधरोपण अभियान में प्रधानचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, अनिता, सरिता यादव, प्रिया मौर्य, पलक कनौजिया, प्रिंसी वर्मा, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित अनेक लोगों ने भाग लिया और माँ ने नाम पौध रोपित किया।

## किशोरी लीडर प्रशिक्षण में दी गई जीवन कौशल शिक्षा

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




वात्सल्य संस्था एव सक्षम परियोजना के तत्वाधान मे सोमवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे किशोरी लीडर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभागी किशोरियो को जीवन कौशल, शिक्षा का महत्व व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

परियोजना प्रबंधक भुआल सिंह ने किशोरियो से कहा कि अपने जीवन कौशल और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है जिससे अपने जीवन में सफल हो सकें और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। जीवन कौशल शिक्षा, किशोरियों को सशक्त बनाने और उन्हें चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने का एक प्रभावी तरीका है।

प्रशिक्षण मे किशोरियो को खुद को और अपनी भावनाओं , विचारों और व्यवहारों को नियंत्रित करने एव दूसरों की भावनाओं और दृष्टिकोणों को समझने के प्रति जागरूक करते हुए प्रभावी ढंग से संवाद करना, सहानुभूति रखना, और दूसरों के साथ स्वस्थ संबंध एव समस्याओं की पहचान करने समाधान खोजने, और उन्हें हल करने के गुण बताये गये। ब्लाक समन्वयक महेंद्र कश्यप ने सूचना के विश्लेषण एव तर्कसंगत निर्णय लेने नए विचारों और समाधानों के साथ साथ तनाव से प्रभावी ढंग से निपटने की जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम मसौली ब्लाक के 36 गांव की किशोरियो ने प्रतिभाग किया जिन्हे सीमा वर्मा, कमलेश कुमार शोभिका मिश्रा, ने प्रतिभा किया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 41 सदस्यों की प्रतिभागिता रही।

## कपिल मुनि योग साधना केंद्र के स्थापना दिवस पर हुई काव्य गोष्ठी



**बाराबंकी।** श्री कपिल मुनि योग एवं साधना केंद्र पल्हरी शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर काव्य गोष्ठी एवं योग का मानव जीवन पर प्रभाव पर व्याख्यान माला आयोजित किया गया। इस योग व साधना केंद्र की स्थापना समाजसेवी कपिलदेव वर्मा ने 20 वर्ष पहले किया था, जिसको योग साधना केंद्र के रूप में विकसित करने का काम तत्कालीन जिलाधिकारी योगेश्वर राम मिश्रा के द्वारा 21 जून 2015 को स्थानीय योगाभ्यासियों की मांग पर की किया गया था। इस योग साधना केंद्र पर प्रसिद्ध योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी द्वारा नियमित योगाभ्यास कराया जाता है और बड़ी संख्या में लोग प्रात:काल योग करते हैं। 10वे स्थापना दिवस पर आयोजित काव्य गोष्ठी में जिले के नामचीन कवियों में ओज कवि ओपी वर्मा ओम, डॉ अम्बरीश अम्बर, दुष्यंत शुक्ल सिंहनादि, अजय ओझा, सुशील कुमार, हरिनाम सिंह, उमेश आदित्य ने अपनी रचनाये पढ़ी। काव्य गोष्ठी का संचालन डॉ अम्बरीश अम्बर ने किया। व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि व्यवसाई बंशराज वर्मा ने सभी को योग दिवस की बधाई दी। योगाचार्य डॉ शशि कुमार अवस्थी ने कहा कि योग मुक्ति का मार्ग है, मन मे यह लाएं, स्वयं स्वस्थ्य रहकर , स्वस्थ्य सबको बनाएं, एक ही है धरा, एक ही स्वास्थ्य हो, लक्ष्य लेकर यही योग सबको सिखाएं। अध्यक्षता कवि निम्बूलाल ने की। वही काव्य गोष्ठी का संचालन डॉ अम्बरीश अम्बर ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा, राम समझ वर्मा, रामानंद वर्मा, जगन्नाथ तिवारी, हनुमान प्रसाद अमीन, अरविंद कुमार वर्मा, राम अभिलाख यादव,रत्नेश कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




शासन के निर्देशानुसार सोमवार को 45 पीसीएस प्रशिक्षु अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी वीरेन्द्र द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में क्राफ्ट कटिंग के माध्यम से किसानों के खेतों की पैदावार का आंकलन करने की विधि सिखाई गई। यह आंकड़े भारत सरकार को भेजे जाते हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों को डिजिटल खसरा और ई-क्राफ्ट सर्वे की जानकारी भी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला रायगंज क्षेत्र का दौरा किया। वहां पट्टे पर दिए गए तालाब में मत्स्य पालन की गतिविधियों का निरीक्षण किया। पूजा गुप्ता ने प्रशिक्षु अधिकारियों को क्षेत्र के पारिजात धाम और कुन्तेश्वर धाम का भ्रमण भी करवाया।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय, उप निरीक्षक हिमांशु पांडेय, राजस्व निरीक्षक भूपेन्द्र द्विवेदी, प्रेम चन्द्र, शुभेन्द्र अवस्थी, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा में सफलता पाये विजय कुमार गौतम का गोप ने किया सम्मान



**फतेहपुर बाराबंकी।** कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिलंदीपुर निवासी विजय कुमार गौतम ने 2024-25 की नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है।विजय राजकीय इंटर कॉलेज निन्दुरा के छात्र हैं।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने रविवार को विजय का सम्मान किया।उन्होने अपने सिविल लाइन स्थित आवास पर विजय को माला पहनाई।साथ ही अंगवस्त्र और टैबलेट भी भेंट किया।अरविंद सिंह गोप ने कहाकि विजय ने अपने गांव और जनपद का नाम रोशन किया है।उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का संदेश दोहराया।कहाकि आर्थिक कमजोरी किसी प्रतिभा को आगे नहीं रोक सकती।समाजवादी पार्टी विजय की आगे की पढ़ाई में पूरी मदद करेगी।कार्यक्रम में पूर्व विधायक राम गोपाल रावत,पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह समेत कई नेता मौजूद थे।परवेज अहमद,सुरेश गौतम,हशमत अली गुड्डू,ताज बाबा राईन,संतोष रावत और श्याम सिंह भी कार्यक्रम मे शामिल हुए।

## ताजिये निकालने के दौरान समूचे नगर की बिजली आपूर्ति न की जाये बंद

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।**



ताजिए निकलने के दौरान पूरे नगर की बिजली बंद कर दी जाती है। जिससे नगर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ताजिया व छड़ निकालने के दौरान समय भी अधिक कर लिया जाता है। नगर के लोगों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर निर्धारित समय में ही ताजिया और अलम का जुलूस निकालने एवं जिस रूट पर ताजिए हों उस फीडर की बिजली बंद करने एवं ताजिए निकलने के बाद फीडर को चालू करने की मांग की है। नगर के समाजसेवी अशफाक राईन, श्रवण कुमार, राजेंद्र प्रसाद जाटव, सुरेंद्र द्विवेदी, वसीम हक, मुहम्मद रफीक, अब्दुल कय्यूम, राजेंद्र प्रसाद जाटव, अनुराग अग्रवाल, मुकेश सिंह आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार तारा शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मोहर्रम का महीना 27 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। 28 जुलाई को पहली तारीख होगी। तीन जुलाई को रात में अलम, चार जुलाई को दिन में छड़ पांच जुलाई को रात में और छह जुलाई को दिन में ताजिया का जुलूस निकलेगा। छड़ का जुलूस मोती मस्जिद के पास रात नौ बजे तक समाप्त होना चाहिए। परंतु यह देर रात तक चलता रहता है। इस दौरान पूरे नगर की लाइट बंद रहने से लोग परेशान हो जाते हैं। उन्होंने जुलूस को समय से समाप्त कराने की मांग की है। इसके अलावा बताया कि रात में ताजिए निकलने से रात भर के लिए बिजली बंद रहती है। ऐसे ही अगले दिन दिन में ताजिए निकलने से फिर पूरे दिन और देर रात तक बिजली बंद रखी जाती है। तीन दिन तक लाइट न आने से नगर के लोगों को परेशान होना पड़ता है। जबकि गर्मी के मौसम में बिजली व पानी लोगों की आवश्यक आवश्यकताएं है। ऐसे में छड़ व ताजिये निकलने के दौरान ऐसी व्यवस्था की जाए कि लोगों को परेशान न होना पड़े। इसके लिए जिस रूट पर ताजिये या छड़ निकल रही हो उस दौरान उक्त रूट के फीडर को बंद कर दिया जाए। जब ताजिये और छड़ निकल जाए तो उस फीडर को चालू कर दिया जाए। इसके अलावा अन्य सभी फीडर चालू रहें। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी के मौसम में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## राशनकार्डों का सत्यापन समय से पूरा कर अपात्रों को सूची से हटायें: डीएम

**राशन वितरण में समयबद्धता के साथ पारदर्शिता के निर्देश**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




जनपद में राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने खाद्य एवं रसद विभाग विपणन संबंधित संचालित योजना एवं प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी राशन कार्डों का सत्यापन कराकर अपात्रों को तत्काल सूची से बाहर किया जाए और वास्तव में जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी खाद्यान्न योजना से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ई-केवाईसी और आधार सीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने और 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत चयनित लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि उचित दर दुकानों पर प्रवर्तन जांच अभियान चलाया जाए, वितरण के समय घटतौली या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं पर कठोर कार्यवाही की जाए। एफसीआई की लापरवाही पर फटकार लगाई हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समय से खाद्यान्न की लोडिंग व उठान सुनिश्चित करें। उठान और वितरण में विलंब और शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में निरस्त उचित दर दुकानों का शीघ्र आवंटन कर खाद्यान्न वितरण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी जाँच अधिकारी कार्ड धारकों से संवाद कर वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी स्टेप पर सत्यापन कर कार्यवाही करें। विशेष वितरण के समय नामित नोडल अधिकारी अपनी उपस्थित में ही खाद्यान का वितरण सुनिश्चित करायें। मौके पर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सूची बनाकर ब्लॉकवार प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, खाद्य विपणन अधिकारी गोविंद उपाध्याय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छिबरामऊ रोडवेज स्टेशन पर सुविधाओं का अभाव

**यात्रियों को भटकना पड़ रहा बाईपास तक**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण नगर के बीचों-बीच बना यह बस स्टैंड यात्रियों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। दिल्ली, आगरा, कानपुर जैसे शहरों के लिए बसें पकड़ने के लिए लोगों को पूर्वी या पश्चिमी बाईपास तक दौड़ लगानी पड़ती है।

छिबरामऊ डिपो की स्थापना के बावजूद यहां न तो वर्कशॉप है और न ही डीजल पंप।

डिपो पूरी तरह इटावा और बेवर डिपो पर निर्भर है। क्षतिग्रस्त बसों की मरम्मत के लिए इटावा और डीजल के लिए बेवर जाना पड़ता है, जिससे संचालन में बाधा आती है।

यात्रियों का कहना है कि बसों की सीटें जर्जर हैं और सफाई व अन्य सुविधाओं का अभाव है।

कई बार शिकायतों के बावजूद स्थानीय अधिकारी ध्यान नहीं देते। इससे यात्रियों को निजी वाहनों या प्राइवेट बसों का सहारा लेना पड़ता है, जो डिपो की आय पर भी असर डाल रहा है।

**34 बसों का बेड़ा, पर चुनौतियां बरकरार**

एआरएम सुभाष चंद्र के अनुसार, छिबरामऊ डिपो में 34 बसों का बेड़ा है, जिनमें बीएस6 की चार नई बसें शामिल हैं। इनमें से 20 प्रतिशत बसें अपनी किलोमीटर सीमा पूरी कर चुकी हैं, लेकिन शासन के निर्देशानुसार इन्हें 15 साल तक चलाना अनिवार्य है। ये बसें दिल्ली, आगरा, कानपुर, कन्नौज और संपर्क मार्गों पर चलती हैं। हरिद्वार और खाटू श्याम के लिए परमिट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही इन रूटों पर बसें शुरू होंगी।

**नई जगह की तलाश जारी**

रोडवेज डिपो में जगह की कमी के कारण सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना मुश्किल है। इसके लिए नई जगह की तलाश वर्षों से चल रही है। जीटी रोड पर सहकारी समिति के खंडहर कोल्ड स्टोरेज की जगह का निरीक्षण किया जा चुका है। विधायक अर्चना पांडेय इसकी एनओसी के लिए शासन से प्रयासरत हैं।

# 33 वाहनों की 6.20 लाख में की गई नीलामी

**एसडीएम की मौजूदगी में 29 लोगों ने लगाई बोली**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शासन के निर्देश पर कोतवाली में जमा लावारिस और माल मुकदमाती से संबंधित वाहनों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराई गई। नीलामी में विभिन्न किस्म के 33 वाहनों की नीलामी की गई, जो किशनी के ठेकेदार ने 6 लाख 20 हजार रुपये की बोली लगाकर अपने पक्ष में की।

उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, एआरटीओ ईज्या तिवारी, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार की मौजूदगी में कोतवाली परिसर में वाहनों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई। कोतवाली के हेड मोहर्रिर मो.परवेज खान ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया में छिबरामऊ, कन्नौज, बिलग्राम, एटा, मैनपुरी और कानपुर देहात के अरौल के रहने वाले लोग शामिल हुए। बोली लगाने के लिए 29 लोगों ने 10-10 हजार रुपये जमानत धनराशि जमा की थी। काफी देर चली नीलामी प्रक्रिया के दौरान 33 वाहनों, जिसमें 3 ट्रैक्टर, 5 चार पहिया वाहन, एक टेंपो (जेएसए) और 24 बाइकें शामिल थीं। किशनी मैनपुरी के रहने वाले सरोज कुमार ने सर्वाधिक 6 लाख 20 हजार रुपये की बोली लगाकर सभी वाहनों की नीलामी अपने पक्ष में कर ली।

इस तरह वर्षों से कोतवाली में पड़े वाहनों की नीलामी प्रक्रिया खुले मंच पर संपन्न हुई।

# पंचायत भवन की बाउंड्री निर्माण रुकवाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के रूपपुर गांव के लोगों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। बाउंड्रीवाल बन जाने से दुर्गा मंदिर भी उसके अंदर आ जाएगा, जिससे लोगों को पूजा-अर्चना में कठिनाई होगी। ग्रामीणों ने बाउंड्रीवाल का निर्माण रुकवाने की मांग को लेकर एसडीएम से गुहार लगाई है।

रुपपुर गांव के अमरनाथ, सुनील कुमार, समरपाल, आदित्य कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, रतीराम, रामलखन, शिवशरन, कश्मीर सिंह, धर्मवीर, राजीव, शिवम, बरजोर सिंह, रामेंद्र सिंह, रामनंदन, अवनीश, जोरावर सिंह आदि लोगों ने एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपे पत्र में कहा है कि गांव में दुर्गा मां का मंदिर हैं, जिसमें गांव के सभी लोग पूजा-पाठ करते हैं। मंदिर की आराजी से लगा हुआ पंचायत भवन और बिजली का ट्रांसफार्मर रखा है। ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत भवन की बाउंड्री का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे मंदिर बाउंड्री के अंदर आ जाने के कारण पूजा-अर्चना अवरुद्ध हो जाएगी। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर रखने व उतारने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में पंचायत भवन की बाउंड्री का निर्माण कार्य रुकवाया जाना जनहित में आवश्यक है।

## विशाल क्षेत्रीय निरंकारी सत्संग 26 को

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** 100 शैया अस्पताल के आगे रामनगर में विशाल क्षेत्रीय निरंकारी सत्संग 26 जून गुरुवार को 11 बजे से 2 बजे तक और फिर 2 से 5 बजे तक लंगर प्रसाद को कार्यक्रम होगा। छिबरामऊ ब्रांच के मुखी राजकुमार गुप्ता एवं सेवादल संचालक मनीष कुमार शाक्य ने बताया परमपूज्य निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी की असीम कृपा एवं रामनगर, पटकुलिया, फतेहनगर ढंगरा के सभी महापुरूषों के सहयोग से हो रहे सत्संग में कानपुर से परमपूज्य महात्मा पं. दीप नारायण शुक्ला जी का आगमन हो रहा है। अतः सभी महापुरूषों के चरणों में विनती है कि समय से अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर सत्संग का आनन्द लें।

# जीवन में शांति के लिए सेवा, सुमिरन और सत्संग जरूरी

**सत्संग में उमड़ा आस्था का सैलाब**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में रविवार को आयोजित सत्संग में साध संगत ने बड़े उत्साह से भाग लिया। स्थानीय शाखा के मुखी महात्मा राजकुमार गुप्ता ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में शांति और आनंद प्राप्त करने के लिए सेवा, सुमिरन और सत्संग अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने बताया कि सेवा एक निष्काम कर्म है, जो श्रद्धा, प्रेम, समर्पण और त्याग की भावना से किया जाता है। सद्गुरु के प्रति प्रेम व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम सेवा है, जो तन, मन और धन के समर्पण से पूरी होती है। उन्होंने भक्त शबरी और हनुमान का उदाहरण देते हुए कहा कि सेवा के माध्यम से भक्त अपने गुरु को प्रसन्न कर सकते हैं। सेवा कोई बंधन नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद का मार्ग है।सत्संग का संचालन महात्मा राम प्रताप ने किया, जबकि मनीष शाक्य ने बताया कि आगामी 26 जून, गुरुवार को सुबह 11 बजे रामनगर में 100 शैया अस्पताल के पास विशाल क्षेत्रीय सत्संग का आयोजन होगा। उन्होंने सभी महात्माओं से इसमें शामिल होने की अपील की। सेवादल शिक्षक संतोष कुमार ने सेवादल के सभी सदस्यों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया। सत्संग में अन्य महात्माओं ने भजनों और प्रवचनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया।



## हुजूर बादशाहे इस्लाम का भव्य स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आले नबी, औलादे अली, नबीरा-ए-फातेह बिलग्राम, ताजदारे मसनदे बिलग्राम, हुजूर बादशाहे इस्लाम, हज़रत अलहाज अश्शाह सैय्यद बादशाह हुसैन वास्ती कादरी वास्ती (दामत बरकातुहूमुल आलिया) किब्ला बिलग्राम शरीफ का छिबरामऊ में विशेष दौरा हुआ। उनके दीदार के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। शहर की सीमा में प्रवेश करते ही हज़रत का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने मैन बाजार स्थित नवनिर्मित सोनम स्कूल ड्रेस हाउस का उद्घाटन किया। इसके बाद हज़रत ने बिरतिया, लाहौरी टोला, सय्यदवाड़ा और किदवई नगर का दौरा किया। मुहल्ला चौधरियान की गौसिया मस्जिद में मगरिब की नमाज के बाद हज़रत ने प्रभावशाली खिताब फरमाया, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।हज़रत के साथ उनके सुपुत्र, अनीसुल मशाइख काजी-ए-शरा हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस हुसैन वास्ती बिलग्रामी व बड़ी संख्या में उलेमा व हफ्फाज मौजूद रहे। हर स्थान पर हज़रत का भव्य स्वागत हुआ। बादशाहे मिल्लत ज़िंदाबाद के नारों से वातावरण गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हज़रत से मुलाकात कर उनकी बैत की और अकीदत का इजहार किया।इस दौरे ने छिबरामऊ में धार्मिक उत्साह और एकता का माहौल पैदा किया। हज़रत की मौजूदगी ने लोगों के दिलों में आध्यात्मिकता और भक्ति की लौ प्रज्वलित की।

# मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए संघर्ष किया

**बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर किया नमन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



संगोष्ठी में मौजूद लोग

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा और अलग संविधान था। वहाँ का मुख्यमंत्री वहा का प्रधानमंत्री कहलाता था। संसद में अपने भाषण में डॉ? मुखर्जी ने धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। यह बात मुख्य वक्ता भुवन प्रकाश ने कही।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा लेकर भारत माता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर याद किया। मुख्य वक्ता भुवन प्रकाश ने कहा कि मुखर्जी ने तात्कालिन नेहरू सरकार को चुनौती दी। तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। मोदी आज मुखर्जी जी के दिखाए हुए मार्ग पर चल रहे है। आज भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुखर्जी के सपने को साकार किया और धारा 370 हटाने का काम किया। आज कश्मीर में लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहर रहा है। डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने मुखर्जी के जीवन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मुखर्जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने आप को बलिदान कर दिया। इस मौके पर जिला महामंत्री राम वीर कठेरिया, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, हरि वक्स सिंह, प्रवीण टंडन , बबिता सिंह , विनीता चतुर्वेदी, अर्चना गुप्ता,शरद मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने किया।

# लोहे के तार पर सूख रहे कपड़े उतारने गई मां-बेटी को लगा करंट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



घर की छत पर बंधे लोहे के तार पर सूख रहे कपड़े उतार रही किशोरी को अचानक करंट लगने से उसी में चिपक गई। बचाने आई उसकी मां भी करंट की चपेट में आकर अचेत होकर गिर पड़ी। परिजनों ने मां बेटी को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया।

कसावा चौकी क्षेत्र के ग्राम नगला तारपार निवासी 17 वर्षीय पायल पुत्री सुधीर कुमार सोमवार को अपने घर की छत पर बंधे लोहे के तार पर सूखने के लिए पड़े कपड़े उतार रही थी। तभी अचानक किसी प्रकार करंट लगने से झुलस गई। घटना होती देख पुत्री को बचाने आईं उसकी 45 वर्षीय मां साधना भी करंट की चपेट में आकर अचेत होकर छत पर गिर पड़ी। गिरने की आवाज सुनकर ऊपर पहुंचे परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### कोचिंग पढ़ने गई छात्रा लापता

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ग्रामीण ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री 22 जून की सुबह 7 बजे घर से कोचिंग पढने् के लिए छिबरामऊ गई थी। उसके बाद से अभी तक वापस नहीं लौटी है। जब उसने बेटी की सहेली व उसके पिता के मोबाइल पर बात की, तो वह लोग उसे गुमराह कर रहे हैं। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया कि हम थानेदार बोल रहे हैं। तुम अपनी लडक़ी को ढ़ूंढते रह जाओगे। इसके बाद फोन कट गया। पीड़ित ने क्षेत्रीय विधायक के साथ पुलिस को भी मामले से अवगत कराया है।

### मारपीट की घटना में महिलाओं सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर पारिवारिक विवाद को लेकर लाठी ठंडे चले। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नदसिया निवासी रेखा देवी पत्नी देवेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 23 जून की शाम उसके देवर और देवरानी ने पारिवारिक विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके ससुर सुदामा प्रसाद को भी मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के ग्राम जसौरा निवासी रामेंद्र पुत्र राजा राम ने बताया है कि गांव के ही एक युवक ने 04 जून 2025 की दोपहर गांव के एक बाग में उसकी नातिन मंजू के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तेजी एवं लापरवाही से चली जा रही दो बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवक के भाई ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम धीरपुर निवासी नागेंद्र पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को बताया है कि 03 जून 2025 की शाम 04 बजे उसका भाई संदीप कुमार बाइक पर सवार होकर सददूपुर से घर वापस आ रहा था। तभी नौरंगपुर चौराहे के समीप सामने से तेजी एवं लापरवाही से चली आ रही बाइक के अज्ञात चालक ने उसके भाई की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीमारी के चलते किशोर की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम मीरपुर निवासी धर्मेन्द्र (17) पुत्र राजेश कुमार बीते दो दिनों से बीमार चल रहा था। सोमवार की सुबह पेट में तेज दर्द होने पर परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय एंबुलेंस में उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। समधन चौकी प्रभारी संजीव कटारा ने बताया कि किशोर की मौत बीमारी से हुई है।

# महाराष्ट्र में मजदूरी कर रहे युवक के मकान पर कब्जा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के फतेहनगर गांव का रहने वाला युवक महाराष्ट्र में मजदूरी करता है। यहां उसके पैतृक मकान में ताले पड़े हुए थे। आरोप है कि परिजनों ने ताले तोडक़र उसका सामान निकालकर बाहर फेंक दिया और उसके मकान पर कब्जा कर लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

ग्राम पंचायत कुंवरपुर जनूँ के मजरा फतेहनगर निवासी अशोक कुमार पुत्र नरोत्तम सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र में रहकर मजदूरी करता है। उसके छोटे भाई संतोष कुमार ने 27 सितंबर 2013 में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। वह अपने हिस्से के कमरों में ताला डालकर महाराष्ट्र चला गया। 10 दिन पहले परिवार के ही लोगों ने कमरे के ताले तोडक़र उसमें रखा सामान छत पर फेंक दिया, जब उसे जानकारी हुई तो वह गांव लौटा, तो देखा कि उसके छोटे भाई की विधवा बहू ने उसके कमरों में अपने ताले डाल रखे हैं। जब उसने चाबी मांगी, तो उसे मना कर दिया गया और गालीगलौज कर भाग जाने की धमकी दी गई।

# धनिया में जड़ सड़न की समस्या का करें निदान : डॉ. अमर सिंह

**सियरमऊ गांव में धनिया की उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




प्रशिक्षण में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक

क्षेत्र के अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ब्लॉक जलालाबाद के सियरमऊ गांव में धनिया की उत्पादन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ.अमर सिंह ने खरीफ में धनिया की फसल में आने वाली जड़ सड़न की समस्या हेतु भूमि एवं बीज शोधन हेतु ट्राइकोडर्मा 5 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टर की दर से प्रयोग करने की सलाह दी जिससे खरीफ मौसम में धनिया की फसल को जड़ सड़न से बचाया जा सकता है। बताया कि धनिया की बुवाई में बैड तकनीक का प्रयोग करने से धनिया की सड़न की समस्या को कम उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है इसके लिये किसान भाई खेत की तैयारी के समय 75 सें0मी0 चौड़ी बैड एवं 30 सें0मी0 चौड़ी नाली के हिसाब से खेत को तैयार करे धनिया की हरी पत्ती हेतु बैड पर 25 से 30 कि0ग्राम की दर से बीज की बुवाई करने की सलाह दी बैड पर बुवाई तकनीक से प्रति हे0 40 से 45 कु0 उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

इसी क्रम में केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने जल शक्ति अभियान तथा मौसम परिवर्तन तथा वर्षा की संभावना तकनीक की जानकारी किसान भाइयों को दी जिससे इसका फायदा किसान भाइयों को मिल सके। प्रशिक्षण में लगभग 32 कृषकों ने प्रतिभाग किया।

# सपा नेता के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




**एक और पीड़ित ने सपा नेता व उसके पुत्र के खिलाफ दी तहरीर**

नगर के मोहल्ला बजरिया में गौशाला के पास दो दिन पहले एक युवक के साथ सपा नेता और उसके पुत्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। डॉक्टरी परीक्षण के बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई। उधर, अगले दिन एक अन्य दुकानदार ने सपा नेता और उसके पुत्र के खिलाफ गालीगलौज कर धमकाने की कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला बजरिया गौशाला निवासी संजुम बेगम पत्नी मो.आरिफ ने बताया कि 21 जून की रात लगभग 9 बजे उसके पति अपनी पूर्वी बाईपास स्थित दुकान से वापस घर आ रहे थे। इसी बीच मोहल्ला बजरिया निवासी सपा नेता संतोष गुप्ता, उसके बेटे अमन गुप्ता व एक अन्य सपा नेता राशिद फारुकी ने उन्हें लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से बेरहमी से मारा-पीटा। पति जब जान बचाकर घर की तरफ भागे, तो उन लोगों ने इतना पीटा कि वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़े। वह लोग उसको भी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पति की जेब में दिन भर की कमाई के कुछ रुपये थे, जो गायब थे।

पीड़िता ने मामले की कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। उधर, नगर के मोहल्ला राधानगर कालोनी निवासी अजय श्रीवास पुत्र प्रभुदयाल ने कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें कहा गया है कि रविवार की रात करीब साढ़े 8 बजे वह अपनी ब्लॉक गेट स्थित दुकान पर था, तभी मोहल्ला बजरिया निवासी सपा नेता संतोष गुप्ता, उनका बेटा अमन गुप्ता 10-15 अज्ञात साथियों के साथ उनकी दुकान पर आया। उन लोगों के हाथ में बेल्ट और डंडे थे। आते ही वह लोग गालियां देने लगे। इस बीच उनके बेटे ने डायल 112 पर काल कर दी। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, तभी वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। उसे उन लोगों से जान का खतरा बना हुआ है।

पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। उधर, इस संबंध में कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मोहल्ला बजरिया निवासी संजुम बेगम की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जबकि राधानगर कालोनी निवासी अजय श्रीवास की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# भागवत कथा के भण्डारे में करंट से चिपक कर युवक की मौत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

- मेडिकल कॉलेज में लावारिस अवस्था में शव छोड़ भाग गए ग्रामीण
- सोमवार की सुबह ठठिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेजा
- कन्नौज कोतवाली के हैवतपुर कटरा गांव का अर्जुन डीजे की दुकान पर करता था काम



ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव में रविवार की देर रात श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर आयोजित भण्डारे के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। गांव के लोग युवक के शव को मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लावारिस अवस्था में छोड़कर भाग गए। सोमवार की सुबह ठठिया पुलिस ने मेडिकल कॉलेज जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के हैवतपुर कटरा गांव निवासी अर्जुन (20) पुत्र मानसिंह ठठिया के पिपरौली गांव निवासी नीरज कुशवाहा की डीजे की दुकान पर मजदूरी का काम करता था। पिपरौली गांव में रविवार की रात श्रीमद् भागवत कथा के भण्डारे का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान अर्जुन को किसी तरह से बिजली का करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां इमरजेंसी में चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। अर्जुन के मृत घोषित होते ही उसे लेकर गए गांव के लोग भाग गए। इसपर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सोमवार की सुबह ठठिया पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची। उधर सूचना पाकर मृतक के परिजन भी मेडिकल कॉलेज आ गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नशे की चपेट में दम तोड़ती युवा पीढ़ी, चिंता का विषय : राकेश द्विवेदी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




समाज में नशा किशोरों व युवाओं में अत्यधिक तीव्र गति से फैल रहा है जो घरों-परिवारों का सुख चैन छीन रहा है। नशे के कारण कई गम्भीर दुर्घटनाएं, लड़ाई झगड़े तथा अपराधों में बड़ी ही तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है।

युवाओं में आजकल नये-नये प्रकार के नशीले पदार्थों के सेवन का चलन बढ़ रहा है जिसमें व्हाइटनर सूंघना, आयोडेक्स खाना, भांग खाना, चिलम के माध्यम से चरस व गाँजा पीना व सूई (सिरिंज) के माध्यम से नशीली दवाओं का सेवन करना मुख्य है। आजकल स्कूल व कॉलेज नशे के अड्डे बनते जा रहे हैं।

नशीले पदार्थो का अवैध व्यापार करने वालों पर ढिलाई के कारण नशीले पदार्थ बड़ी ही आसानी से युवाओं को उपलब्ध हो जाते हैं जिससे युवा गलत संगत में पड़के बड़ी ही आसानी से नशे के जाल में फंस जाते हैं। यह विचार राकेश द्विवेदी जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र का युवा नशे में डूबा हो उस राष्ट्र का भविष्य कैसा होगा। इसकी कल्पना आप स्वयं कर सकते हैं। युवाओं में बढ़ती नशे की लत के लिए कहीं न कहीं परिवार व समाज भी जिम्मेदार हैं। पहले आस पड़ोस वाले व गाँव के बुजुर्ग किशोरों व युवाओं को कुछ भी गलत करते हुए पाते थे तो उन्हें रोकते टोकते थे, लेकिन आज वैसा समाज नहीं रहा। लोग सोचते हैं कि पड़ोसी का बच्चा नशा कर रहा है मेरा नहीं, लेकिन लोग यह नहीं सोचते कि यदि पड़ोसी का बच्चा नशा करेगा तो एक दिन उनका भी बच्चा नशा कर सकता है, क्योंकि एक नशेड़ी युवा कई और युवाओं को भी नशे की चपेट में ले लेता है। नशा करने वाले परिवारों में महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित व प्रताणित होते हैं, क्योंकि नशे के कारण परिवार में रोज कलह होती है तथा परिवार की आर्थिक स्थिति भी दयनीय हो जाती है जिस कारण उस परिवार के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। हमें आज की पीढ़ी को नशे के चक्रव्यूह में फंसने से बचाने के लिए बहुत ही समझदारी से काम लेना होगा।

युवाओं के दैनिक रहन सहन, उनके क्रिया कलापों तथा उनके व्यवहार पर नजर रखना होगा। जो युवा नशे की लत में पड़ चुके हैं। उन्हें सरकार, स्वैच्छिक संस्थाएं व समाज के बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा मिलजुल कर नशे के विरुद्ध जागरूक करना होगा व अपने जीवन को आनंद के साथ जीने की सही राह दिखानी होगी। साथ ही प्रतिबंधित नशीले पदार्थों का अवैध व्यापार करने वालों के विरुद्ध एक सामूहिक अभियान चलाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा।

# विजिलेंस टीम ने छापे में आधा सैकड़ा को विद्युत चोरी करते पकड़ा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

**छापेमारी से मचा हड़कंप**

कस्बे सहित कई ग्रामों में विजिलेंस टीम ने छापेमारी कर विद्युत चोरी पकड़ी। जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के 3311 केवी विद्युत उपकेंद्र पर आज दोपहर विजिलेंस टीम अचानक पहुंची और सभी लाईनमैनों को साथ लेकर कस्बा नवाबगंज में छापेमारी शुरू कर दी। जिससे हड़कंप मच गया। वहीं मंझना रोड पर कई व्यक्ति विद्युत चोरी में पकड़े गए। इसके बाद विजिलेंस टीम मंझना रोड से होते हुए नगला दुर्गू, हुसैनपुर, कांधेमई, मिल्किया सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में छापेमारी की। इस दौरान विजिलेंस टीम ने आधा सैकड़ा से अधिक लोगों को विद्युत चोरी करते पकड़ा। जब इस बाबत जानकारी करनी चाही, तो विद्युत विभाग के अधिकारियों फोन नहीं उठाया। बाद में जानकारी करने पर एसडीओ मनीष वर्मा ने बताया कि यह विजिलेंस टीम का मामला है। उनसे ही पूरी जानकारी मिल सकती है। हम लोगों को इस बाबत कोई जानकारी नहीं है। वही विद्युत विभाग की छापेमारी के वक्त कोई भी विद्युत कर्मचारी ने फोन नहीं उठाया। इतनी बड़ी विद्युत चोरी में विजिलेंस टीम की छापेमारी से एकदम हड़कंप मच गया। इस मौके पर विजिलेंस टीम के अलावा एसडीओ मनीष वर्मा, जूनियर इंजीनियर नईम अख्तर तथा समस्त लाइनमैन विजिलेंस टीम के साथ रहे।

## खबरें एक नजर में

### शटरिंग खोलने व किराया लेने गये युवक को दबंगों ने पीटा



सीएचसी में मौजूद घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शटरिंग खोलने व किराया लेने गये युवक को दबंगों ने लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कम्पिल थाना क्षेत्र के गॉव बहलोलपुर निवासी आदित्य पुत्र शेर सिंह ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को प्रार्थन पत्र देकर कहा है कि आदित्य द्वारा ग्राम चिलौली थाना कायमगंज निवासी गुलशन पुत्र गुड्डू के यहाँ शटरिंग लगायी गयी थी। उस लगायी गई शटरिंग को खोलने और उसका किराया लेने के लिए आज आदित्य गया, तो गुलशन द्वारा भुगतान व शटरिंग देने से मना कर दिया। जब आदित्य ने विरोध किया, तभी गुलशन एवं सूरज तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने अदित्य को गिराकर लातों-घूसों व लाठी-डंडो से मारने पीटने लगा। आदित्य को पिटता देख बीच बचाव के लिए आया उसका भाई अनुल को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घापल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल



सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव जिजपुरा निवासी आशुतोष जाटव उम्र 19 वर्षीय पुत्र गंगा सिंह जाटव बाइक द्वारा अपने भाई रंजीत के लिए दवा लेने के लिए मेडीकल स्टोर रायपुर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम भगौतीपुर के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ई-रक्शा चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को 108 एम्बुलेन्स द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफउर कर दिया।

# बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठीं उंगलियां

## एक घंटे तक एंबुलेंस न मिलने पर चली गयी किशोर की जान

- तम्बाकू की गोदाम में काम करते समय बिगड़ी थी हालत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



सीएचसी में मौजूद मृतक के परिजन

तम्बाकू की गोदाम में काम करने के दौरान किशोर की हालत बिगड़ गयी। मां ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन करीब एक घंटे तक एंबुलेंस न मिलने पर किशोर की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका वार्ड नम्बर 4 निवासी अनिकेत जाटव उम्र 15 वर्षीय पुत्र स्व0 विनोद कुमार जो की तम्बाकू की गोदाम में पुड़िया भरने गया था। पुड़िया भरते समय अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिससे वह अपने घर जाकर लेट गया। दोपहर को उसकी माँ आरती अपने दो बच्चों अरून उम्र 19 वर्ष व हिमान्शू उम्र 8 वर्ष को गोदाम से वापस घर लेकर लौटी, तो उसने बड़े बेटे अनिकेत को घर पर लेटा देख मोहल्लेवासियों की मदद से चार पहिया ठेली द्वारा अनिकेत को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आयी। जहॉ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मॉ ने बच्चे को लोहिया अस्पताल ले जाने के लिए 108 नम्बर पर कई बार कॉल की, लेकिन 1 घन्टे तक एम्बुलेन्स न मिलने पर अनिकेत की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही मौत हो गई।

मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतक अनिकेत की माँ आरती ने बताया की 8 वर्ष पूर्व उसके पति विनोद कुमार की बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी। मासूम तीनों बच्चों को पालने के लिए हमने गोदाम मे पुड़िया भरकर अपने तीनों बच्चों की परवरिश की, लेकिन आज अनिकेत हमे छोड़कर अपने पिता के पास चला गया।

# चेयरमैन के निजी कार चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- दो अन्य लोगों का भी पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



पुलिस हिरासत में कार चालक सहित दोनों आरोपित

17 जनवरी को नगर पंचायत नवाबगंज के अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार यादव अपने कार्यालय के कक्ष में कुछ कार्य कर रहे थे। उनकी गाड़ी कार्यालय परिसर में खड़ी थी। चेयरमैन के निजी कार चालक मोहल्ला दीनदयाल नगर निवासी इरफान सिद्दीकी ने अधिशासी अधिकारी के कार चालक से गाली-गलौज करते हुए उनकी गाड़ी में लातें मारकर तोड़फोड़ कर दी थी। जिससे उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी। कार्यालय के अंदर बैठे अधिशासी अधिकारी अखिलेश कुमार यादव ने सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में देख ली। अधिशासी अधिकारी ने तोड़फोड़ करने वाले चेयरमैन के खास कहे जाने वाले उनके निजी कार चालक इरफान सिद्दीकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। चेयरमैन की शरण में होने के कारण इरफान सिद्दीकी को पुलिस 5 माह तक गिरफ्तार नहीं कर पाई, लेकिन सोमवार को पुलिस ने इरफान सिद्दीकी को गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। वहीं घरेलू झगड़े में गांव करनपुर निवासी दो भाई दीपक कुमार व शैलेश कुमार को भी गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है।

# भू-माफिया के कब्जे से दलितों की भूमि करायी गयी कब्जा मुक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



मौके पर जांच पड़ताल करते लेखपाल

राजस्व विभाग की टीम ने भू-माफिया के कब्जे से जमीन को मुक्त कराकर दलितों को वापस दिलवा दी। ग्राम अजमतपुर के ग्रामीणों ने थाना दिवस में थाना अध्यक्ष को शिकायती पर देकर जमीन दिलवाई जाने की गुहार लगाई थी।

गांव के जाटव जाति के राम सिंह पुत्र पूसेलाल, भंवरपाल पुत्र रामदयाल, मुन्नी देवी पत्नी कमलेश, सुशीला देवी पत्नी अशोक ने थानाध्यक्ष को अवगत कराया कि हमारी कृषि भूमि गाँव के बघार नाले के किनारे खसरा संख्या 1121 रकवा 0.060 हे0 जो हमको पट्टे पर सन् 2013 में दी गई थी। जिस पर कई वर्षो से ग्राम मानिकपुर निवासी गिरीश पुत्र जगदीश उक्त भूमि को कई वर्षों से दबंगई से जोत रहे थे।

गिरीश के काफी राजनीतिक असरदार व भू-माफिया से सम्बन्ध हैं। इसलिए यह हम गरीबों की जमीन जबरिया जोत लेता है और हम लोग उससे कुछ नहीं कह पाते हैं। कुछ कहने सुनने पर जगदीश झगड़ा फसाद मारपीट को अमादा हो जाता था। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने हल्का के दरोगा अजय सिंह एवं क्षेत्रीय लेखपाल अनिल वर्मा को कार्रवाई करने का आदेश दिया। आज लेखपाल अनिल वर्मा ने मानिकपुर क्षेत्र के लेखपाल अनिल सिंह के सहयोग से पट्टा भूमि की पैमाइश कर पट्टेदारों को उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान सरबन शाक्य मौजूद रहे। जिन्होंने ग्रामीणों को उनकी जमीन दिलवाने में काफी पैरवी की है।

# आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



बैठक लेते थानाध्यक्ष व मौजूद संभ्रांत लोग

आगामी त्यौहारों को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलायी। जिसमें लोगों से आवश्यक सुझाव लिये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में आगामी त्योहार तथा मोहर्रम को लेकर थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलायी। जिसमें सभी धर्मों के संभ्रांत व्यक्ति तथा धर्म गुरुओं के साथ-साथ विद्युत विभाग के भी कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक सुझाव लिए गए।

वहीं थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने विद्युत कर्मचारी एसडीओ मनीष वर्मा से वार्ता की तथा जूनियर इंजीनियर नईम अख्तर को भी बैठक में बुलाने की लिए आमंत्रण दिया, लेकिन विद्युत विभाग के दोनों अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय थे। इस वजह से उन्होंने अपने विभाग के टीजी-2 गोपाल मिश्रा, लाइनमैन प्रदीप कुमार के साथ बैठक में बुलाया और मोहर्रम के दिन विद्युत व्यवस्था झूलते तारों को सही करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा अभिलेख सिंह, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली, फारूक अली, हाफिज शोएब खान, फिरोज खान, हाफिज अकरम, राजा खान, मास्टर इस्लाम खान, ताज मोहम्मद, बेचे खान, सभासद बदल मंसूरी, सभासद आकाश कुमार, पवन कुमार, कुलदीप कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, राहुल यादव, हाफिज मोहम्मद आरिफ खान तथा कई संभ्रांत व्यक्ति, नगर पंचायत के समस्त सभासद मौजूद रहे।

# अनुपस्थिति को उपस्थित दिखाकर मिड-डे-मील में खेल करने वालों के मंसूबों पर फिरा पानी

- एक जुलाई से अब छात्रों की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी
- उपस्थिति की प्रतिदिन प्रधानाचार्यों को भेजनी होगी रिपोर्ट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



स्कूल में मिड-डे-मील योजना के तहत तहरी खाते बच्चे

माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक अब छात्रों की उपस्थित में खेल नहीं कर पायेंगे, क्योंकि शासन के आदेशों से 1 जुलाई से ऑनलाइन हाजिरी लगाना अनिवार्य होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्रदेश के लगभग 28 हजार से अधिक विद्यालयों में 1 जुलाई से ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था लागू होने जा रही है। ऐसा होने से अनुपस्थित छात्रों को उपस्थित दिखाकर मिड-डे-मील योजना में शिक्षक और प्रधानाचार्य अब खेल नहीं कर पायेंगे। इसके अलावा कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति होने से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए जरुरी न्यूनतम उपस्थित होने का नियम भी लागू हो सकेगा। ऑनलाइन उपस्थित की रिपोर्ट प्रधानाचार्य प्रतिदिन बोर्ड को भेजेंगे। अभी तक अनेक विद्यार्थी एडमीशन लेने के बाद सीधे परीक्षा देने पहुंचते थे। नई व्यवस्था से छात्रों की उपस्थिति जांची जा सकेगी और उसी के अनुसार परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देनी है या नहीं, उस पर निर्णय लिया जा सकेगा। माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष दुबे एवं पूर्व जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने ऑनलाइन उपस्थिति की नई व्यवस्था लागू होने की सराहना की है। शिक्षक नेताओं ने आशा व्यक्त की कि इस व्यवस्था से स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी और स्कूल ना आने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

# स्टेट क्वालिटी मॉनीटर ने मनरेगा से हुए कार्यो की जांच की



मनरेगा से हुए कार्यों की जांच करते स्टेट क्वालिटी मॉनीटर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

स्टेट क्वालिटी मॉनीटर ने मनरेगा से हुए कार्यो की जांच की तथा इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजने की बात कही। जानकारी के अनुसार कानपुर मंडल से आए स्टेट क्वालिटी मॉनीटर संजय कुमार श्रीवास्तव ने मनरेगा से हुए विकास कार्यो की जांच की। जिसमें 5 लाख से ऊपर के कच्चे कार्यो की क्वालिटी तथा 10 लाख से ऊपर के पक्के कार्यों की क्वालिटी चेक की गई। इस मौके पर उन्होंने कमालगंज ब्लॉक की तीन ग्राम पंचायतें देखीं। जिसमें राजेपुर सरायमेंदा, शेरपुर सराय, रानू खेड़ा का निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा से हुए कार्यों की जांच की। स्टेट क्वालिटी मॉनीटर ने बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी। यदि कोई कमी निकलती है तो उस पंचायत के अधिकारियों के खिलाफ जो भी उचित कार्रवाई होगी वह की जाएगी। इस मौके पर जेई दलवीर कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार, तकनीकी सहायक प्रर्मेद्र कुमार, तकनीकी सहायक मुजाहिद, शाहिद, तकनीकी सहायक बृजराज सिंह, ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

- लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी : एसपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यालय का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक को देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेखों का रखरखाव आदि देखा।

उन्होंने निर्देश दिये कि लिखा पढ़ी के कार्य को पारदर्शिता से करें तथा रजिस्टरों का रखरखाव भी रखें। जिससे अभिलेखों को देखने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में मौजूद सभी कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वह अपने कार्य को पूरी मेहनत व लगन के साथ अंजाम दें। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस अधीक्षरक के जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया गया बलिदान दिवस

**कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए उन्होंने आंदोलन किया : नरेन्द्र राजपूत**



संगोष्ठी को सम्बोधित करते नरेन्द्र राजपूत


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम को मसेनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कन्नौज के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत रहे।

कन्नौज के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा जनसंघ के प्रथम संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के सच्चे सपूत थे। आजादी के बाद देश की प्रथम सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने कश्मीर में परमिट व्यवस्था को लेकर आवाज बुलंद की।

कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति के खिलाफ आवाज उठाते हुए कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए आंदोलन कर दिया। उन्होंने कहा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। इस आंदोलन में उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई। कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण जम्मू कश्मीर भारत से अलग हो रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 और आर्टिकल 35 को खत्म करके जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का कार्य किया। भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं एवं देश की भावनाओं का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले का पूरा देश साक्षी बना। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा देश की आजादी के बाद भारत का बंटवारा कांग्रेस की सोची समझी रणनीति थी, कांग्रेस पुष्टिकरण की आग में पूरे देश को झोकाना चाहती थी। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आंदोलन देश को अखंड बनाने के लिए चलाया गया था।

उनकी रहस्य में मृत्यु पर आज भी पर्दा पड़ा हुआ है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी में अटूट राष्ट्र प्रेम भरा हुआ था। उन्होंने हिंदुओं को उनके सम्मान को बचाने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाया, जिसमें कश्मीर की समस्या को सुलझाना मुख्य मुद्दा था। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा की सरकार ने कश्मीर से धारा 370 और आर्टिकल 35 को समाप्त करके पूरे देश में एक साहित्यिक निर्णय लिया। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया। इस अवसर पर डॉ रजनी सरीन, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, धीरेंद्र वर्मा, रमला राठौर, धर्मेंद्र राजपूत, ममता सक्सेना, मीरा सिंह, चित्रा अग्निहोत्री, रश्मि दुबे, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने बताया कि 25 जून को जिले के प्रभारी मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह जनपद दौरे के दौरान संगठन द्वारा आयोजित 25 जून 1975 आपातकाल कार्यक्रम में शामिल होंगे औरलोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करेंगे।

## भाजपा पश्चिमी मण्डल की कमेटी घोषित



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा बढ़पुर पश्चिम मण्डल के अध्यक्ष संतोष राजपूत उर्फ सर्वेश कुमार ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष रामसेवक कुशवाहा, मानसिंह पाल, राजेन्द्र चौहान, विद्यावती तिवारी, डा0 शेर सिंह राजपूत, रोमी शाक्य को बनाया है। मण्डल महामंत्री प्रतीक दुबे व पुष्पेन्द्र शर्मा बने। मण्डल मंत्री की जिम्मेदारी विजय राठौर, राजकुमार पाठक, सुरभि कठेरिया, अवधेश राठौर, संदीप पाल, बालक राम कठेरिया को बनाया है। मण्डल कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रभुदयाल को दी है। साथ ही शक्ति केंद्र संयोजक सतीष राजपूत, मनवीर पाल, कुंवर पाल, केदरनाथ कुशवाहा, धीरेन्द्र प्रताप, प्रदीप कुमार, रंजीत शाक्य, राहुल कश्यप, कुनाल पाठक, विजय शाक्य, रमेश चन्द्र को जिम्मेदारी दी है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी मैच का हुआ आयोजन


मैच के दौरान मौजूद हॉकी खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष में स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में सोमवार को पुरुष व महिला हॉकी मैच का आयोजन किया गया। 7 साइड हॉकी प्रतियोगिता में प्रथम मैच में सिविल लाइन ने हाथीखाना को 3.0 से विजय प्राप्त की दूसरे मैच में जाफरी ने भूसा मंडी को 5.1 से पराजय दी। फाइनल मैच सिविल लाइंस तथा जाफरी के मध्य खेला गया। जिसमें जाफरी की टीम ने सिविल लाइंस को 7.1 से मात दी। मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह यादव तथा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे, सचिव अवनींद्र कुमार, फर्रुखाबाद हॉकी के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन, संयुक्त सचिव सुरेंद्र यादव तथा उपाध्यक्ष अफजल अहमद खान व पिंटू यादव तथा हॉकी कोच सत्यम मिश्रा उपस्थित रहे। सभी मैचों में अंपायर की भूमिका में प्रिया कठेरिया तथा अंजलि कठेरिया ने निभाई।

## भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल नगर की बैठक सम्पन्न


कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर कमेटी की बैठक नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता द्वारा सम्पन्न हुई। संचालन सत्येंद्र गुप्ता उर्फसीतू ने किया। उन्होंने सभी व्यापारियों से एकजुट होकर व्यापारी के साथ मजबूती से खड़े होने की बात कही। किसी भी व्यापारी के साथ किसी भी प्रकार का कोई उत्पीड़न होता है तो हम सभी लोग अधिकारियों का घेराव व सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर संरक्षक डॉ0 अरविंद गुप्ता, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, मुकेश सारस्वत, नीरज मिश्रा, कन्हैया लाल गुप्ता, राजाराम जाटव, शंकर लाल गुप्ता, राकेश राठौर, गौरव गुप्ता, रमेश चंद्र गुप्ता, नरेंद्र वर्मा, राधेश्याम वर्मा, अवधेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, सलमान खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस पर बांसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण द्वारा विश्व संगीत एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विचार एवं संगीत गोष्ठी का आयोजन किया गया। महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित विचार एवं संगीत गोष्ठी में कला साहित्य और संगीत की त्रिवेणी आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन को याद किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय गर्ग, रामअवतार शर्मा इंदु, राम मोहन शुक्ल, डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में लोकजीवन में संगीत का महत्व पर परिचर्चा हुई। इसी के साथ युवा बांसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक ने बांसुरी वादन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वरिष्ठ कवि राम अवतार शर्मा इंदु ने कहा संगीत जीवन जीने की कला को सीखता है। संगीत मन को मुग्ध और आत्मा को तृप्त कर देता है, वह मानवीय विकारों को दूर करता है, संगीत जीवन में एक औषधि का काम करता है। आचार्य कंचन एक श्रेष्ठतम संगीतकार थे, वह सभी यंत्रों को बजाने में निपुण थे। पंडित ललन पिया और हाजी बिलायत की खोज उन्होंने ही की थी। फर्रुखाबाद की ठुमरी और फर्रुखाबादी घराना विश्व प्रसिद्ध है। कंचन जी अच्छे साहित्यकार, एक चित्रकार और नाटककार थे। रुद्राक्ष पाठक ने कहा कि संगीत मात्र मनोरंजन का साधन नहीं है। यह मार्ग साधन से समाधि का है साकार ब्रम्ह अर्थात सा को धैर्य पूर्वक धारण करने का जिससे अंतिम स्वर नि अर्थात निराकार ब्रह्म की प्राप्ति का है। रुद्राक्ष की बांसुरी सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। युवा बांसुरी वादक रुद्राक्ष पाठक को संगीत साधना के लिए सम्मानित किया गया।


रुद्राक्ष पाठक को सम्मानित करते संस्था के लोग

अध्यक्ष डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। संचालन राज गौरव पाण्डेय ने किया। संयोजक दिलीप कश्यप, राम मोहन शुक्ल ने व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर प्रियांशु पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, गुड्डू अग्रवाल, अनुराग दीक्षित, नीरज शर्मा, राहुल वर्मा, मनोज कश्यप, संजीव वर्मा आदि लोग मौजूद।

## माधौपुर गोशाला जाने वाला मार्ग पर निकलना हुआ मुश्किल, भरा कीचड़


माधौपुर गोशाला सड़क पर भरा कीचड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा क्षेत्र के माधौपुर गौशाला जाने वाले मार्ग पर पैदल निकलना मुश्किल है। कीचड़ भरी सड़क से ही गुजरना पड़ रहा है। जरा सी बारिश होते ही सड़कों पर कीचड़ ही कीचड़ दिखायी पड़ रहा है। माधौपुर गौशाला रोड पर सफाई व्यवस्था चौपट है। महीनों सफाई न होने के कारण सड़क कीचड़ युक्त बनी हुई है। नालिया बजबजा रही है। सड़क पर पानी भरा है। राहगीरों को निकलने में दुर्गंध आती है। पैदल निकलने वालों को कीचड़ में घुसकर निकलना पड़ रह है। माधौपुर स्थित गौरक्षिणी सभा गौशाला में जाने वाले मार्ग कीचड़ युक्त है। किसी भी प्रतिनिधि का इस ओर ध्यान नहीं है। ऐसे में स्थानीय लोग परेशान है। आये दिन बाइक सवार कीचड़ में गिरकर घायल हो रहे है।

## पेंशन में किये गये संसोधन विधेयक को समाप्त करने की मांग

**वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने पीएम को भेजा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान ने पेंशन में किये संसोधनों के विरोध में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि 25 मार्च को संसद में पारित वित्त विधेयक 2025 के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचित निधि पेंशन देयताओं पर व्यय के संदर्भ में सीसीएस पेंशन नियमों और सिद्धांतों की सत्यता के नाम पर किए गए संशोधन अत्यंत प्रक्रियावादी एवं संविधान विरोधी प्रतीत होते हैं। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों को सेवानिवृत्ति के आधार पर विभिन्न वर्गों में विभाजित करना और उन्हें भविष्य के संभावित लामों से वंचित करना है, कि डीएस नकारा बनाम भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का स्पष्ट उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने उक्त निर्णय में कृत्रिम कट-ऑफतिथि द्वारा पेंशनरों में भेदभाव को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन माना है। वित्त विधेयक 2025 से किये गये संशोधन से केन्द्र सरकार के वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप पेंशन भोगियों को मिलने वाले अधिकारों को समाप्त कर देता है और उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार के लाभ से वंचित कर देता है, जो अत्यंत प्रतिगामी है। वित्त मंत्री का कहना कि वर्तमान पेंशनभोगियों पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होने यह स्पष्ट नहीं किया कि भविष्य में गठित आठवें वेतन आयोग के लाभ पूर्व पेंशनरों को मिलेंगे या नहीं, जिससे पेंशन समुदाय में असमंजस और असंतोष व्याप्त है। सबका साथ, सबका विकास की नीति अपनाने वाली सरकार द्वारा करोड़ों वरिष्ठ नगरिको और पेंशनरों को जीवन के अंतिम पड़ाव पर वित्तीय असुरक्षा की और धकेलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।


ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स

पेंशनों की मांग है कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशन से जुड़े प्रतिगामी संशोधनों को समाप्त किया जाए। कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की भांति पेंशनरों को महंगाई राहत नियमित रूप से एक साथ आदेश जारी किए जाएं। कोरोना काल में बंद की गई रेलवे छूट की सुविधाएं वरिष्ठ नागरिकों को पुनः बहाल की जाए। पेंशन में राशिकरण की अवधि 15 वर्षों से घटाकर 11 वर्ष की जाए। पेंशनरों को 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमिक रूप से पेंशन में वृद्धि का लाभ दिया जाए। पूरे देश में पेंशनरों को समान चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाये। ज्ञापन देने वालों में लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, रामगोपाल, शैलेन्द्र कुमार शुक्ल, उमेश कुमार, राकेश कुमार सारस्वत, रामनंदन, चन्द्रबाबू, विनोद कुमार कटियार, अनिल कुमार मिश्र, आदर्श कुमार, सतीश चन्द्र, गंगाराम, राममोहन आदि लोग शामिल रहे।

## 25 जून को स्वतंत्रता सेनानी व लोकतंत्र सेनानी होंगे सम्मानित


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय आवास विकास पर आपात कालीन कार्यक्रम को लेकर बैठक सम्पन्न हुई।

आगामी 25 जून को आपातकाल की बरसी पर स्वतंत्रता सेनानियों व लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा। 25 जून 1975 को आपातकाल हुआ था। उसी की बरसी पर कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें प्रभारी मंत्री ठा0 जयवीर सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे और लोकतंत्र सेनानी व स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को सम्मानित करेंगे।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, जिला महामंत्री डीएस राठौर व हिमांशु गुप्ता, वीरेन्द्र कठेरिया, अभिषेक बाथम, विकास पाण्डेय, अंकित गुप्ता, दिनेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## कोआपरेटिव बैंक प्रबंधन कमेटी के संचालकों का निर्विरोध चुना जाना तय


खुशी जताते भाजपा नेता

**निर्वाचन संख्या 13 में 12 उम्मीदवारों ने किया नामांकन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दि फर्रुखाबाद डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक प्रबंधन कमेटी के सभी संचालकों का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। क्योंकि 13 पदों के लिए कुल 12 ही भाजपाइयों ने नामांकन किये है। इससे यह तय है कि जब कोई विपक्ष में नहीं है तो निर्विरोध सभी को चुन लिया जायेगा।

सोमवार को कोआपरेटिव बैंक फतेहगढ़ में सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। नामांकन निर्देशन करने का समय प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक का था। अनारक्षित पद पर बृजेश कुमार, अनारक्षित के लिए किसी ने कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया, अमृतपुर से पूर्व ब्लाक प्रमुख भास्कर दत्त द्विवेदी, कन्नौज से आरक्षित अनुसूचित जाति अरविन्द कुमार, पिछड़ा वर्ग कायमगंज से कुलदीप गंगवार, अनारक्षित सीट प्रदीप कुमार, तिर्वा से महिला उम्मीदवार सुधा, अनारक्षित से राजेश त्रिपाठी, फर्रुखाबाद से अनारक्षित दिनेश चन्द्र, लक्ष्मीदेवी, लेखा कृषि बैंकिंग प्रबंधन एवं विधि विशेषज्ञ-वृत्तिक विधि के लिए रामेन्द्र सिंह, लेखा/बैंकिंग अशोक कुमार वर्मा, अर्थशास्त्र नरेश चन्द्र सहित कुल 12 लोगों ने अपने-अपने नामांकन सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजेश कुमार सिंह व निर्वाचन अधिकारी उप जिलाधिकारी सदर रजनीकांत पाण्डेय के समक्ष प्रस्तुत किये। नामांकन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं का जमावाड़ा रहा। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, डीएस राठौर, जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, शिव महेश दुबे, मुनीश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## पौधरोपण के बाद लापरवाही न करें, पौधों की करें देखभाल : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** गोआश्रय स्थलों में वृक्षारोपण कराए जाने हेतु गड्ढे खुदान का कार्य प्राथमिकता के आधार पर अगले 3-5 दिनों में पूर्ण कर लिया जाए। ताकि वर्षा काल में समय से पौधारोपण हो सके। पौधों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड या बाड़बंदी की व्यवस्था भी की जाए। ताकि पशुओं द्वारा नुकसान न पहुंचाया जा सके। यह बात जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, गो.आश्रय स्थल एवं जीरो पावर्टी अभियान, सांसद एवं विधायक निधि आदि के संबंध हुई बैठक में कही।

उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण इस प्रकार किया जाए कि जो भी पौधे लगाए जाएं। वह तैयार हो, गिनती गिनाने के लिए पौधे न लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को समृद्ध करते हैं, बल्कि गो आश्रय स्थलों में हरियाली, छाया आदि का स्थायी स्रोत भी बनते हैं। इसलिए इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों पर बीमार गोवंश के लिए अलग से कक्ष बनाया जाए। साथ ही बीमार या घायल गोवंश की समय से आवश्यकतानुसार चिकित्सा होनी चाहिए। सहभागिता योजना के अंतर्गत दिए गए गोवंश जिनकी 2 से 4 माह में मृत्यु हो गई है। उसका कारण क्या है। इसका वेरिफिकेशन कराया जाए। उन्होंने एडीओ पंचायत सौरिख को निर्देश दिए कि स्वयं जाकर बीलमपुर सौरिख में सामुदायिक शौचालय की यथा स्थिति जांच कर कल तक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने सहरोई सौरिख में विद्यालय हेतु एप्रोच मार्ग बनाने में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी पर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत आवास योजना के तहत 6144 पात्र लाभार्थियों की पात्रता सूची में नाम हैं। उन्हें आवास की स्वीकृति एवं किस्तों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### फैमिली आईडी आवेदन लंबित पाये जाने पर जताई नाराजगी

फैमिली आईडी में ब्लाक जलालाबाद के 34 एवं उमर्दा के 40 आवेदन लंबित पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये फैमिली आईडी की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिये। कहा कि माह जून के अंत तक फैमिली आईडी बनाने का कार्य 55 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। उन्होनें सांसद एवं विधायक निधि के कार्यां की समीक्षा करते हुये कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्य 15 अगस्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिये जाये।

## प्रतिभा यादव सपा महिला सभा की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव ने फतेहगढ़ निवासी समाजवादी नेता प्रतिभा यादव को प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य पद पर मनोनीत किया है। प्रतिभा यादव ने लखनऊ से फोन पर फर्रुखाबाद जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव से वार्ता करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा एवं लगन से समाजवादी महिला सभा की गतिविधियों को जनपद में मजबूत करेंगी।

उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी को जनपद की चारों सीटों पर ऐतिहासिक जीत दिलाने में महिला सभा की निर्णायक भूमिका होगी।

उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव से मिलकर उनका आशीर्वाद लेंगी तथा उनके मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को और सशक्त बनाएंगी। इस अवसर पर जनपद के अनेक समाजवादी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभा यादव को बधाई दी।


प्रतिभा यादव को मनोनयन पत्र देती महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष

**जिला खेल कार्यालय, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:-77/जि0क्री0अधि0 /सा0स्टै0पत्रा0/2025-26 दिनांक-20 जून, 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, फतेहगढ़, फर्रुखाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में साईकिल स्टैण्ड ठेका उठाये जाने हेतु निविदा दिनांक-30.06.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे ऑफलाइन आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि में इच्छुक बोली लगाने हेतु निविदादाता नियम एवं शर्तो की जानकारी दिनांक 30 जून, 2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में जिला खेल कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

क्रीड़ा अधिकारी
फर्रुखाबाद।

# कोतवाली में ताजियेदारों की बैठक आयोजित

- सभी ताजिए को शांतिपूर्ण ढंग से निकले जाने की अपील
- किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रशासन हर मदद के लिए तैयार : प्रभारी निरीक्षक



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को चुनार कोतवाली में मुहर्रम पर्व के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी मंजरी राव की अध्यक्षता में ताजियेदारों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ने कहा कि जो ताजिए पहले से उठाए जा रहे थे वही ताजी उठाए जाएंगे ताजिया की लंबाई पूर्व की भांति ही रहेगी उसमें किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य ने कहा कि सभी ताजिए शांतिपूर्ण ढंग से निकल जाना चाहिए और किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रशासन हर मदद के लिए तैयार है।

इस दौरान भूषण मौर्य नायब तहसीलदार कल्पना, चेयरमैन मंसूर अहमद, चंद्रहास गुप्ता, अभिलाष राय, जेई जलकल अभियंता सौरभ प्रकाश सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि यादव, अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव, कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा, अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह, उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण राजेश रमन राय, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, विनय राय, सुमित सिंह, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह, यासीन राइन,अख्तर भाई, करतार सिंह कुशवाहा, मिर्जापुर सरकार हुसैन, अशफाक अहमद, गयासुद्दीन, सहित मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित



**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

महान राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट शिक्षाविद्, जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा सीखड़ मण्डल मे शुरू किये गए भारतीय जनता पार्टी रूपी बटवृक्ष के जड़ रूपी पुरातन कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल के विदापुर ग्राम मे भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व महामंत्री विकास पति त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका हाल जाना और उनको सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मारकंडे सिंह, भूपनारायन पांडेय (कलऊ गुरु), कार्यक्रम संयोजक शिव प्रसाद द्विवेदी, नीरज पांडेय, दिनेश मिश्र, प्रत्युष त्रिपाठी, शिवम पाण्डेय, सुनील पाल, शिवम पांडेय, ज्ञानधर शुक्ला, सुरेंद्र पांडेय, आशुतोष पांडेय, गौरव पांडेय, शीतला प्रसाद मिश्रा, धीरज सिंह, जवाहर लाल पाण्डेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करंट लगने से बेटे की मौत, मां-बहन गंभीर रूप से घायल

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चचरी मोड कॉलोनी में अशोक साहनी की बेटी अन्नू साहनी सुबह 10 बजे कपड़ा धोकर डारे पर डाल रही थी डारे में करंट आने से उसी में सट गई। मां राजपति देवी अपनी बेटी को बचाने गई वह भी करंट की चपेट में आ गई।

बेटा अभिषेक कुमार साहनी दोनों को चिपके हुए देखा तुरंत किसी तरह उन्हें खींच वह नीचे फर्श पर गिर गया। जिस घर के लोगों ने चुनार चचरी मोड हॉस्पिटल में पहुंचा जहां डॉक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। मां बेटी को मिर्जापुर के लिए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया दोनों का इलाज चल रहा है। मृतक आईआईटी किया हुआ था जो मुंबई में कपड़े की दुकान पर काम करता था। कल रविवार को ही मुंबई से घर आया हुआ था। आज उसकी सुबह मौत हो गई।

मृतक अपने मां-बाप का चार बेटियों में इकलौता बेटा था।

## विद्युत उपकेंद्र हलिया के 11 केवी ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से विद्युत आपूर्ति बाधित



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र हलिया के 11 केवी इनकमिंग नंबर एक के दस एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के कारण 11 केवी के अंतर्गत हलिया, अदवा, कोटाघाट, ड्रमण्डगंज फीडर की विद्युत आपूर्ति सोमवार की सुबह से बाधित हो गई है। चारों फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगो को पेयजल के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण विद्युत से संबंधित कारोबार भी प्रभावित हुआ है। लोगो के इन्वर्टर की बैट्री मोबाइल फोन आदि के चार्जिंग की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं 11 केवी इनकमिंग नंबर एक के दस एमवीए के ट्रांसफार्मर के खराबी को बनाने के लिए उपकेंद्र के विद्युत कर्मियों द्वारा तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति को बहाल करने का आश्वासन दिया जा रहा है। इस संबंध में एसएसओ वीरेंद्र सिंह परिहार ने बताया है की विद्युत उपकेंद्र के 11 केवी इनकमिंग नंबर एक के दस एमवीए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के कारण 11 केवी के अंतर्गत हलिया, अदवा, कोटाघाट, ड्रमण्डगंज, फीडर की आपूर्ति बाधित हुई है। ट्रांसफार्मर के खराबी को ठीक किया जा रहा है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति को बहाल कर दिया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### 15 लाख के बकायेदार की भूमि को राजस्व टीम ने किया कुर्क

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** सोमवार को तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा 15 लाख के बकायेदार विनोद सिंह पुत्र गिरिजा सिंह निवासी भाईपुर खुर्द की भूमि को कुर्क करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार गरिमा सिंह, संग्रह अमीन अमर ज्योति, बृज किशोर शर्मा, सतीश चंद्र, वीरेंद्र इत्यादि राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

### अदवा नदी में मछली पकड़ रहे लोग वन विभाग की टीम को देखकर भागे

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अदवा नदी में सोमवार को जाल डालकर मछली पकड़ रहे लोग वन विभाग की टीम को देखकर भागे वन विभाग की टीम ने अबैध रूप से नदी नालो में मछली पकड़ने वाले लोगो को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा है की अगर नदी नालो में मछली पकड़ने की सूचना मिलती है तो मछली पकड़ने वाले शिकारियों को पकडकर उनके विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। अवैध रूप से मछली पकड़ने से रोकने के लिए वन विभाग कि टीम में वन दरोगा सन्त्री सिंह, वन्यजीव रक्षक शिवम सिंह आदि रहे।

### घायल बाइक चालक की उपचार के दौरान मौत

**हलिया, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी बाइक चालक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था बाइक चालक की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत होने पर बाइक चालक का शव एम्बुलेंस से गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बाइक चालक के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी 25 वर्षीय दूध नाथ बाइक से 21 जून की रात्रि में बैधा गांव में युवक से टक्कर होने से बाइक चालक व युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया जंहा पर चिकित्सक रविराज ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान दूध नाथ ने ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। बाइक चालक का शव एम्बुलेंस सेवा वाहन से गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बाइक चालक के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है। बाइक चालक को ढाई वर्ष का पुत्र है। पत्नी गर्भवती है हल्का प्रभारी हंसराज यादव ने बताया की दुर्घटना में घायल बाइक चालक की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है।

### तहसील मुख्यालय लालगंज में अग्निशमन केंद्र का निर्माण कार्य शुरू

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** तहसील मुख्यालय लालगंज में अग्निशमन केंद्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। रविवार को खजुरी में अग्निशमन केंद्र के निर्माण के लिए नींव की खोदाई का काम शुरू हो गया। 12 करोड़ की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र से लालगंज और हलिया क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। अग्निशमन केंद्र परिसर में आवासीय भवनो का निर्माण भी किया जाएगा। जिनमें केंद्र के कर्मचारियों का आवास के साथ ही कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। परिसर में पानी की आपूर्ति के लिए पहले ही बोरिंग कराई जा चुकी है। चाहार दिवारी का भी निर्माण किया जाएगा। इस केंद्र की स्थापना को लेकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों से लंबे समय से मांग उठती रही। आग लगने की घटनाओं के दौरान मिर्जापुर या अन्य सुदूर केंद्रों से दमकल की गाड़ियों के देर से पहुंचने के कारण लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ता था।

### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उपरिया गांव में आकाशीय बिजली कि चपेट में आने से पशु पालक की भैस की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे पशु पालक ने दैवीय आपदा से क्षतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक को सूचना दिया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके। थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी चीनी गुप्ता की दुधारू भैस सिवान में खुटे में बंधी हुई थी की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर भैस की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पशु पालक ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक कमलेश कुमार को सूचना दिया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा राहत कोष से हुई क्षति का क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जा सके। इस संबंध में पशु पालक ने बताया की आकाशीय बिजली गिरने से पचास हजार रूपये की दुधारू भैस की मौत हो गई है। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सहित पशु चिकित्सक व ग्राम प्रधान को सूचना दिया गया है जिससे दैवीय आपदा से हुई क्षति की क्षतिपूर्ति दैवीय आपदा राहत कोष से मिल सके।

## कृषक कॉपरेटिव फाउंडेशन किसान सेवा के संचालन के लिए कैबिनेट मंत्री को सौंपा पत्र



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

हलिया वार्ड नंबर एक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने रविवार को कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को पत्र सौपकर कोटाघाट में वर्षो से बंद चल रहे कृषक सेवा केंद्र के संचालन शुरू कराने की मांग किया है। दिए गए पत्र में बताया है की विकास खंड हलिया के कोटा शिव प्रताप सिंह में कृषक कॉपरेटिव फाउंडेशन कृषक सेवा केंद्र इफ्को खाद एवं बीज कृषि रसायन बिक्री केंद्र खुलवाने के संबंध में किसान भाई लोगो को एक वर्ष से खाद एवं बीज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है जिससे किसानो को खेत में बीज एवं खाद डालने को परेशानिया हो रही है। पूर्व में वर्ष 2019 में बंद होने पर आपके द्वारा पुनः चालू करवाया गया था लेकिन वर्ष 2024 से फिर बंद पड़ा हुआ है। बंद पड़े कृषक सेवा केंद्र के संचालन की मांग किया है।

## ट्रक-ट्रेलर की टक्कर में ड्राइवर की मौत



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे फोरलेन भौरही गांव के पास खड़ी ट्रक में सुबह 7.30 बजे ट्रेलर जा घुसा जिसमें ट्रेलर ड्राइवर रामबली 50 वर्ष पुत्र पंचम हरिजन निवासी ग्राम परसीया गोकुल बेलन बरौधा तहसील लालगंज मिर्जापुर की घटना स्थल से स्थानीय लोगों ने चचरी मोड हास्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने देखते ही ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। वही खलासी भोला पुत्र फैलू निवासी परसीया बेलन बरौधा लालगंज मिर्जापुर गंभीर उसे घायल बेहतर उपचार के लिए मिर्जापुर रेफर कर दिया। हलका इंचार्ज राजेश रामण राय व हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार सिंह मय फोर्स पहुंच मृतक के परिजनों को सूचना दिया व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क पर गिर कर बाइक सवार घायल, प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर रेफर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गाँव में सोमवार को तीन बजे दिन बाइक से जा रहे चालक को अचानक चक्कर आ जाने पर सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीछे बैठे साथी एंबुलेंस को सूचना दी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गहरी चोट होने कारण ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गंजरिया गांव निवासी गंगेश्वर प्रसाद मिश्र (40) अपने साथी सुनील कुमार मिश्रा व लवलेश मिश्रा के साथ हलिया बाजार से एक दुकान पर नाश्ता करके वापस घर की तरफजा रहे थे। जैसे ही दुकान से 500 मीटर आगे हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के हथेड़ा मोड़ के पहले पहुंचे की चालक को अचानक चक्कर आ कर सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया पीछे बैठे साथियों ने एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## रेलवे ट्रैक के पास बांह कटी लाश मिलने से हड़कंप



**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के टमलगंज मुहल्ले के देवा फाउंडेशन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक एक अज्ञात व्यक्ति का शव दोनों बाह कटे रात्रि 11.30 बजे रेलवे फेर्ड मैन जितेंद्र कुमार ने स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। सूचना पर हलका इंचार्ज राजेश रमन राय घटना स्थल पर मय फोर्स पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर रात्रि पहचान कराते रहे। सुबह से मृतक कि पहचान नहीं हो सकी। हल्का इंचार्ज राजेश रामण राय ने बताया की मृतक सफेदशर्ट पहना है, सफेद गंजी व ब्लू कलर का लोवर कत्थई कलर का अंडरवियर पहन रखा है।

## एसबीआई संस्थान परिसर में दिखा अजगर

**निर्माण कार्य के दौरान 10 फीट लंबा सांप देख मजदूरों ने काम कोरोका**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज जिले के घुघली विकासखंड में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI) में सोमवार को एक अजगर दिखने से हलचल मच गई।

RSETI परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों ने एक झाड़ी के पास रेंगते हुए अजगर को देखा। अजगर की मौजूदगी से वहां मौजूद लोगों में घबराहट फैल गई। मजदूरों ने तत्काल निर्माण कार्य रोक दिया। स्थानीय वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। कुछ ग्रामीणों ने अजगर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। ग्रामीणों के अनुसार अजगर लगभग 8 से 10 फीट लंबा था।

घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थलों की पूर्व जांच की मांग की है। उनका कहना है कि इससे इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है।

## फरेंदा विधायक के पत्र पर एडीआरएम ने दिए कार्य पूरा करने के निर्देश



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

भागीरथपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम में बरहरा से चैनपुर गांव तक सड़क निर्माण का मामला सामने आया है। फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के पत्र पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में रेल अधिकारियों से मुलाकात की।

जिला कांग्रेस कमेटी महराजगंज के अध्यक्ष एडवोकेट विजय सिंह ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य शरदेंदु पांडे और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय चंद्र चौबे भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने अपर मंडल रेल प्रबंधक भुवनेश सिंह को पत्र सौंपा। एडीआरएम ने तुरंत कमर्शियल प्रबंधक को बुलाया। उन्होंने निर्देश दिए कि चल रहे निर्माण कार्य में इस सड़क के बचे हिस्से को भी शामिल किया जाए। जिला अध्यक्ष विजय सिंह ने त्वरित कार्रवाई के लिए डीआरएम का आभार जताया।

## रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा

**फरेन्दा -महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेन्दा के अधिवक्ताओं ने अपने अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा व महामंत्री परमात्मा सिंह के नेतृत्व में छः सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी महराजगंज संतोष शर्मा को सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

अपने दिए मांग पत्र लिखा है कि धारा 126,135,170 भा0न0सु0 सहिता के मुल्जिमान की चालानी व जमानत व्यवस्था समयबद्ध सुनिश्चित कराया जाय। न्यायालयो की केस डायरी/वाद सुची अद्यतन रखा जाए, पत्रावलियों का रखरखाव व्यवस्थित रखा जाए जिससे कार्य सम्पादित हों सके, न्यायालयों में सुनवाई के दौरान भीड़ भाड़ पर नियंत्रण रखा जाए जिससे फाइलों की पैरवी करने में आसानी हो, केस लिस्ट न्यायालयो के बाहर चस्पा किया जाय, न्यायिक प्रक्रिया व न्यायिक पारदर्शिता का ध्यान रखा जाए।

उक्त बिन्दुओं को लेकर अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी महराजगंज से ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया और अभिलंब कार्यवाई करने की मांग की है।

## निरोग रहने के लिए पौधरोपण जरूरी : राम प्रकाश सिंह



**महराजगंज फरेंदा, समृद्धि न्यूज।**

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर क्षेत्र पंचायत फरेंदा के ग्राम सभा सेमराडाड़ी के अंबेडकर पार्क कैम्पियरगज रेंज के अंतर्गत पूर्व ब्लाक प्रमुख फरेंदा राम प्रकाश सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया इस दौरान सेमराडाड़ी के ग्राम प्रधान दिनेशचंद्र बनाधिकारी कैंम्पियरगंज समर सिंह यादव उप वनाधिकारी राहुल सिंह वनरक्षक प्रदीप सिंह सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के अवसर पर कैंम्पियरगंज वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा सेमराडाड़ी के अंबेडकर पार्क में पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह ने कहा कि जीवन के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता है जो हमें पेड़ पौधों से मिलता है।

उन्होंने कहा कि जीवन बचाने और स्वस्थ रहने के लिए तथा आने वाले पीढ़ी के लिए सभी को पौध अवश्य लगाना चाहिए। पूर्व प्रमुख ने कहा कि एक पेड़ दस पुत्रों के समान हैं पौध लगाकर उसकी सुरक्षा व देखभाल भी करना चाहिए साथ ही साथ निरोग रहने के लिए पौधरोपण जरूरी है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान दिनेश चंद्र,क्षेत्रीय वनाधिकारी कैम्पियरगज समर सिंह यादव उप क्षेत्रीय वनाधिकारी राहुल सिंह, वनरक्षक प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।

# कथित ऑडियो वायरल होने के बाद भी बीएसए की नहीं टूटी कुंभकर्णी नींद

- कौन है कार्यालय में चंद्र प्रकाश जिसका ऑडियो में एक व्यक्ति ले रहा था नाम
- प्रदेश के मुखिया की भ्रष्टाचार मुक्त शासन की कौन उड़ा रहा धज्जियां, चर्चाओं का बाजार गर्म

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

गत दिवस बेसिक शिक्षा महकमे में चल रहे गोलमाल को लेकर एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें एक व्यक्ति कार्यालय के ही किसी चंद्रप्रकाश का नाम लेकर बातचीत कर रहा था। इसके बाद भी उक्त प्रकरण का बीएसए ने अब तक संज्ञान न लेना इस बात का द्योतक माना जा सकता है कि अभी साहब की कुंभकर्णी नींद नहीं टूटी या फिर वह मामले को नजरंदाज करने का प्रयास करते देखे जा रहे हैं। हालांकि प्रदेश के मुखिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा करते हैं लेकिन यह दावा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दम तोड़ता नजर आता है। हालांकि शिक्षक नेताओं ने मामले को गंभीरता से लेकर साफ शब्दों में कहा कि यदि शिक्षकों का इसी तरह से शोषण होता रहा तो शिक्षक नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश की राजधानी पहुंचकर शासन के अधिकारियों को सारे साक्ष्यों के साथ शिकायत करेगा ताकि कार्यालय में चल रही गतिविधियों को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सके और जो चर्चित लिपिक कटमनी के खेला में संलिप्त हैं उन पर कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके।

शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की थी जो अब पूरी भी हो चुकी हैं। इस प्रक्रिया में अनेकों शिक्षकों का अंतरजनपदीय ही नहीं अंतःजनपद स्थानांतरण भी हुआ। लेकिन इसमें बेसिक शिक्षा कार्यालय के चर्चित लिपिकों ने जो खेला किया वह किसी से भी छिपा नहीं रहा। इसी दौरान एक व्यक्ति का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें वह महेवा विकासखंड के ग्राम कुकहनू के परिषदीय विद्यालय में प्रदस्थ शिक्षक सूर्यप्रताप वर्मा से बातचीत कर रहा था इस बातचीत में कथित व्यक्ति ने अपने नाम का तो उल्लेख नहीं किया था जैसे ही उक्त ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गया था। बातचीत के दौरान कार्यालय के चंद्रप्रकाश के नाम का उल्लेख भी किया जाना गंभीर मामला माना जा सकता हैं। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी कई दिन बीत जाने के बाद भी बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले का संज्ञान लेना जरूरी क्यों नहीं समझा जबकि वह कपोल कल्पित शिकायतों को आधार बनाकर कई शिक्षकों के गैर जनपद स्थानांतरण में रोड़ा अटका चुके हैं। लेकिन ऐसी शिकायतों के निस्तारण की दिशा में उनके द्वारा एक कदम भी आगे नहीं बढ़े। यदि किसी शिक्षक के संबंधित कोई शिकायत है तो उसकी जांच प्राथमिकता से कराकर उसका निस्तारण करने का दायित्व भी बीएसए का बनता हैं। यह बात पीड़ितों की समझ में नहीं आ रही कि वह न्याय के लिये किस अधिकारी के कार्यालय में दस्तक दें ताकि उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। बेसिक शिक्षा महकमे में चल रहे गोलमाल के बारे में नाम न छापने की शर्त पर शिक्षक नेताओं ने साफशब्दों में कहा कि ऐसे मामलों पर आंखों पर पट्टी बांधकर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि जब भी जनपद में शिक्षकों का इस तरह से शोषण करने का प्रयास किया गया तब तब शिक्षक नेताओं ने निर्णायक आंदोलन चलाकर ऐसे अधिकारियों को ही नहीं बल्कि चर्चित लिपिकों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायी। ऐसे मामलों को लेकर वह जल्द ही प्रदेश की राजधानी पहुंचकर सभी प्रकरणों की आला अधिकारियों से साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज करायेंगे ताकि पीड़ित शिक्षकों को न्याय मिल सके। शिक्षक नेताओं ने यह भी कहा कि कुछ शिक्षक नेता ऐसे भी हैं जो शिक्षकों का शोषण कराकर ही अपनी राजनीति करते चले आ रहे हैं। ऐसे शिक्षक नेताओं के कारनामों का भी खुलासा पीड़ित शिक्षकों के साथ होगा।

## हिंदू युवा वाहिनी की मांग मोहर्रम पर्व पर कानफोड़ू आवाज में न बजाये जाये डीजे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मोहर्रम के पर्व पर नई पद्धतियां न अपनाने और मंदिरों कें सामने डीजे धीमी आवाज में बजाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आगामी मोहर्रम के पर्व पर मंदिरों के सामने ताजिया निकलने के दौरान डीजे धीमी आवाज में बजाए जाएं आरती के समय डीजे बंद किए जाने चाहिए। ताजिया रूट पर ही बिजली की कटौती की जाए अन्य स्थानों पर कटौती न की जाए। अखाड़ा के दौरान शस्त्रों का प्रदर्शन न किया जाए। ताजिया निर्धारित ऊंचाई के ही बनाने के लिए निर्देशित किया जाए। छड़ों की संख्या व मार्ग निर्धारित किया जाए। हिंदू घरों के सामने हरी पताका न लगाई जाए और उत्तेजित करने वाली नारेबाजी न की जाए। इसके अलावा जुलूस में उर्दू भाषा मूं लिखे हुए झंडे न फहराए जाएं। उन्होंने मांग की है कि ताजिए के जुलूस के दौरान प्रशासन द्वारा इन पर निगाह रखी जाए और यदि कोई कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# विद्यालय विलय नीति का यूटा करेगा विरोध, शिक्षकों ने कहा मर्जन नीति समाज व शिक्षा विरोधी

- यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन की बैठक, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने का निर्णय

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की एक अति आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष नृपेंद्र देव सिंह (खरूसा) के आवास पर सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्जन की नीति का एक स्वर में विरोध किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस नीति को समाज विरोधी, छात्र विरोधी और शिक्षक विरोधी बताया गया। जिलाध्यक्ष नृपेंद्र देव सिंह ने कहा कि मर्जन नीति पूरी तरह गैर-तर्कसंगत है और इससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्र, विशेष रूप से बालिकाएं शिक्षा से वंचित होंगी। विद्यालयों का 1 से 5 किलोमीटर के दायरे में विलय करने से ड्रॉपआउट दर में भारी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का ÷हर बच्चे को शिक्षा÷ देने का सपना इस फैसले से झूठा साबित होगा। ग्रामीण बालिकाओं के लिए दूरी की वजह से स्कूल जाना मुश्किल हो जाएगा, जिससे बालिका शिक्षा की सारी योजनाएं धराशायी हो जाएंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यह फैसला अगर लागू हुआ तो आने वाले समय में गांव-गांव के प्राथमिक विद्यालय अतिक्रमण की भेंट चढ़ सकते हैं। जिला संयोजक अशोक तिवारी ने कहा कि मर्जन के बाद शिक्षक सरप्लस की स्थिति में आ जाएंगे और पदोन्नति की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी।

यह नीति बीटीसी, डीएलएड व बीएलएड प्रशिक्षु युवाओं के भविष्य को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है, जिससे स्थाई शिक्षक भर्तियां रोकी जा सकें। जिला महामंत्री डॉ. शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि विशिष्ट बीटीसी 2004 के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं सदन में घोषणा की थी, लेकिन उच्च अधिकारी तकनीकी बहाने बनाकर कार्यवाही में देरी कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिलाधिकारी जालौन के माध्यम से मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर इस नीति का विरोध दर्ज कराया जाएगा और विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों को शीघ्र पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप सें शामिल हुए राजेन्द्र राजपूत (कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष), सुशील राजपूत (प्रदेश प्रवक्ता), श्यामजी गुप्ता (मंडल महामंत्री), अरविंद नगाइच (जिला संरक्षक), सुरेश वर्मा, विकास गुप्ता, रोहित कुमार, शैलेन्द्र कुमार, मु. मुहीआजम, बृजबिहारीलाल बुधौलिया, भानुप्रताप सिंह, कमल कुमार गुप्ता, उमेश मिश्रा, कृष्ण कुमार दीक्षित, उदयवीर सिंह, निरंजन, अखिलेश कुमार, मु. अख्तर खान, सुयश गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार, जगदीश कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, मु. फहीमुद्दीन सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।